अधिकतम 24 डिग्री से.
न्यूनतम 08 डिग्री से.
सूर्योदय 7.07
सूर्यास्त 5.21
सोना 24 कैरेट: 1,30,030.00
चांदी (प्रति किलो): 1,99,000
सेंसेक्स : 85,712.37
अमेरिका : 89.96
कैनेडियन : 65.04
आस्ट्रेलिया : 59.67

दैनिक **अर्थ प्रकाश**
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित



**बातों बातों में मन की बात**
*उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि*
ना ही कद बड़ा होता है और ना ही पद बड़ा होता है, बड़ा तो वो होता है जो मुसीबत में एक-दूसरे के लिए हमेशा खड़ा होता है।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, रविवार, 07 दिसंबर, 2025 | पौष कृष्ण पक्ष: द्वितीया, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 337 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12



### इंडिगो एयरलाइन के संकट मामले में केंद्र सरकार सख्त, दिए निर्देश

# पैसेंजर्स को आज रात तक रिफंड दे इंडिगो, दूसरी एयरलाइंस किराया न बढ़ाएं

**शनिवार को भी 800 से अधिक फ्लाइट कैंसिल**

**पिछले 4 दिन में करीब 2 हजार से ज्यादा फ्लाइट हो चुकी कैंसिल**

## चेतावनी: अगर निर्देशों को नहीं माना गया तो तुरंत एक्शन लिया जाएगा, 48 घंटे में यात्रियों का सामान भी लौटाए

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइन के संकट मामले में केंद्र सरकार ने चार दिन बाद शनिवार को सख्ती दिखाई। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री (एमओसीए) ने इंडिगो को निर्देश दिया है कि वह रविवार रात 8 बजे तक सभी पेंडिंग पैसेंजर रिफंड वापस करे। पैसेंजर के लगेज भी 48 घंटे में लौटाए। इसके अलावा, सरकार ने दूसरी एयरलाइन से कहा कि वह तय हवाई किराए से ज्यादा ना लें। अगर निर्देशों को नहीं माना गया तो तुरंत एक्शन लिया जाएगा। बता दें कि शनिवार को भी देश के कई एयरपोर्ट्स से लोगों ने टिकट रिफंड और सामान न मिलने की शिकायतें आईं। मुंबई एयरपोर्ट पर पैसेंजर्स को चार दिन से लगेज ना मिलने से स्टाफ से झगड़ते दिखे। इंडिगो ने कहा कि वे अपनी उड़ानों को सामान्य करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। कैंसिलेशन में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। आज 850 से भी कम फ्लाइट रद्द हुई।

**अब 500 किमी तक हवाई सफर में 7500 रुपए किराया लगेगा**

सरकार ने दूसरी एयरलाइन से कहा कि वह तय हवाई किराए से ज्यादा न लें। सरकार ने हवाई किराया फिक्स कर दिया है। अब 500 किमी तक हवाई सफर में 7500 रुपए किराया लगेगा। वहीं 500-1000 किमी तक अधिकतम 12,000, 1000-1500 किमी तक अधिकतम 15,000 और 1500 किमी से ऊपर अधिकतम 18,000 लगेंगे। हालांकि इसमें बिजनेस क्लास शामिल नहीं है।



**यह है मामला**

डीजीसी ने 1 नवंबर से पायलटों और बाकी क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े नियमों में बदलाव किए थे। इसे फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नाम दिया गया है। इन्हें दो चरणों में लागू किया गया। पहला चरण 1 जुलाई को लागू हुआ। 1 नवंबर से दूसरा चरण लागू हुआ। नए नियमों में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए पायलटों और क्रू को पर्याप्त आराम देने पर जोर दिया गया है। इस कारण इंडिगो के पास पायलट-क्रू मेंबर्स की कमी हो गई है।

**इंडिगो के ऑपरेशन में लगातार 5वें दिन शनिवार को सुधार नहीं दिखा**

इंडिगो के ऑपरेशन में लगातार 5वें दिन शनिवार को सुधार नहीं दिख रहा है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक देश के 4 बड़े एयरपोर्ट दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु समेत कई शहरों से इंडिगो की 400 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल की जा चुकी हैं। पिछले 4 दिन में 2 हजार से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हो चुकी हैं। रोजाना एवरेज 500 फ्लाइट लेट हो रही हैं।


**वीकली रेस्ट के बदले कोई भी छुट्टी न देने का फैसला वापस**

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसी) ने एयलाइंस, खासकर इंडिगो को 10 फरवरी 2026 तक अस्थायी राहत दी है। वीकली रेस्ट के बदले कोई भी छुट्टी नहीं देने के फैसले को वापस ले लिया।

# भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था: मोदी

**कहा-धीमी अर्थव्यवस्था को हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ कहने वाले अब खामोश हैं**

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जब भारत की ग्रोथ रेट 2-3 फीसदी थी, तब कुछ बुद्धिजीवियों ने इसे हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ कहा और देश की धीमी अर्थव्यवस्था का कारण हिंदू संस्कृति को बताया। मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, लेकिन वही लोग अब इस टर्म का जिक्र नहीं करते। उन्होंने कहा कि जो लोग हर बात में सांप्रदायिकता देखते हैं, उन्हें तब हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ शब्द सही लगा और वे इसे अपनी किताबों और रिसर्च पेपर्स में लिखते रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया अनिश्चितताओं से भरी है। फिर भी इस दौर में हमारा भारत एक अलग लीग में दिख रहा है। भारत आत्मविश्वास से भरा है। जब दुनिया में स्लोडाउन की बात होती है भारत ग्रोथ की कहानी लिखता है।

पीएम ने कहा कि जब दुनिया में ट्रस्ट की क्राइसिस होती है तब भारत पिलर बनता है। कुछ दिन पहले भारत के जीडीपी आंकड़े आए जिसमें 8त्न से ज्यादा ग्रोथ हो रही है। ये सिर्फ नंबर नहीं है ये स्ट्रांग मैक्रो इकोनॉमिकल सिग्नल है। यह संदेश है भारत ग्लोबल इकोनॉमी का ग्रोथ ड्राइवर बन रहा है।

### मुख्यमंत्री ने ली अधिकारियों की बैठक, दिये निर्देश

# हरियाणा के सभी सरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर पैनल लगाएं: सैनी

**पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के तहत इंस्टॉलेशन तेज करने के भी दिए आदेश**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 6 दिसंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए कि राज्य के सभी सरकारी भवनों-जैसे स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, कार्यालय, गोदाम आदि-पर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाए जाएं, ताकि राज्य को हरित ऊर्जा की ओर तेजी से अग्रसर किया जा सके। मुख्यमंत्री सिविल सचिवालय में ऊर्जा (पावर) क्षेत्र से संबंधित बजट घोषणाओं की उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को राज्य में घर-घर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के मासिक उपलब्ध आंकड़ों की भी जानकारी ली और सख्त मॉनिटरिंग और जवाबदेही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने राज्यभर में बड़े पैमाने पर अक्षय ऊर्जा के लिए सोलर पार्क विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य की प्रमुख सड़कों और राजमार्गों से पुराने और खराब बिजली खंभों को तुरंत हटाने के भी आदेश दिए, ताकि सार्वजनिक सुरक्षा बढ़े और सड़क सौंदर्य में सुधार हो।

**42,486 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन हो चुके हैं**

हरियाणा पॉवर जनरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीजीसीएल) के चेयरमैन श्यामल मिश्रा ने बताया कि 20 नवंबर 2025 तक राज्य में 42,486 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन पूरे किए जा चुके हैं। 31 मार्च 2027 तक 2,22,000 रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि डिस्कॉम ने 'सौर ऊर्जा प्रोत्साहन योजना' नाम से एक नई स्कीम भी तैयार की है, जो मुख्यत: राज्य सरकार के कर्मचारियों और नियमित रूप से बिजली बिल जमा करवाने वाले उपभोक्ताओं के लिए है। योजना को राज्य सरकार के अनुमोदन हेतु भेजा गया है और वर्तमान में विचाराधीन है।




## बंगाल में निलंबित टीएमसी विधायक ने बाबरी की नींव रखी

**मुर्शिदाबाद/कोलकाता (अप्रस)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर बनने वाली मस्जिद की आधारशिला रखी। कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंच पर मौलवियों के साथ फीता काटकर औपचारिकता पूरी की। इस दौरान नारा-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में 2 लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ जुटी। बंगाल के अलग-अलग जिलों से आए लोगों में कोई अपने सिर, कोई ट्रैक्टर-ट्रॉली तो कोई रिक्शा या वैन से ईंट लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा था।



# स्कूलों में चार साहिबजादों की शहादत को नमन करने के लिए तीन दिवसीय शैक्षिक कार्यक्रम

सत्रों का उद्देश्य–विद्यार्थियों को महान सिख इतिहास और बहादुरी की अमीर विरासत से अवगत कराना: हरजोत बैंस

शिक्षा मंत्री ने बोर्ड अधिकारियों को शैक्षिक सामग्री की ऐतिहासिक प्रमाणिकता और मर्यादा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 6 दिसंबर।** पंजाब के शिक्षा मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबज़ादों–बाबा अजीत सिंह जी, बाबा जुझार सिंह जी, बाबा ज़ोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की अतुलनीय शहादत को नमन करने के लिए पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड राज्यभर के स्कूलों में तीन दिवसीय शैक्षिक सत्र आयोजित करेगा, ताकि विद्यार्थियों को सिख इतिहास की गौरवशाली परंपरा और वीरता की समृद्ध विरासत से अवगत जा सके।

उन्होंने कहा कि चार साहिबज़ादों के जीवन और शहादत पर विशेष रूप से तैयार शैक्षिक कार्यक्रम 22 से 24 दिसंबर 2025 तक पंजाब के सभी स्कूलों (सरकारी, निजी और एडिड) में प्रातःकालीन सभा के दौरान 15 मिनट के विशेष सत्र के रूप में आयोजित किया जाएगा।

स बैंस ने पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सत्रों में उपयोग होने वाली शैक्षिक सामग्री श्रीमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एस जी पी सी) द्वारा प्रमाणित हो, ताकि उसकी ऐतिहासिक शुद्धता, मर्यादा और सम्मान सुनिश्चित किया जा सके।

शिक्षा मंत्री ने आगे बताया कि ये सत्र विद्यार्थियों को उस शौर्यपूर्ण और विलक्षण अध्याय से परिचित करवाएंगे, जिसमें श्री गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा किला आनंदगढ़ साहिब से प्रस्थान से लेकर साका सरहिंद तक के इतिहास का वर्णन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड मुख्यालय में 22 से 24 दिसंबर 2025 तक स्कूली विद्यार्थियों द्वारा कीर्तन दरबार (शाम 4.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक) आयोजित करने के साथ-साथ धार्मिक और ऐतिहासिक समारोह भी होंगे, जिनका उद्देश्य सिख शहीदों के अदम्य साहस और दृढ़ निश्चय को श्रद्धांजलि देना है। इन आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में पंजाब के इतिहास और सिख योद्धाओं की बहादुरी के प्रति भावनात्मक जुड़ाव और अधिक मजबूत किया जाएगा।

**वास्तविक शिक्षा का अर्थ केवल पुस्तकें पढ़ना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण करना है**

स हरजोत सिंह बैंस ने इस बात पर जोर दिया कि 'वास्तविक शिक्षा का अर्थ केवल पुस्तकें पढ़ना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण करना है और आने वाली पीढ़ियों को अपनी भूमि की असली पहचान तथा महान बलिदानों से जोड़ना है। साहिबज़ादों पर आधारित यह तीन दिवसीय शैक्षिक कार्यक्रम उनकी अतुलनीय शहादत को नमन करते हुए हर विद्यार्थी के भीतर साहस, वीरता और सत्य-असत्य के प्रति सजग रहने का जज्बा जगाने के लिए है।'

# जीरकपुर में होटल पार्क प्लाजा में आज पधारेंगे सिद्ध गुरुवर सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव

शक्ति चेतना उत्सव में करेंगे प्रवचनों की अमृतवर्षा

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 6 दिसंबर।** विश्वधर्म चेतना मंच, चण्डीगढ़ केन्द्र के तत्वावधान में आज सिद्ध गुरुवर सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव के दिव्य सानिध्य में चंडीगढ़ के साथ लगते जीरकपुर में शक्ति चेतना उत्सव मनाया जाएगा। उत्सव का शुभारंभ होटल पार्क प्लाज़ा अम्बाला-चण्डीगढ़ नेशनल हाईवे, जीरकपुर में रविवार को शाम 4.15 बजे से होगा। शान्ति एवं अहिंसा के अग्रदूत सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव 192 देशों में घूम-घूम कर ऐसे समाज, राष्ट्र एवं विश्व के निर्माण में संलग्न हैं जहां किसी भी प्रकार का जातिवाद, सम्प्रदायवाद नहीं है, सिर्फ मानवता है। महायोगविभूति परमात्मीय ऊर्जा सम्पन्न ऐसे 'सिद्ध गुरुवर' का इस युग में सान्निध्य मिलना हम सबका अहोभाग्य है।

सौम्य साधारण व्यक्तित्व योगविभूति सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव ने न केवल सांसारिक शिक्षा में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया अपितु आध्यात्मिक क्षेत्र में भी आगम, निगम, वेद, पुराण, गुरुग्रंथ साहिब, रामायण, बाइबिल, कुरान, उपनिषद, महाकाव्य, भगवद्गीता जैसे पवित्र दैविक शास्त्रों का पूर्ण ज्ञान प्राप्त किया। 'सिद्ध गुरुवर' सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव का सन्देश एवं उपदेश है, अपनी आत्मा को ऊपर उठाओ, शक्तिशाली बनाओ, दैविक बनाओ। तुम सब भगवान् के भेजे हुए ईश्वरीय दूत हो। तुम जन्म से ही विजेता हो और जन्मे ही हो जीतने के लिए। मैं तुमसे, परिवार से परमात्मा तक की यात्रा करवाते हुए तुम्हें मुक्त भी करवाऊंगा। जीवन को ऐसे जियो कि यह जीवन औरों और आने वाली पीढ़ी के लिए आदर्श बन जाए। जीवंत जीवन जियो। 'शिक्षा, सेवा, साधना' यही हमारा जीवन है। जीव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। धर्म ही सेवा है, सेवा ही पूजा है। 'स्व' को ऊपर उठाओ और औलोदन को उठाने में प्रेरक और सहयोगी बनो। यही है 'स्वधर्म' और 'परधर्म'। जीवन में संयम, अहिंसा, तप, दर्शन और चरित्र (कर्म) का सुन्दर समन्वय होना चाहिए ताकि हमारा जीवन आत्मदर्शन का बने, प्रदर्शन का नहीं।

संस्कृत के साथ-साथ ज्योतिष में भी डाक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। 'सिद्ध गुरुवर ऐसे महायोगी हैं, जिनकी कुंडलिनी के जन्म से ही सातों चक्र जाग्रत हैं तथा विष्णुलोक, शिवलोक व ब्रह्मलोक को प्राप्त कर ब्रह्मर्षि गुरुदेव, सिद्धेश्वर व अरिहन्त हो गए हैं। 'सिद्ध गुरुवर ने गहन तप-साधना द्वारा अष्ट सिद्धियों एवं नव निधियों को प्राप्त किया। ऋषि-मुनियों की पुरातन सिद्धियाँ, जो प्रायः लुप्त हो गई थीं, उन्हें मंत्र शक्ति और गहन साधना से खोजा और पुनः सिद्ध किया और आज भी निरन्तर अपनी साधना व तपस्या से नई-नई सिद्धियों को खोज कर पुनः सिद्ध कर रहे हैं। गुरुवर समस्त सिद्धियों का उपयोग संसार व मानवता के कल्याण हेतु कर रहे हैं। वास्तव में वे नरदेह में 'ईश्वरीय शक्ति' हैं।

यह जानकारी चंडीगढ़ के संयोजक नरेश गर्ग और सचिव अनिरुद्ध शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि निःसन्देह सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव की कृपादृष्टि एवं दुर्लभ अप्रतिम प्रार्थनाएं, सिद्धित मंत्रों का महाआशीर्वाद हमारे जीवन की दिशा व दशा दोनों बदल सकता है बशर्ते हमारा विश्वास, हमारा समर्पण, हमारा संकल्प शत-प्रतिशत हो।

**आप विधायक निज्जर का कांग्रेस पर हमला**

## हरकसिंह रावत की सिख विरोधी टिप्पणी ने सिखों के प्रति पार्टी की कभी न खत्म होने वाली नफरत को किया उजागर

कांग्रेस ने फिर सिखों का अपमान किया, पार्टी का पंजाब, सिख धर्म और सिख पहचान को निशाना बनाने का लंबा इतिहास है: निज्जर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 6 दिसंबर।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के विधायक इंदरबीर सिंह निज्जर ने उत्तराखंड के कांग्रेसी नेता हरक सिंह रावत द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। वायरल वीडियो में रावत एक सियासी रैली के दौरान एक सिख व्यक्ति का मजाक उड़ाते हुए '12 बज गए' कहते दिखाई दे रहे हैं। निज्जर ने कहा कि ऐसे बयान शर्मनाक हैं और भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में किसी भी राजनीतिक नेता को शोभा नहीं देते। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी के धर्म, पहचान, जाति या रंग का मजाक उड़ाना न सिर्फ गैर-नैतिक है, बल्कि यह कांग्रेस पार्टी की आंतरिक सिख विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह कोई अकेला मामला नहीं है, बल्कि पंजाब और सिखों के खिलाफ कांग्रेस के लंबे और दर्दनाक इतिहास की निरंतरता है। उन्होंने याद दिलाया कि देश के बंटवारे के दौरान सिर्फ पंजाब को ही विभाजित किया गया था, जिससे पंजाबी और सिख परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। बाद में पंजाब के पानी के अधिकारों पर हमला किया गया, जिसके बाद 1984 की दुखद घटनाएं, ऑपरेशन ब्लू स्टार और सिख नरसंहार हुआ। इसमें सज्जन कुमार, जगदीश टाइटलर और कमल नाथ जैसे कई कांग्रेसी नेताओं पर आरोप लगे, लेकिन फिर भी पार्टी ने उन्हें वरिष्ठ पदों से नवाजा। निज्जर ने कहा कि यह खासतौर पर परेशान करने वाली बात है कि ऐसी अपमानजनक टिप्पणियां श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के दौरान की जा रही हैं।

# हरक सिंह रावत की '12 बजे' वाली टिप्पणी कांग्रेस की सिख विरोधी मानसिकता को दर्शाती है: कंग

'12 बजे' के इतिहास को समझें कांग्रेसी नेता, सिखों ने देश की बेटियों को अब्दाली जैसे हमलावरों से बचाया था: कंग

पंजाबियों से माफी मांगें राहुल गांधी और रावत को तुरंत पार्टी से निकालें बाहर: कंग

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 6 दिसंबर।** आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद मलविंदर सिंह कंग ने कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत की कड़ी निंदा की है। दरअसल, रावत ने उत्तराखंड में एक जनसभा के दौरान सिख समुदाय के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी की थी। कंग ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पूर्व मंत्री रावत ने '12 बज गए' कहकर एक सिख व्यक्ति का मजाक उड़ाया, जो कांग्रेस पार्टी की सिखों को नीचा दिखाने और उन पर हमला करने की पुरानी मानसिकता को दर्शाता है।

कंग ने कहा कि सिखों का मजाक उड़ाना कांग्रेस पार्टी के लिए कोई नई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि चाहे हमारे ऐतिहासिक गुरुद्वारों पर तोपों और बमों से हमला करना हो, सिख बच्चों का अपमान हो, पंजाब कांग्रेस के नेताओं का शर्मनाक व्यवहार हो, या फिर हाल की तरनतारन उपचुनाव हो जहां कांग्रेस नेताओं ने गुरु तेग बहादुर साहिब की तस्वीर के ऊपर अपनी तस्वीरें लगा दीं - कांग्रेस ने लगातार सिख भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

सांसद ने हरक सिंह रावत और कांग्रेस नेतृत्व को '12 बजे' के पीछे के असली इतिहास की याद दिलाई। उन्होंने बताया कि उस समय सिख योद्धा अब्दाली जैसे हमलावरों द्वारा काबुल में अगवा की गई और बेची जा रही हिंदू बेटियों को बचाने के लिए जान की बाजी लगा देते थे। कंग ने कहा कि सिखों ने इस देश की बेटियों की इज्जत बचाने के लिए सब कुछ दांव पर लगा दिया। इस महान इतिहास का सम्मान करने की बजाय, कांग्रेसी नेता अज्ञानता और घमंड के कारण इसका मजाक उड़ाते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि इस समय गुरु तेग बहादुर साहिब का 350वां शहादत वर्ष मनाया जा रहा है, फिर भी कांग्रेस इस मौके पर सिखों का अपमान करने से बाज नहीं आती। उन्होंने सवाल उठाया कि गुरु साहिब ने सिर्फ सिखों के लिए ही नहीं, बल्कि हिंदू धर्म, संस्कृति और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया था। क्या कांग्रेस इसी तरह उस कुर्बानी का मूल्य चुका रही है?

कंग ने कहा कि कांग्रेस ने सिख विरोधी हिंसा, खासकर 1984 के नरसंहार के दोषियों को बार-बार पुरस्कृत किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली से लेकर पंजाब तक, कांग्रेस बेईमानी, नफरत और सिख विरोधी भेदभाव में डूबी हुई है।

कंग ने मांग की कि राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए। साथ ही, पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग और विपक्ष के नेता प्रताप बाजवा को भी माफी मांगनी चाहिए। इसके अलावा, हरक सिंह रावत को तुरंत कांग्रेस से बाहर निकाला जाना चाहिए।

उन्होंने चेतावनी दी कि सिख समुदाय इस तरह के बार-बार होने वाले अपमान को न तो भूलेगा और न ही माफ करेगा। पंजाब के लोग कांग्रेस का असली चेहरा जानते हैं और आने वाले समय में उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे।

## कुलतार संधवां का कांग्रेस पर तीखा हमला–कहा 84 में सिखों को जलाया, अब मजाक उड़ाते हो

हरक सिंह रावत की बदजुबानी के लिए राहुल, रावत, वड़िंग, बाजवा, चन्नी समेत पूरी कांग्रेस मांगे माफी: कुलतार सिंह संधवां

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 6 दिसंबर।** पंजाब विधान सभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत द्वारा सिखों के बारे में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सिखों के प्रति मानसिकता आज भी नहीं बदली है और रावत की इस बदजुबानी के लिए पूरी कांग्रेस पार्टी को माफी मांगनी चाहिए। संधवां ने कहा कि सिख वह कौम है जिसने सबसे ज्यादा कुर्बानियां देकर देश को आजाद कराया। उन्होंने हरक सिंह रावत को याद दिलाते हुए कहा कि '12 बज गए' तब कहा जाता था जब अब्दाली बेटियों-बहनों को लूटकर ले जाता था और सिख योद्धा रात के 12 बजे उस पर हमला करके उन्हें (बेटियों-बहनों) छुड़ाते थे।

संधवां ने सवाल किया कि क्या इस बहादुरी का मजाक उड़ाया जा रहा है? कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए संधवां ने कहा कि कांग्रेसियों ने हमेशा सिखों के जख्मों पर मरहम लगाने की जगह नमक छिड़का है। उन्होंने 1984 के सिख नरसंहार का जिक्र करते हुए कहा कि ये वही लोग हैं जिन्होंने 84 का कत्लेआम कराया, निर्दोष सिखों के गले में टायर डालकर जिंदा जलाया और बेगुनाह लोगों की हत्याएं करवाईं। संधवां ने पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग, प्रताप सिंह बाजवा, चरनजीत चन्नी, राहुल गांधी और हरक सिंह रावत से माफी की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस टिप्पणी से सभी देशप्रेमियों, इस धरती से प्यार करने वालों और संविधान का सम्मान करने वालों का दिल दुखा है।

**DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB**

Draw Time: 06:00 PM ONWARDS DATE:06/12/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 JACKAL SATURDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 50/- Per Ticket

1st Prize Amount (1) Rs. 25 Lakhs (On 5 digits with series)
[Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 25 Thousand, Total Prize Amount Rs. 26.25 Lakhs]
B 69223

2nd Prize Amount (25) Rs. 9,000/- (On 5 digits)
[Seller Prize Amount Rs. 900/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs.10,000/- each]
64389 70794 70961 92556 97703

3rd Prize Amount (50) Rs. 4,000/- (On Last 4 digits)
[Seller Prize Amount Rs. 500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 4,600/- each]
8289 8601

4th Prize Amount (125) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)
[Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs. 2,250/- each]
3447 4025 4064 9076 9711

5th Prize Amount (125) Rs. 1000/- (On last 4 digits)
[Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 1,150/- each]
0444 2056 5047 7837 8729

6th Prize Amount (125) Rs. 500/- (On last 4 digits)
[Seller Prize Amount Rs. 50/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 20/-, Total Prize Amount Rs.570/- each]
0629 0811 7016 7071 8054

7th Prize Amount (17,500) Rs. 100/- (On last 4 digits)
[Seller Prize Amount Rs. 10/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 5/-, Total Prize Amount Rs.115/- each]

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0008 | 0026 | 0037 | 0045 | 0058 | 0064 | 0087 | 0091 | 0108 | 0112 |
| 0124 | 0157 | 0165 | 0177 | 0202 | 0231 | 0233 | 0240 | 0249 | 0251 |
| 0257 | 0261 | 0276 | 0296 | 0321 | 0322 | 0335 | 0338 | 0340 | 0341 |
| 0347 | 0359 | 0368 | 0380 | 0395 | 0405 | 0415 | 0423 | 0449 | 0472 |
| 0474 | 0494 | 0500 | 0502 | 0516 | 0556 | 0560 | 0565 | 0576 | 0591 |
| 0599 | 0604 | 0606 | 0608 | 0622 | 0671 | 0672 | 0681 | 0690 | 0695 |
| 0700 | 0737 | 0738 | 0774 | 0777 | 0805 | 0861 | 0863 | 0865 | 0866 |
| 0867 | 0882 | 0917 | 0929 | 0930 | 0962 | 0971 | 0982 | 0995 | 1014 |
| 1038 | 1046 | 1061 | 1101 | 1152 | 1160 | 1177 | 1181 | 1208 | 1246 |
| 1264 | 1323 | 1327 | 1328 | 1329 | 1361 | 1363 | 1367 | 1395 | 1415 |
| 1436 | 1456 | 1465 | 1466 | 1492 | 1530 | 1540 | 1567 | 1579 | 1591 |
| 1609 | 1620 | 1640 | 1656 | 1669 | 1697 | 1705 | 1706 | 1749 | 1750 |
| 1779 | 1794 | 1799 | 1821 | 1829 | 1916 | 1954 | 1958 | 1959 | 1968 |
| 1972 | 1996 | 2020 | 2028 | 2033 | 2052 | 2074 | 2090 | 2105 | 2119 |
| 2130 | 2131 | 2160 | 2161 | 2162 | 2163 | 2201 | 2202 | 2213 | 2215 |
| 2257 | 2261 | 2264 | 2289 | 2291 | 2300 | 2314 | 2315 | 2364 | 2369 |
| 2370 | 2374 | 2399 | 2422 | 2464 | 2475 | 2484 | 2506 | 2509 | 2513 |
| 2562 | 2565 | 2581 | 2586 | 2598 | 2642 | 2665 | 2688 | 2701 | 2719 |
| 2723 | 2750 | 2754 | 2776 | 2793 | 2802 | 2810 | 2822 | 2842 | 2847 |
| 2862 | 2875 | 2890 | 2896 | 2907 | 2912 | 2949 | 2950 | 2980 | 2985 |
| 3002 | 3019 | 3021 | 3037 | 3042 | 3044 | 3075 | 3083 | 3084 | 3098 |
| 3104 | 3124 | 3139 | 3143 | 3158 | 3173 | 3187 | 3197 | 3208 | 3211 |
| 3214 | 3219 | 3248 | 3253 | 3283 | 3284 | 3289 | 3292 | 3305 | 3307 |
| 3312 | 3347 | 3384 | 3385 | 3387 | 3388 | 3415 | 3417 | 3440 | 3442 |
| 3468 | 3479 | 3485 | 3489 | 3494 | 3498 | 3500 | 3535 | 3537 | 3542 |
| 3574 | 3577 | 3580 | 3586 | 3605 | 3612 | 3631 | 3639 | 3674 | 3681 |
| 3690 | 3697 | 3705 | 3706 | 3722 | 3726 | 3727 | 3735 | 3736 | 3743 |
| 3777 | 3801 | 3819 | 3829 | 3918 | 3926 | 3937 | 3938 | 3985 | 3995 |
| 4003 | 4007 | 4020 | 4056 | 4072 | 4093 | 4123 | 4158 | 4167 | 4174 |
| 4182 | 4188 | 4198 | 4221 | 4237 | 4305 | 4321 | 4351 | 4353 | 4357 |
| 4358 | 4366 | 4387 | 4398 | 4407 | 4412 | 4413 | 4418 | 4420 | 4441 |
| 4450 | 4458 | 4461 | 4462 | 4469 | 4479 | 4480 | 4501 | 4514 | 4522 |
| 4528 | 4530 | 4544 | 4563 | 4577 | 4602 | 4608 | 4611 | 4622 | 4635 |
| 4648 | 4684 | 4688 | 4694 | 4727 | 4769 | 4773 | 4777 | 4794 | 4829 |
| 4854 | 4857 | 4858 | 4883 | 4890 | 4893 | 4926 | 4931 | 4944 | 4945 |
| 4953 | 4957 | 4968 | 4969 | 4983 | 4987 | 4999 | 5007 | 5032 | 5034 |
| 5053 | 5058 | 5061 | 5063 | 5065 | 5067 | 5098 | 5125 | 5126 | 5131 |
| 5142 | 5152 | 5168 | 5176 | 5193 | 5205 | 5209 | 5220 | 5232 | 5234 |
| 5257 | 5262 | 5267 | 5271 | 5274 | 5276 | 5287 | 5289 | 5304 | 5311 |
| 5350 | 5370 | 5375 | 5403 | 5428 | 5439 | 5442 | 5449 | 5454 | 5471 |
| 5476 | 5511 | 5520 | 5524 | 5528 | 5532 | 5534 | 5546 | 5562 | 5568 |
| 5579 | 5588 | 5590 | 5596 | 5611 | 5633 | 5649 | 5658 | 5669 | 5675 |
| 5679 | 5687 | 5693 | 5700 | 5703 | 5711 | 5725 | 5729 | 5732 | 5748 |
| 5750 | 5758 | 5779 | 5787 | 5801 | 5806 | 5823 | 5855 | 5876 | 5887 |
| 5936 | 5948 | 5966 | 5971 | 5984 | 5995 | 6005 | 6008 | 6022 | 6024 |
| 6051 | 6067 | 6108 | 6110 | 6127 | 6143 | 6145 | 6171 | 6180 | 6187 |
| 6191 | 6195 | 6203 | 6206 | 6256 | 6265 | 6308 | 6326 | 6339 | 6351 |
| 6368 | 6375 | 6382 | 6407 | 6417 | 6421 | 6433 | 6452 | 6460 | 6463 |
| 6480 | 6493 | 6509 | 6516 | 6531 | 6557 | 6573 | 6615 | 6616 | 6627 |
| 6631 | 6666 | 6698 | 6728 | 6735 | 6790 | 6804 | 6814 | 6846 | 6890 |
| 6908 | 6932 | 6941 | 6945 | 6960 | 7002 | 7018 | 7026 | 7040 | 7055 |
| 7078 | 7084 | 7128 | 7145 | 7170 | 7185 | 7186 | 7188 | 7193 | 7267 |
| 7305 | 7309 | 7318 | 7357 | 7365 | 7393 | 7420 | 7442 | 7449 | 7456 |
| 7464 | 7467 | 7474 | 7476 | 7508 | 7511 | 7512 | 7536 | 7566 | 7572 |
| 7580 | 7607 | 7635 | 7637 | 7680 | 7707 | 7716 | 7733 | 7748 | 7763 |
| 7770 | 7774 | 7813 | 7821 | 7832 | 7839 | 7847 | 7881 | 7883 | 7884 |
| 7885 | 7887 | 7890 | 7917 | 7941 | 7974 | 8025 | 8040 | 8055 | 8072 |
| 8085 | 8096 | 8099 | 8105 | 8112 | 8132 | 8189 | 8200 | 8209 | 8212 |
| 8213 | 8225 | 8235 | 8252 | 8293 | 8299 | 8335 | 8336 | 8337 | 8339 |
| 8375 | 8378 | 8438 | 8459 | 8464 | 8476 | 8477 | 8521 | 8536 | 8537 |
| 8546 | 8589 | 8591 | 8604 | 8608 | 8625 | 8632 | 8690 | 8703 | 8707 |
| 8708 | 8726 | 8734 | 8740 | 8750 | 8776 | 8803 | 8823 | 8837 | 8859 |
| 8860 | 8863 | 8876 | 8884 | 8905 | 8911 | 8915 | 8918 | 8966 | 8968 |
| 8979 | 9012 | 9017 | 9018 | 9026 | 9045 | 9049 | 9058 | 9080 | 9096 |
| 9097 | 9102 | 9103 | 9121 | 9140 | 9190 | 9201 | 9217 | 9223 | 9243 |
| 9259 | 9273 | 9295 | 9297 | 9298 | 9301 | 9325 | 9346 | 9354 | 9383 |
| 9409 | 9413 | 9420 | 9423 | 9429 | 9432 | 9434 | 9437 | 9471 | 9489 |
| 9494 | 9508 | 9524 | 9565 | 9585 | 9590 | 9593 | 9594 | 9598 | 9650 |
| 9716 | 9740 | 9763 | 9770 | 9771 | 9788 | 9792 | 9795 | 9807 | 9811 |
| 9835 | 9845 | 9848 | 9855 | 9873 | 9880 | 9960 | 9965 | 9967 | 9975 |

Issued by DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB
Kindly check the final result with Official Gazette Notification

# 'युद्ध नशों विरुद्ध': 280वें दिन 81 नशा तस्कर गिरफ्तार, 2.2 किलोग्राम हेरोइन बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 6 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा पंजाब को नशा-मुक्त बनाने के लिए शुरू की गई व्यापक मुहिम ÷युद्ध नशों विरुद्ध÷ के लगातार 280वें दिन, पंजाब पुलिस ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए 251 स्थानों पर छापेमारी की। इस राज्य-स्तरीय अभियान के दौरान 81 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया तथा 60 एफआईआर दर्ज की गई।

इस प्रकार, अभियान की शुरुआत से लेकर अब तक कुल 39,443 नशा तस्कर गिरफ्तार किए जा चुके हैं। छापेमारी के दौरान पकड़े गए तस्करों के कब्जे से 2.2 किलोग्राम हेरोइन, 6 किलोग्राम भुक्की, 198 नशीली गोलियाँ, और 4,310 रुपए की ड्रग मनी बरामद की गई।

जिक्रयोग्य है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान पहले ही पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को राज्य को नशा-रहित बनाने के लिए दृढ़ता और प्रतिबद्धता के साथ काम करने के निर्देश दे चुके हैं। नशे के खिलाफ इस लड़ाई की सीधी निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी भी गठित की गई है। इस अभियान में 57 गजटेड अधिकारियों की देखरेख में 800 से अधिक पुलिस कर्मियों की 100 से अधिक टीमें तैनात की गई, जिन्होंने पूरे राज्य में 251 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया।

ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 277 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच-पड़ताल भी की। राज्य सरकार ने नशे के उन्मूलन के लिए तीन-स्तरीय रणनीति – एनफोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन – लागू की है। इसी के तहत, 'नशा मुक्ति' अभियान के हिस्से के रूप में आज पंजाब पुलिस ने 22 व्यक्तियों को नशा मुक्ति एवं पुनर्वास उपचार के लिए तैयार किया है।

**DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES,PUNJAB**

Draw Time: 06:00 PM ONWARDS DATE : 06/12/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 200 MONTHLY LOTTERY

MRP Rs 200/- Per ticket

1st Prize Amount (1) Rs.1.50 Crore (On 6 digits)
[Seller Prize Amount Rs. 10 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 5 Lakh, Total Prize Amount Rs.1.65 Crore]
974640

2nd Prize Amount (1) Rs. 10 Lakh /- (On 6 digits)
[Seller Prize Amount Rs.1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 50,000/-, Total Prize Amount Rs.[illegible] Lakh]
992142

3rd Prize Amount (1) Rs. 5 Lakh/- (On 6 digits)
[Seller Prize Amount Rs.50,000/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 25,000/-, Total Prize Amount Rs.5.75 Lakh]
222415

4th Prize Amount (10) Rs. 9,000/- (On last 5 digits)
[Seller Prize Amount Rs. 900/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 10,000/- Each]
11492 17395 18901 22889 23901 32899 40341 42977 88124 97919

5th Prize Amount (100) Rs. 6,000/- (On last 4 digits)
[Seller Prize Amount Rs. 600/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 6,650/- Each]
0124 4479

6th Prize Amount (100) Rs. 6,000/- (On last 4 digits)
[Seller Prize Amount Rs. 600/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 6,650/- Each]
1609 9959

7th Prize Amount (200) Rs. 4,000/- (On last 4 digits)
[Seller Prize Amount Rs. 400/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 30/-, Total Prize Amount Rs. 4,430/- Each]
0492 1724 1789 4173 4941

8th Prize Amount (250) Rs. 2000/- (On last 4 digits)
[Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 35/-, Total Prize Amount Rs.2,235/- Each]
0481 5470 6090 9926 9908

9th Prize Amount (25000) Rs. 300/- (On last 4 digits)
[Seller Prize Amount Rs. 30/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 16/-, Total Prize Amount Rs.346/- Each]

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0026 | 0032 | 0041 | 0052 | 0075 | 0082 | 0111 | 0114 | 0127 | 0132 |
| 0143 | 0183 | 0194 | 0200 | 0224 | 0245 | 0322 | 0372 | 0399 | 0418 |
| 0421 | 0477 | 0486 | 0490 | 0505 | 0514 | 0546 | 0565 | 0569 | 0576 |
| 0578 | 0580 | 0600 | 0603 | 0634 | 0638 | 0660 | 0673 | 0678 | 0679 |
| 0684 | 0716 | 0724 | 0738 | 0752 | 0773 | 0779 | 0815 | 0831 | 0836 |
| 0848 | 0880 | 0917 | 0921 | 0928 | 0984 | 1008 | 1042 | 1046 | 1056 |
| 1097 | 1124 | 1131 | 1144 | 1173 | 1202 | 1206 | 1241 | 1245 | 1401 |
| 1411 | 1416 | 1436 | 1440 | 1463 | 1513 | 1523 | 1540 | 1567 | 1590 |
| 1608 | 1619 | 1623 | 1639 | 1641 | 1688 | 1693 | 1702 | 1722 | 1727 |
| 1749 | 1753 | 1765 | 1802 | 1812 | 1815 | 1824 | 1906 | 1925 | 1931 |
| 1932 | 1977 | 1984 | 1988 | 2002 | 2007 | 2012 | 2031 | 2032 | 2036 |
| 2055 | 2065 | 2095 | 2098 | 2128 | 2141 | 2165 | 2223 | 2289 | 2291 |
| 2298 | 2312 | 2321 | 2329 | 2366 | 2379 | 2490 | 2491 | 2492 | 2540 |
| 2585 | 2588 | 2591 | 2597 | 2631 | 2661 | 2688 | 2722 | 2724 | 2728 |
| 2737 | 2755 | 2781 | 2792 | 2831 | 2847 | 2873 | 2883 | 2917 | 2920 |
| 2943 | 2947 | 2983 | 3000 | 3011 | 3084 | 3098 | 3237 | 3260 | 3272 |
| 3282 | 3293 | 3315 | 3360 | 3423 | 3436 | 3446 | 3452 | 3457 | 3463 |
| 3472 | 3483 | 3491 | 3537 | 3637 | 3666 | 3678 | 3691 | 3707 | 3730 |
| 3733 | 3737 | 3744 | 3748 | 3855 | 3863 | 3867 | 3875 | 3876 | 3883 |
| 3892 | 3906 | 3942 | 3964 | 3968 | 3978 | 3989 | 4034 | 4051 | 4060 |
| 4070 | 4097 | 4101 | 4113 | 4134 | 4148 | 4166 | 4175 | 4176 | 4178 |
| 4214 | 4215 | 4266 | 4301 | 4303 | 4322 | 4425 | 4458 | 4460 | 4464 |
| 4483 | 4485 | 4514 | 4516 | 4534 | 4544 | 4546 | 4548 | 4566 | 4571 |
| 4614 | 4652 | 4665 | 4673 | 4739 | 4750 | 4763 | 4790 | 4792 | 4829 |
| 4849 | 4880 | 4881 | 4889 | [illegible] | 4897 | 4905 | 4914 | [illegible] | 4929 |
| 4942 | 4986 | 5001 | 5003 | 5031 | 5034 | 5052 | 5068 | 5083 | 5090 |
| 5100 | 5126 | 5135 | 5165 | 5216 | 5231 | 5288 | 5366 | 5377 | 5405 |
| 5407 | 5415 | 5454 | 5462 | 5464 | 5480 | 5490 | 5492 | 5503 | 5545 |
| 5557 | 5560 | 5576 | 5660 | 5705 | 5714 | 5729 | 5734 | 5742 | 5761 |
| 5778 | 5822 | 5835 | 5842 | 5848 | 5888 | 5898 | 5901 | 5917 | 5924 |
| 5931 | 5945 | 5983 | 5996 | 6051 | 6054 | 6056 | 6141 | 6156 | 6180 |
| 6207 | 6225 | 6232 | 6263 | 6286 | 6290 | 6295 | 6303 | 6317 | 6319 |
| 6384 | 6390 | 6451 | 6477 | 6501 | 6518 | 6540 | 6560 | 6564 | 6579 |
| 6582 | 6615 | 6657 | 6706 | 6756 | 6773 | 6776 | 6785 | 6795 | 6796 |
| 6820 | 6830 | 6852 | 6883 | 6910 | 6915 | 6917 | 6931 | 6954 | 6964 |
| 6977 | 6990 | 7005 | 7026 | 7055 | 7065 | 7067 | 7073 | 7074 | 7087 |
| 7097 | 7111 | 7120 | 7124 | 7128 | 7130 | 7143 | 7171 | 7181 | 7188 |
| 7197 | 7216 | 7231 | 7245 | 7251 | 7290 | 7320 | 7353 | 7371 | 7391 |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 7501 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| 7536 | 7542 | 7561 | 7571 | 7575 | 7620 | 7684 | 7687 | 7688 | 7724 |
| 7742 | 7780 | 7797 | 7800 | 7869 | 7896 | 7920 | 7973 | 7981 | 8000 |
| 8013 | 8051 | 8130 | 8150 | 8183 | 8200 | 8232 | 8241 | 8283 | 8298 |
| 8305 | 8318 | 8322 | 8358 | 8390 | 8396 | 8413 | 8445 | 8461 | 8494 |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| 8606 | 8614 | 8656 | 8678 | 8687 | 8697 | 8733 | 8738 | 8753 | 8754 |
| 8756 | 8805 | 8814 | 8817 | 8824 | 8855 | 8862 | 8863 | 8886 | 8921 |
| 8926 | 8934 | 8956 | 8968 | 8971 | 8975 | 8987 | 9011 | 9062 | 9079 |
| 9163 | 9191 | 9205 | 9242 | 9251 | 9300 | 9304 | 9351 | 9358 | 9416 |
| 9418 | 9420 | 9488 | 9503 | 9535 | 9580 | 9592 | 9613 | 9624 | 9667 |
| 9695 | 9712 | 9772 | 9797 | 9853 | 9882 | 9905 | 9940 | 9961 | 9966 |

DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB
Check the final result with Official Gazette Notification

**आप सांसद ने लोकसभा में उठाई बाढ़ पीड़ितों की आवाज़!**

## पंजाब के लिए मांगा तत्काल 50,000 करोड़ रुपये का पैकेज, भाजपा सरकार पर किया तीखा हमला–पंजाब के लिए खज़ाने का मुंह बंद क्यों?

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़ , 5 दिसंबर।** आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा की जा रही घोर उपेक्षा और भेदभाव को संसद में बेनकाब किया है। आप सांसद मलविंदर सिंह कंग ने बुधवार को लोकसभा सत्र के दौरान पंजाब में हुए भारी नुकसान का मुद्दा उठाया और बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए तत्काल 50,000 करोड़ रुपये का विशेष राहत पैकेज जारी करने की मांग की।

आनंदपुर साहिब से सांसद कंग ने सीधे तौर पर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित छह जिलों के 2,500 गाँवों को दो महीने बीत जाने के बाद भी केंद्र से एक रुपया भी नहीं मिला है।

सांसद कंग ने सदन को बताया कि कुछ महीने पहले पंजाब में आई भयंकर बाढ़ ने लगभग 2,500 गाँवों को पूरी तरह तबाह कर दिया है और 5 लाख एकड़ से अधिक फसलें बर्बाद हो गई हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सबसे गंभीर असर सीमावर्ती (बॉर्डर) जिलों में पड़ा, और याद दिलाया कि ये वही जिले हैं जिनके लोगों ने 'ऑपरेशन संदूर' के दौरान भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश की लड़ाई लड़ी थी। कंग ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और भारत सरकार के तमाम मंत्री बाढ़ के बाद पंजाब का दौरा करने आए, लेकिन दो महीने बाद भी इन छह जिलों के लोगों को दोबारा पैरों पर खड़ा करने के लिए कोई आर्थिक मदद नहीं दी गई।

उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए केंद्र की दोहरी नीति पर सवाल उठाया-'जब बिहार में चुनाव होते हैं तो आप 50,000 करोड़ रुपये, 70,000 करोड़ रुपये और यहाँ तक कि 90,000 करोड़ रुपये के पैकेज की बोलियाँ लगाते हैं।' उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि पंजाब, जिसने देश की आज़ादी की लड़ाई में और देश के अन्न भंडार को भरने में सबसे बड़ा योगदान दिया, उसे संकट के समय अकेला छोड़ दिया गया है। उन्होंने इसे 'सबसे बड़ा भेदभाव' बताया और इसके लिए बीजेपी सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

सांसद कंग ने हरियाणा और राजस्थान की सरकारों की भी आलोचना की, जो पंजाब के पानी का हिस्सा मांगती हैं, लेकिन आपदा के इस समय में पंजाब का साथ देने में विफल रहीं। आप सांसद ने बीजेपी सरकार से तत्काल 50,000 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह राशि पंजाब के बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए, जिनके घर, अस्पताल, सड़कें और पूरा बुनियादी ढांचा नष्ट हो गया है, और जिनकी 5 लाख एकड़ फसलें बर्बाद हो गई हैं, बेहद ज़रूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह फंड खासकर सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को फिर से अपने पैरों पर खड़ा होने और खुद का पुनर्वास करने में मदद करेगा, जो राष्ट्र के लिए लड़ते हैं। आप सरकार इस अन्याय के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगी और केंद्र को पंजाब का हक़ देना ही होगा।

### मुख्यमंत्री ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया नमन

# बाबा साहेब की शिक्षाएं समाज को सदैव करती रहेंगी प्रेरित: नायब सैनी

समानता, न्याय और मानवाधिकारों के प्रति बाबा साहेब का अदम्य संकल्प हमारी पीढ़ियों को देता रहेगा सही दिशा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 6 दिसंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को संविधान निर्माता और आधुनिक भारत के शिल्पी डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब के विचार, सिद्धांत और संघर्ष न केवल भारतीय समाज बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनके जीवन का हर अध्याय हमें यह सीख देता है कि कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ इच्छाशक्ति, शिक्षा और समानता के प्रति समर्पण से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने भारत के संविधान में न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को स्थापित किया बल्कि समाज के हर वर्ग को समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करने की नींव रखी। उन्होंने सामाजिक भेदभाव के खिलाफ निरंतर संघर्ष किया और शिक्षा को सामाजिक उन्नति का सबसे प्रभावी माध्यम बताया।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब की शिक्षाएं और उनके विचार समाज को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। समानता, न्याय और मानवाधिकारों के प्रति उनका अदम्य संकल्प हमारे मार्ग को निरंतर प्रकाशमान करता रहेगा।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार डॉ. अंबेडकर के आदर्शों पर चलते हुए समाज के वंचित, आर्थिक रूप से कमजोर और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा तथा अवसरों की समानता सुनिश्चित करने के लिए कई कल्याणकारी नीतियाँ चलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने नागरिकों को डॉ. अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेते हुए आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने में अपना योगदान देने का आह्वान किया।

### युवा पत्रकार मानसी को खेलों में कांस्य पदक जीतने पर किया सम्मानित

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** हरियाणा पत्रकार संघ ने आज करनाल की युवा पत्रकार कुमारी मानसी को खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कांस्य पदक जीतने पर सम्मानित किया है। कुमारी मानसी सागर की लहरें चैनल से जुड़ी हैं। करनाल के विधायक जगमोहन आनन्द इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे और उन्होंने मानसी को सम्मानित करते हुए उन्हें 5100 रुपये का नगद पुरस्कार भी दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार खेलों में बढ़ावा देने के लिए युवा खिलाडियों के लिए नई-नई योजनाएं लागू कर रही है। श्री जगमोहन आनन्द ने कहा कि वे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को भी मानसी द्वारा कांस्य पदक जीतने की जानकारी देंगे और यह भी प्रयास करेंगे उन्हें सरकारी स्तर पर क्या सहयोग किया जा सकता है। इस अवसर पर हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष के.बी. पण्डित ने घोषणा की कि पत्रकार जिस भी क्षेत्र में चाहे वो साहित्य, कविता, लेखन, गायन एवं नृत्य हो में प्रतिभाशाली पत्रकारों को प्रोत्साहन भी देगा।

# नवंबर में रेल मंडल अम्बाला की आय में 28.35 प्रतिशत की बढ़ोतरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अंबाला, 6 दिसंबर।** रेल मंडल अम्बाला के अधीन विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर नवंबर माह में की गई सघन टिकट जांच के दौरान रेलवे ने अवैध एवं बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों से 5.38 करोड़ रुपए वसूले। यह राशि नवंबर 2024 में प्राप्त 4.27 करोड़ रुपए की तुलना में 25.74% अधिक है।

इस जुर्माना राशि के अलावा कुल आय में भी इस वर्ष उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। नवंबर 2024 में मंडल की कुल आय 26.19 करोड़ रुपए थी, जो इस वर्ष नवंबर 2025 में बढ़कर 33.61 करोड़ रुपए तक पहुंच गई–यानी 28.35% की वृद्धि।

**टिकट जांच में सुनील कुमार का प्रदर्शन सबसे बेहतरीन रहा**

टिकट जांच अभियान में रेल मंडल के कई अधिकारियों ने उत्कृष्ट कार्य किया, जिनमें विशेष रूप से

उप-मुख्य टिकट निरीक्षक सुनील कुमारः इन्होंने 2,913 मामलों की जांच कर 15,77,000 रुपए की वसूली की और नवंबर माह में उच्चतम राजस्व योगदान दिया। वहीं उप-मुख्य टिकट निरीक्षक सिमरनजीत सिंह ने 2,266 मामलों की जांच कर 13,72,320 रुपए की वसूली की।

**अन्य श्रेणियों से प्राप्त राजस्व**

कूड़ा-कचरा निवारण के 349 मामलों से 75,500 रुपए, धूम्रपान व बिना बुक किए सामान के 31 + 28 मामलों से कुल 7,498 रुपए, बिना टिकट यात्रा के 40,656 मामलों से 3,00,07,795 रुपए, अनियमित टिकट मामलों के 50,439 मामलों से 2,37,13,183 रुपए

**यात्री सुविधाओं पर मंडल की प्रतिबद्धताः** सीनियर डीसीएम नवीन कुमार ने बताया कि उत्तर रेलवे अम्बाला मंडल यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। साथ ही यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे यात्रा से पूर्व उचित टिकट अवश्य प्राप्त करें और नियमों का पालन करें

## न्यूज़ ब्रीफ

### अवैध हथियार व रौंद के साथ दो युवक गिरफ्तार



**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने चौटाला रोड से सेक्टर 29 जाने वाली सड़क पर गश्त के दौरान दो युवकों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान डाहर निवासी अभिषेक उर्फ शेखा और सोमबीर उर्फ सुखा के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक देसी पिस्तौल और दो जिंदा रौंद बरामद किए। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि संदिग्ध युवक चौटाला रोड से सेक्टर 29 की ओर आ रहे हैं और उनके पास अवैध हथियार होने की संभावना है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रणनीति बनाकर मौके पर नाका लगाया। कुछ देर बाद दोनों युवक पैदल आते दिखाई दिए, जिन्हें रोककर तलाशी लेने पर अभिषेक की जेब से एक अवैध देसी पिस्तौल और सोमबीर की जेब से दो जिंदा रौंद मिले। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वह आपस में दोस्त हैं। अभिषेक ने बताया कि गांव में रंजिश के चलते उसने करीब एक वर्ष पहले मतलौडा अनाज मंडी में मिले अमित नामक युवक से 6 हजार रुपये में पिस्तौल और रौंद खरीदे थे। शुक्रवार को दोनों हथियार लेकर सेक्टर 29 की ओर जा रहे थे, तभी पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया। पूछताछ के बाद शनिवार को उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि अभिषेक पर लड़ाई–झगड़े का मामला इसराना थाने में दर्ज है और वह बेल पर बाहर है। सोमबीर पर रोहतक सदर थाने में हत्या का मामला दर्ज है और वह भी दो महीने पहले ही बेल पर बाहर आया है।

### रक्तदान से दिमाग पर भी पड़ता है सकारात्मक असरः कोहली

**बराड़ा (अप्रस/जयबीर राणा थंबड)।** कस्बा बराडा में एच डीसी बैंक व सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के सयुक्त प्रावधान से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि नगरपालिका चेयरमैन रजत मालिक और विशिष्ठ अतिथि बीडीपीओ सुशील कुमार मंगला द्वारा ज्योति प्रज्वलित कर के की गई। बैंक के शाखा प्रबंदक वैभव कोहली,अरविन्द सिंह और अनुराग शर्मा ने अतिथियों को फूलो के गुलदस्ते देकर स्वागत किया। इस रक्तदान शिविर में 23 रक्तवीरों ने रक्तदान के इस पुण्य के कार्य में अपना सहरानीय योगदान दिया। इस विशेष रक्तदान शिविर में विकास सैनी ने 15वी, शुभम ने 10वी, सौरभ ने 9वी, रवि कुमार ने 10वो, केशव बजावा ने 7वी और साहिल ने 5वी बार रक्तदान किया। इस अवसर पर वैभव कोहली ने कहा कि रक्तदान करने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है साथ ही तनाव और नकारात्मक विचार दूर रहते हैं। नियमित रूप से रक्तदान करने से शरीर में इकट्ठे होने वाले आयरन की मात्रा में कमी आती है 7 जिससे हार्ट अटैक का जोखिम कम होता है। सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के प्रदेशाध्यक्ष पवन कुमार पराशर ने सभी रक्तदाताओं के इस पुण्य के कार्य में सयोग के लिए तहे–दिल से धन्यवाद किया और भविष्य में भी रक्दान करने की कामना की। उन्होंने ट्रस्ट की को–स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से सभी रक्तदाताओं को बूस्टर गिफ्ट पैक उपहार स्वरूप देकर सम्मानित किया।

### कालपी साहा मार्ग बनकर तैयार आवाजाही शुरू

**मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)।** लगभग 25 दिनों से बंद पड़े कालपी–साहा रोड का निर्माण कार्य आखिरकार पूरा हो गया है। शुक्रवार रात इस मार्ग को आम आवाजाही के लिए खोल दिया गया, जिसके बाद स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने राहत महसूस की है। यह सड़क लंबे समय से खराब हालत में थी, जिसके कारण इसे दोनों दिशाओं से बंद कर मरम्मत कार्य शुरू किया गया था। निर्माण के दौरान अंबाला और साहा की ओर जाने वाले लोगों को नेशनल हाईवे–344 से साहा बाईपास होकर गुजरना पड़ रहा था, जहाँ प्रतिदिन भारी जाम लगता था। इससे यात्रियों को समय की बर्बादी और लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिससे उन्हें अपने गंतव्य तक जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था । अब सड़क पूरी तरह तैयार हो गई है और यातायात बहाल कर दिया गया है। इसके खुलते ही लोगों को साहा चौंक पर लगने वाले जाम से काफी राहत मिलेगी है और सफर पहले की तुलना में अधिक सुगम और तेज हो गया है। अंबाला जाने वाले तथा मुलाना की ओर आने वाले वाहन चालकों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। साथ ही साहा चौक से अनाज मंडी के सामने होकर नेशनल हाईवे पर जाने वाले मार्ग पर लगने वाले भारी जाम से भी छुटकारा मिल गया है। हालांकि सड़क का अंतिम फिनिशिंग कार्य अभी जारी है, जिसे जल्द पूरा किए जाने की संभावना है।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप भारद्वाज कश्यप ने सीएम से मुलाकात की



अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 6 दिसंबर।** आल इंडिया कश्यप राजपूत पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अनूप भारद्वाज कश्यप नें प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी से उएनके निवास पर मुलाकात की। उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने इस अवसर पर अमर शहीद बाबा मोती राम मेहरा जी के वार्षिक शहीदी दिवस पर 25 से 27 दिसंबर तक फतेहगढ़ साहब पंजाब में आयोजित कार्यक्रम में आने के लिए न्यौता दिया। श्री भारद्वाज ने मुख्यमंत्री को 12 से 14 दिसंबर तक इंदर धनुष ऑडिटोरियम पंचकूला में आयोजित राष्ट्रीय आयुर्वेदिक महोत्सव कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री जी ने दोनों कार्यक्रमों में आने का निमंत्रण स्वीकार किया ओर अपनी तरफ से भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया।

## नोएडा में हुई क्यूबिंग प्रतियोगिता में करनाल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 6 दिसंबर।** नोएडा में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की क्यूबिंग प्रतियोगिता में करनाल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शहर का नाम रोशन किया। दिल्ली क्यूबर्स लीग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर से बच्चों ने भाग लिया, जिनमें करनाल के 13 छात्रों ने हिस्सा लिया और सभी छात्रों ने शानदार जीत दर्ज की। करनाल के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आईशाइन- द होलिस्टिक लर्निंग हब की ओर से प्रतिभाग करने वाले इन बच्चों ने अपनी अद्भुत गति, सटीकता और समस्या-समाधान क्षमता से सभी को प्रभावित किया। प्रतिभागी छात्र यथार्थ मेहता, रायशा चौधरी, दिव्यम चौधरी, रयानवीर अरोड़ा, सानवी सचदेवा, मायशा गोयल, आएरा गोयल, अव्यान गोयल, सर्वस्व आर्या, अवीर जिंदल, वेदांक जैन, आधवी अग्रवाल तथा धृति भारद्वाज ने कई ट्रॉफियाँ, मेडल और पुरस्कार जीतकर यह साबित किया कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। प्रतियोगिता में मौजूद अभिभावकों ने भी बच्चों के प्रदर्शन पर अपार हर्ष व्यक्त किया। आईशाइन - द होलिस्टिक लर्निंग हब के संचालक आदित्य भारद्वाज व गरिमा भारद्वाज ने दिल्ली क्यूबर्स लीग का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ बच्चों को नई चुनौतियाँ स्वीकार करने, कौशल विकसित करने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करती हैं। उनका कहना है कि इस सफलता ने उनके मिशन को और मजबूत किया है तथा संस्थान आगे भी करनाल के और अधिक बच्चों को क्यूबिंग, वैदिक गणित, अबेकस और अन्य कौशल-आधारित क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा।

### दया गुप्ता मानव मंदिर द्वारा श्रीमद्भागवत कथा 8 से 14 तक

**कैथल (अप्रस)।** नारायण सेवा संस्थान के नारायण सेवा केंद्र दया गुप्ता मानव मंदिर द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन 8 से 14 दिसंबर तक हनुमान वाटिका में किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय शाखा प्रमुख डॉ. विवेक गर्ग ने जानकारी दी कि कथा की शुभ शुरुआत 8 दिसंबर को प्रातः 11:30 बजे मंगल कलश यात्रा के साथ होगी। इसके पश्चात 1 बजे से 2 बजे तक कथा का उद्घाटन सत्र आयोजित किया जाएगा तथा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद स्वरूप भंडारे की व्यवस्था रहेगी। कथा का वाचन परम श्रद्धेय यमुनापुरी जी महाराज के मुखारविंद से 9 से 13 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 3 से सायं 6 बजे तक किया जाएगा।

## सुरक्षा के साथ सेवा भी: डीएसपी सफीदों व एसएचओ ने मिलकर कराया पार्क का जीर्णोद्धार

अर्थ प्रकाश/विनय दीवान



**सफीदों, 6 दिसंबर।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक जींद कुलदीप सिंह आईपीएस के नेतृत्व में ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत उप पुलिस अधीक्षक सफीदों गौरव शर्मा व प्रबंधक अफसर थाना शहर सफीदों निरीक्षक दिनेश कुमार द्वारा रामसर पार्क सफीदों का जीर्णोद्धार किया गया ।इस पार्क में इससे पहले घास झाड़ियां व अन्य प्रकार की पौधे उगे हुए थे जिसके कारण यह नशेड़ियों और आवारा लड़कों का प्रमुख अड्डा बना हुआ था उप पुलिस अधीक्षक सफीदों ने अपनी चेकिंग के दौरान इस हॉट स्पॉट रामसर पार्क की हालत देखी तो उन्होंने प्रबंधक अ?सर थाना शहर सफीदों निरीक्षक दिनेश कुमार के साथ मिलकर रामसर पार्क के जीर्णोद्धार की योजना बनाई तथा उनकी मेहनत रंग लाई और उसमें घास व झाड़ियों इत्यादि को कटवाकर सारे पार्क को स्वयं भी साथ लगकर साफ करवाया ताकि आमजन पार्क में आराम से टहल सके । तथा महिलाएं व लड़कियां भी पार्क में घूम सके । पार्क की सफाई करके उप पुलिस अधीक्षक सफीदों गौरव शर्मा ने नशेड़ियों ओर आवारा किस्म के लड़कों से छुटकारा दिलाने में अहम भूमिका निभाई है सफीदों की जनता ने गौरव शर्मा उप पुलिस अधीक्षक सफीदों और श्री दिनेश कुमार प्रबंधक अवसर शहर सफीदों का तहेदिल से धन्यवाद किया ।तथा पुलिस द्वारा किया गया यह नेक कार्य सारे शहर सफीदों में चर्चा का विषय बना हुआ है। सफीदों में इस रामसर पार्क जहां पर लाइट की कोई व्यवस्था नहीं थी वहीं उप पुलिस अधीक्षक सफीदों व थाना शहर सफीदों की पुलिस द्वारा प्रशासन के सहयोग से पार्क बिजली की लाइट ठीक करवाई गई तथा साफ सफाई करवाई गई जिससे आम आदमी को पार्क में घूमने फिरने में कोई परेशानी ना हो।

## गंदगी का घर बना पिहोवा सरस्वती महिला घाट

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य




**पिहोवा, 6 दिसंबर।** लाखों रुपए खर्च करके सरकार ने सरस्वती तीर्थ पर एक छोर पर महिलाओं के स्नान के लिए महिला घाट बनाया है। परंतु इस घाट में महिलाएं स्नान करती ही नहीं। क्योंकि यहां पर गंदगी की भरमार है । गंदगी के इस कदर ढेर लगे पड़े हैं कि यहां पर जाने को किसी का मन ही नहीं करता। इस घाट को नशेड़ियों ने नशे का अड्डा बनाया हुआ है। स्मैक पीने वाले शराबी न जाने कितनी प्रकार का नाश करने वाले युवक यहां पर अपने नशे की लत पूरी करते हैं।

इतना ही नहीं इसके प्लेटफार्म सीढ़ियों पर लगे गंदगी के ढेर बता रहे हैं कि यहां पर महीनों से सफाई नहीं हुई। कहने के लिए इस सरोवर के घाटों की सफाई करने के लिए दर्जनों सफाई कर्मचारी लगाए हुए हैं। परंतु सफाई के नाम पर यहां कुछ भी नहीं है। इतना ही नहीं इस घाट पर प्रकाश व्यवस्था के लिए लाखों रुपए की लागत से लाईटें लगाई गई ।परंतु यह लाइटें एक दिखावे की वस्तु बनी हुई है ।प्रारंभ में यहां पर छोटी लाइट लगाई गई थी। जिन पर घड़े नुमा बड़े बल्ब लगाए गए थे। परंतु इन बल्बों को व इन सौंदर्य के प्रतिक घड़े को नशेड़ी उखाड़ ले गए। बिना बल्बों के यह छोटे पोल अब केवल अपनी दास्तान सुनने के लिए ही रह गए हैं। इसके बाद यहां पर बड़े-बड़े पोल लगाकर प्रकाश व्यवस्था की गई। परंतु यह प्रकाश व्यवस्था भी ठप पड़ी है । महीनों से लगाई गई बड़ी लाइट जली ही नहीं। लाइटों के बिना यहां पर अंधेरा बना रहता है। जिस कारण यहां पर नशेड़ी लोग अवैध कार्य करते रहते हैं ।सरस्वती तीर्थ पर जय गीर वाला घाट में बना यह महिला घाट अपनी। दर्द भरी कहानी रो-रो कर सुना रहा है। परंतु इसके दर्द को सुनने वाला कोई भी नहीं है।

## अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर 21 कुंडीय यज्ञ, पर्यावरण शुद्धि का दिया संदेश

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड

**बराडा, 6 दिसंबर।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि (महापरिनिर्वाण दिवस) पर शुक्रवार को बराड़ा का वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज उठा। सनराइज पैलेस में सामाजिक समरसता और पर्यावरण शुद्धि के संकल्प के साथ 21 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। जगतगुरु त्रिपुरा पीठाधीश्वर 1008 हरिओम जी महाराज के सान्निध्य में हुए इस अनुष्ठान का मूल उद्देश्य समाज में व्याप्त भेदभाव को मिटाकर विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाना था।

सुबह 9 बजे शुरू हुए इस 21 कुंडीय महायज्ञ कार्यक्रम में सभी 36 बिरादरियों और धर्म संप्रदाय के लोगों ने भागीदारी निभाई। स्वामी हरिओम जी महाराज ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए यज्ञ को पर्यावरण संरक्षण का वैज्ञानिक आधार बताया। उन्होंने कहा, यदि गाय के घी और विशिष्ट औषधियों के साथ एक घंटा यज्ञ किया जाए, तो विज्ञान भी मानता है कि आसपास का 100 गज का क्षेत्र एक महीने तक संक्रमण और बैक्टीरिया से मुक्त हो जाता है। दूषित होते वातावरण और बीमारियों की वापसी रोकने के लिए यह प्रक्रिया अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में मौजूद अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय मंत्री स्वामी कृष्णानन्द महाराज ने भी यज्ञ को सनातन परंपरा में प्रकृति रक्षण का सर्वश्रेष्ठ उपाय बताया। आयोजन का समन्वय केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री के मीडिया सलाहकार सुनील भारद्वाज ने किया। यज्ञ में आहुति देने के लिए राजनीतिक और प्रशासनिक हस्तियां एक साथ नजर आईं। मौके पर विधायक पवन खरखोदा, पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा और डीएसपी सुरेश कौशिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# न्यूटन स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में हुआ शिक्षा के साथ साथ संस्कारों पर भी मंथन

शिक्षा व खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्रों को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 6 दिसंबर।** मानस रोड स्थित न्यूटन पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया। कार्यक्रम में शिक्षा व खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर मुख्यातिथि के रुप मे अमरपाल राणा चेयरमैन हरियाणा सहकारी कृषि एवं ग्रामीण बैंक पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष शेर सिंह प्रजापति एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रवीण प्रजापति ने की। प्राचार्य रेखा रानी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्यातिथि ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए और अभिभावकों से भी अनुरोध किया कि वे बच्चों की अच्छी परवरिश के साथ ध्यान दें कि बच्चे मोबाइल को लत न बना लें। उन्होंने कहा की स्कूल संचालक प्रवीण प्रजापति व स्टाफ बच्चों को चहुमुखी विकास, देश भक्ति की भावना व अच्छे संस्कार देने का प्रयास करते हैं। उन्होने कहा कि शिक्षा के साथ आज जरुरत हैं अच्छे संस्कारों की ओर वो शिक्षा स्कूलों से ही मिलती है। माता पिता के साथ साथ एक शिक्षक भी बच्चों को अच्छे संस्कार देता है। इसलिए अध्यापकों को राष्ट का निर्माता भी कहा जाता है। उन्होने स्कूल के संचलाक प्रवीण प्रजापति, शिक्षकों व बच्चों को बधाई दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुवात सरस्वती वंदना से की गई। कार्यक्रम का थीम 'उड़ान' था। बच्चों ने थीम सॉग पर डांस कर बहुत ही अनोखा अंदाज में एकता को दर्शाया। इस कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा हिमाचली, हरियाणवी, पंजाबी, गुजराती संस्कृति की शानदार किया प्रस्तुती देकर अभिभावकों का मन मोह लिया। विशेष रूप से सरदार दीदार सिंह की टीम द्वारा गतका का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। साथ ही साथ शिक्षा व खेलों के क्षेत्र में और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियो को इस मौके पर सम्मानित भी किया गया। मंच संचालन अध्यापिका पूजा व छात्रा पारुल ने संयुक्त रुप से किया। इस मौके पर मार्किट कमेटी चेयरमैन सतीश शर्मा सिरटा, पूर्व चेयरमैन अरुण सर्राफ, शमशेर सैनी, सुरेंद्र जांगडा, अवधेश किशोर, काला, बलबीर सिंह , गुरुदेव प्रजापति, जोगिंद्र ढुल, कुलदीप पूनिया, महेंद्र सिंह, बलिन्द्र संधू, महीपाल कौशिक, सुरेन्द्र अरोड़ा, मनोज शर्मा, विनोद नौकवाल, मनोज प्रजापति, खुशीराम प्रजापति, सागर, अमित, आयुष गर्ग, सतबीर शर्मा, प्रदीप सुभाष, विनोद धीमान साहित सैंकड़ों की संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

### केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ने किया इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल का उद्घाटन

# भारत आत्मनिर्भर विज्ञान की ओर बढ़ रहा है, विज्ञान में आत्मनिर्भरता अब सिर्फ एक सपना नहीं: डा. जितेंद्र सिंह

कहा पोलर रिसर्च से लेकर डीप टेक तक, फेस्टिवल भारत के बढ़ते साइंस इकोसिस्टम को दिखाता है

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला, 6 दिसंबर।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज पंचकूला में चार दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल को तीन 'सी' - सेलिब्रेशन, कम्युनिकेशन और करियर - के इर्द-गिर्द बताते हुए इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत की वैज्ञानिक प्रगति सिर्फ़ लैब तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि नागरिकों, छात्रों और युवा प्रोफेशनल्स को भी इसमें सार्थक तरीके से शामिल करना चाहिए। फेस्टिवल का 11वां एडिशन 6 से 9 दिसंबर तक हो रहा है। हरियाणा के सोशल जस्टिस और एम्पावरमेंट मिनिस्टर कृष्ण बेदी भी मौजूद थे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल को एक रूटीन एकेडमिक गैदरिंग के तौर पर नहीं, बल्कि एक ओपन, पब्लिक-फेसिंग प्लेटफॉर्म के तौर पर सोचा गया था जो साइंस को लोगों के करीब लाता है। उन्होंने कहा कि यह फेस्टिवल वैज्ञानिकों और साइंटिफिक रिसर्च के टारगेटेड लाभार्थियों के बीच बातचीत को बढ़ावा देता है, जो साइंस मंत्रालयों और विभागों के बीच ज़्यादा कोऑर्डिनेशन और तालमेल पर सरकार के ज़ोर को दिखाता है।

तीन ÷सी÷ के बारे में विस्तार से बताते हुए मिनिस्टर ने कहा कि फेस्टिवल भारत की साइंटिफिक यात्रा और सभी सेक्टरों में उपलब्धियों का जश्न मनाता है, एकेडमिक और रिसर्च संस्थानों से परे साइंटिफिक ज्ञान को कम्युनिकेट करता है, और युवा पार्टिसिपेंट्स के लिए करियर डिस्कवरी प्लेटफॉर्म के रूप में काम करता है। उन्होंने बताया कि स्टूडेंट्स, रिसर्चर्स और पहली बार सीखने वालों को फेस्टिवल के दौरान स्ट्रक्चर्ड सेशन के साथ-साथ इनफॉर्मल नेटवर्किंग के जरिए रिसर्च, स्टार्टअप और इंडस्ट्री में उभरते अवसरों के बारे में जानने का मौका मिलता है।

**साइंस फेस्टिवल ग्राउंड हाई-टेक सुरक्षा जोन में तब्दील**

सेक्टर–5 स्थित दशहरा ग्राउंड में 6 से 9 दिसंबर तक आयोजित हो रहे 11वें इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल के सुचारु संचालन और आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पंचकूला पुलिस ने पुख्ता सुरक्षा बंदोबस्त किए हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को बहु–स्तरीय बनाते हुए पूरे परिसर को हाई–टेक सर्विलांस और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ कवर किया गया है। फेस्टिवल स्थल और आसपास के क्षेत्रों में कुल 417 पुलिसकर्मियों को सुरक्षा की निगरानी के लिए तैनात किया गया है। इनमें डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता, डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन, 5 एसीपी, और 13 इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी स्वयं स्थिति की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सुरक्षा तंत्र को दो हिस्सों में बांटा गया है, जिसके तहत कुल 420 पुलिसकर्मियों में से 320 पुलिसकर्मी फ़ेस्टिवल परिसर के अंदर और 100 पुलिसकर्मी बाहरी क्षेत्रों, पार्किंग और एंट्री–एग्ज़िट ज़ोन में सुरक्षा दायित्व संभाल रहे हैं। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि पूरे आयोजन स्थल को आधुनिक तकनीक से लैस किया गया है। परिसर के अंदर 328 कैमरे, जबकि बाहर 58 कैमरे लगाए गए हैं, जो लगातार गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। बाहरी क्षेत्र में 10 सोलर कैमरे भी स्थापित किए गए हैं। सुरक्षा संचालन को बेहतर समन्वय देने के लिए 3 कोऑर्डिनेशन रूम बनाए गए हैं, जहां से सभी गतिविधियों पर रियल–टाइम निगरानी रखी जा रही है।

## हरजोत बैंस ने नंगल के ज़मीन विवाद को सुलझाने का लिया संकल्प, बीबीएमबी के दावे को गैर–कानूनी बताया

आपके घरों और दुकानों की सुरक्षा मेरी ज़िम्मेदारी है: बैंस ने नंगलवासियों को दिलाया भरोसा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 6 दिसंबर।** नंगल वासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए सख़्त रुख अपनाते हुए पंजाब के शिक्षा मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने लंबे समय से चले आ रहे ज़मीन विवाद को स्थायी रूप से सुलझाने का दृढ़ निश्चय किया है।

स बैंस ने नंगल शहर से अपने गहरे भावनात्मक संबंधों को व्यक्त करते हुए इसे ÷पंजाब और देश का सबसे सुंदर शहर÷ बताया। उन्होंने कहा कि नंगल के लोगों की रोज़ी-रोटी को बचाना उनका प्रथम दायित्व है। किल्न एरिया बाज़ार और पहाड़ी मार्केट जैसी महत्वपूर्ण जगहों पर बीबीएमबी द्वारा किया जा रहा ज़मीन का दावा पूरी तरह अनुचित है और शहर की जीवन-रेखा के लिए बड़ा ख़तरा भी।

एक वीडियो संदेश में शिक्षा मंत्री ने बताया कि हाल ही में उन्होंने नंगल के बुजुर्गों और दुकानदारों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि यह जानकर उन्हें गहरा दु:ख पहुंचा कि लोग कई दशकों से भय और असुरक्षा में जी रहे हैं। हर समय यह डर बना रहता है कि उनकी छत और आजीविका किसी भी समय छिन सकती है, जो कि बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि हाल ही में एक दुकान से जुड़ा हाई कोर्ट का आदेश इस मामले के तत्काल समाधान की ज़रूरत को और स्पष्ट करता है।

नंगलवासियों को भरोसा दिलाते हुए उन्होंने कहा, ÷आपने मुझ पर जो विश्वास जताया है, वह मेरे लिए आदेश है। नंगल का बेटा होने के नाते, यहां की हर छत और हर दुकान की सुरक्षा मेरी ज़िम्मेदारी है।÷

इस विवाद के त्वरित समाधान को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए स बैंस ने बताया कि एडवोकेट जनरल सहित पंजाब के वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय समिति ज़मीन से जुड़े सभी रिकॉर्ड की जांच कर आगे की कार्यवाही को गति देगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगले सप्ताह वे नंगलवासियों के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान से भी मुलाकात करेंगे।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि संबंधित ज़मीन पंजाब सरकार की है और बीबीएमबी द्वारा लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। मंत्री बैंस ने कहा कि सरकार का उद्देश्य कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से नंगलवासियों के अधिकार बहाल करना और इस समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि भविष्य में उन्हें किसी भी तरह की परेशानी न झेलनी पड़े। यह उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### कांग्रेस की सिख-विरोधी मानसिकता फिर हुई बेनकाब

## कांग्रेसी नेता इतिहास से अनजान, सिखों की बहादुरी और कुर्बानियों को तुच्छ समझते हैं: बलतेज पन्नू

'आप' ने हरक सिंह रावत को पार्टी से तुरंत निकालने की मांग की

1984 के नरसंहार से लेकर आज तक कांग्रेसी नेताओं ने सिखों का सिर्फ मजाक उड़ाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 6 दिसंबर।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के महासचिव और मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने कांग्रेस के उत्तराखंड नेता हरक सिंह रावत के ताजा आपत्तिजनक बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे कांग्रेस पार्टी की सिख-विरोधी मानसिकता का एक और प्रतिबिंब बताया।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पन्नू ने कहा कि कुछ कांग्रेसी नेताओं के दिमाग में ÷कूड़े का ढेर÷ भरा हुआ है, जो समय-समय पर नफरत भरी टिप्पणियों के जरिए बाहर आता रहता है। उन्होंने याद दिलाया कि पंजाब और सिखों के साथ कांग्रेस का इतिहास हमेशा दुखदाई रहा है। एसवाईएल के धोखे से लेकर 1982 तक हुई बेइंसाफियां, 1984 का ऑपरेशन ब्लू स्टार और दिल्ली में सिख नरसंहार तक - पार्टी का रिकॉर्ड जख्मों से भरा पड़ा है, जिन्हें सिख कौम आज भी झेल रही है।

पन्नू ने याद दिलाया कि कुछ दिन पहले ही पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग ने तरनतारन उपचुनाव प्रचार के दौरान एक सिख लड़के के जूड़े का मजाक उड़ाया था। माफी मांगने की बजाय कांग्रेस की लीडरशिप चुप रही। उन्होंने कहा कि आज हरक सिंह रावत ने सिखों के बारे में शर्मनाक '12 बज गए' टिप्पणी करके उसी नफरत को दोहराया है।

ऐतिहासिक महत्व की व्याख्या करते हुए पन्नू ने कहा कि '12 बज गए' शब्द सिखों की बहादुरी का प्रतीक है, जिन्होंने देश की अगवा की गई बेटियों को बचाने के लिए शराबी मुगल फौजों के खिलाफ रात के समय छापे मारे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी नेता इतिहास से अनजान हैं और सिख कुर्बानियों को तुच्छ समझते हैं।

'आप' ने मांग की कि राहुल गांधी तुरंत हरक सिंह रावत को पार्टी से निकालें और सिख कौम से माफी मांगें। पन्नू ने पंजाब कांग्रेस के नेताओं राजा वड़िंग, प्रताप सिंह बाजवा और उनके आधा दर्जन मुख्यमंत्री पद के दावेदारों को भी अपना स्टैंड स्पष्ट करने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि पंजाब ने हमेशा नफरत की राजनीति को नकारा है। पन्नू ने कांग्रेस को चेतावनी देते हुए कहा कि वे बंटवारे के बीज बोने से बाज आएं, क्योंकि पंजाब की मिट्टी हर फसल उगाती है, लेकिन यहां नफरत नहीं उगती।

## बाबा साहेब की देशवासियों को अतुलनीय देन है भारतीय संविधान: अशोक मैहता

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 6 दिसम्बर।** हरियाणा के पूर्व राज्य सूचना आयुक्त एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक मैहता ने कहा कि भारतीय संविधान देशवासियों को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की अतुलनीय देन है, क्योंकि नागरिक अधिकारियों और कर्तव्यों का जो संतुलन एवं समानता भारतीय संविधान में है, ऐसा किसी दूसरे देश के संविधान में देखने को नहीं मिलता। वह शनिवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर विचार व्यक्त कर रहे थे।

अशोक मैहता ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का व्यक्तित्व कई मायने में अद्भुत है। उन्होंने ताउम्र जातिवाद और छुआछूत के खिलाफ लड़ाई लड़ी। तमाम मुश्किलों का सामना करते हुए उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की और कई भाषाओं के ज्ञाता बने। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी उन्हें दोहरी लड़ाई लडनी पड़ी। डॉ. अम्बेडकर एक तरफ जहां भारत की स्वतंत्रता के लिए अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष कर रहे थे, वहीं छुआछूत एवं जातीय भेदभाव से जूझ रहे अपने समुदाय के लिए सम्मान एवं समानता की लड़ाई भी लड़ रहे थे।

अशोक मैहता ने कहा कि आजादी के बाद पं. जवाहर लाल नेहरू सरकार में डॉ. अम्बेडकर देश के पहले कानून मंत्री बने। इसके बाद जब उन्होंने भारतीय संविधान सभा का चेयरमैन बनाया गया तो उन्होंने अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए दुनिया के तमाम देशों के संविधानों का अध्ययन किया और विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत को 'सर्वोत्तम' संविधान तैयार करके दिया। हमारे संविधान में बिना किसी लिंगभेद, जातिभेद, वर्गभेद के तमाम नागरिकों को वोट का अधिकार दिया गया है। संविधान में देश के सभी नागरिकों के लिए समान मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्य का उल्लेख किया गया है।

## मुख्यमंत्री किसान एवं खेतिहर जीवन सुरक्षा योजना के तहत पात्र किसानों और खेतिहर मजदूरों को जल्द मिलेंगे आर्थिक सहायता राशि के चेक

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला



**कलायत, 6 दिसंबर।** मुख्यमंत्री किसान एवं खेतिहर जीवन सुरक्षा योजना के तहत पात्र किसानों और खेतिहर मजदूरों को आर्थिक सहायता राशि के चेक जल्द ही वितरित किए जाएंगे। इस वर्ष में अभी तक कुल 20 आवेदन इस संबंध में आए हैं। इसमें से 10 को लाभ प्रदान किया जा चुका है। जबकि दस पात्र शेष हैं। कलायत अनाज मंडी में आयोजित एक बैठक के दौरान मार्किट कमेटी चेयरमैन राजकिशन काका राणा ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस दौरान उनके साथ मुख्य रूप से कलायत भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत और मार्किट कमेटी वाइस चेयरमैन रिषीपाल सहारण भी मौजूद रहे। राजकिशन राणा ने बताया कि प्रदेश सरकार किसानों और खेतिहर मजदूरों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। कृषि कार्यों के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए यह योजना शुरू की गई है। ताकि किसी भी तरह की अनहोनी की स्थिति में प्रभावित परिवार को त्वरित आर्थिक सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि खेतों में काम करते समय कई बार हादसे हो जाते हैं। इस वजह से किसान और मजदूर आर्थिक संकट में आ जाते हैं। सरकार का उद्देश्य है कि ऐसे कठिन समय में पात्र व्यक्तियों को नियमों के अनुसार सहायता राशि प्रदान की जाए। जिससे उनके परिवार को राहत मिल सके। योग्य किसानों और मजदूरों की सूची तैयार कर ली गई है। अगले कुछ दिनों में लाखों रुपये की राशि के चेक लाभार्थियों तक पहुंचाए जाएंगे। इस योजना के अंतर्गत दुर्घटना की स्थिति में मृत्यु, गंभीर चोट या स्थायी विकलांगता जैसी परिस्थितियों में निर्धारित मानकों के अनुसार आर्थिक मुआवजा दिया जाता है। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही यह पहल किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए सुरक्षा कवच साबित हो रही है। उन्होंने किसानों को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि कृषि से जुड़ी हर समस्या के समाधान के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। भविष्य में भी ऐसी योजनाओं का दायरा बढ़ाने के लिए सीएम नायब सिंह सैनी के समक्ष मांग रखी जाएगी।

## ज्ञानदीप स्कूल में स्कूली बच्चों के लिए काव्य–गोष्ठी आयोजित

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 6 दिसंबर।** गांव क्योडक के ज्ञानदीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रबंधक समिति द्वारा कवियों और बच्चों के बीच संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से एक काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस काव्य-गोष्ठी की अध्यक्षता विद्यालय की स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान एवं संस्थापक चौधरी हरपाल आर्य ने की। मंच-संचालन कवि एवं कृषक विनोद छोक्कर ने किया। गोष्ठी के आरंभ में कवियों का विद्यालय के प्रबंधक एवं संस्थापक हरपाल आर्य ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। गोष्ठी का विधिवत रूप से आरंभ मधु गोयल मधुल द्वारा की गई सरस्वती-वंदना से हुआ। उन्होंने कहा, मैं महीना हूं दिसंबर का, लौटकर आऊंगा अगले बरस। ओज के कवि राजेश भारत ने मां भारती के प्रति अपने श्रद्धा-भाव इन शब्दों में व्यक्त किये, मां भारती करता हूं चरणों में तेरे वंदन, मेरा हृदय गाता रहे दिन-रात वंदे मातरम। राजेश भारती ने कहा, तेरी मामता की छांम न थ्यावै, मां तौं याद घणी आवै। डॉ. तेजिंद्र ने कहा, धनुष उठाने से कोई राम नहीं बनता, बंसी बजाने से कोई श्याम नहीं बनता।

## बाबा साहेब की शिक्षाएं समाज को बेहतर दिशा देने का करती है कार्य: रामचंद्र जडौला

### कहा- बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष व समाज के लिए उनके योगदान को सदैव याद रखा जाऐगा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 6 दिसंबर।** हैफेड के पूर्व डायरैक्टर एवं प्रसिद्ध समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने आज संविधान निर्माता एवं महान सामाजिक सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहेब की शिक्षाएं सदैव समाज को एक बेहतर दिशा देने का कार्य करती रहेंगी। समानता, न्याय और मानवाधिकारों के प्रति डॉ. अंबेडकर का अदम्य संकल्प और संघर्ष देश के प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में निहित लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए बाबा साहेब के विचार सदैव मार्गदर्शक रहेंगे। डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी समाज सुधार और समावेशी विकास के मार्ग को प्रकाशमान करते हैं। नई अनाज मंडी ढांड में अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत करते हुए समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने कहा कि समाज में समरसता और समान अवसर उपलब्ध करवाने में डॉ. अंबेडकर के सिद्धांत और नीतियां आज भी समाज का मार्गदर्शन कर रही है। समानता, न्याय और मानवाधिकारों के प्रति डॉ. अंबेडकर का दृढ़ संकल्प भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला है। संविधान निर्माण में उनकी दूरदर्शिता और सामाजिक उत्थान के लिए किए गए संघर्षों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। रामचंद्र जडौला ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपने पूरे जीवन की साधना को संविधान को समर्पित किया। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर समस्त समाज के लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं। बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष व समाज के लिए उनके योगदान को सदैव याद रखा जाऐगा। पूर्व हैफेड डायरैक्टर समाजसेवी रामचंद्र जडौला बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर सभी को चलने का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि बाबा साहेब के आदर्शों को जीवन में ग्रहण कर मानवता भलाई के कार्य करने चाहिए।

## संदेह का लाभ देते हुए हत्या का आरोपी किया बरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 6 दिसंबर।** अतिरिक्त सेशन जज मोहित अग्रवाल ने हत्या के एक मामले में आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। इस बारे में सोमदत्त निवासी गांव ग्योंग ने 22 नवंबर 2019 को थाना सदर में मुकदमा नंबर 248 कायम करवाया था। बचाव पक्ष की ओर से मुकदमे की पैरवी मनीष घीड़ा और संजीव सैनी एडवोकेट्स ने की। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सोमनाथ का पिता महाबीर दोपहर को पड़ौसी मोनी उर्फ मोहन के घर पर बैठकर खा-पी रहे थे। जब करीब 3:30 बजे सोमदत्त, अमित व राजेश कुमार महाबीर को लेने गए तो देखा कि मोनी महाबीर के साथ लड़ाई झगड़ा कर रहा था, क्योंकि मोनी बार-2 महाबीर को शराब लाने को कह रहा था। लेकिन महाबीर कह रहा था कि उसके पास पैसे नहीं हैं। तभी मोनी ने गुस्से में आकर महाबीर को वहां पड़ी ईट उठाकर महाबीर के सिर, माथे, मुंह पर व शरीर के अन्य भागों पर कई वार किए।

## सर्वसमाज के आदर्श हैं बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी: विधायक पूजा

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक



**मुलाना, 6 दिसंबर।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर मुलाना विधायक पूजा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित दोसडका स्थित अंबेडकर चौक पर पुष्प अर्पित कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

विधायक ने इस अवसर पर बाबा साहेब जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जी का जन्म 14 अप्रैल 1892 को महू,मध्य प्रदेश में हुआ था।बाबा साहेब को संविधान निर्माता और आजाद भारत के पहले कानून मंत्री के रूप में जाना जाता है। डॉ भीमराव अंबेडकर जी हमारे राष्ट्र के नायक और करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा है।

बाबा साहेब ने बहुत सारी कठिनाइयां सहने के बाद भी उन्होंने अपना जीवन देश के लिए समर्पित किया उनके योगदान को देश कभी नहीं भूल सकता वे एक विद्वान समाजसेवी,देश भगत व सविधान निर्माता थे बहुत ही गुणी और अद्वितीय प्रतिभा वाले बाबा साहेब जी का जीवन आदर्शवादी रहा है। हर समाज को समानता का अधिकार देना और प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति को विकास की राह से जोड़ना उनका सपना था।

विधायक ने कहा कि आज समाज में समानता का अधिकार है जिसके लिए बाबासाहेब ने कड़ी मेहनत की थी उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहा है वह किसी एक विशेष के वर्ग के नहीं बल्कि सर्वसमाज के लिए आदर्श है।बाबा साहब ने शिक्षित बनो,संगठित रहो और संघर्ष करो का नारा देकर घाघर से सागर भरने की सीख दी। हम सबको उनके बताए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा की कैथल में रणनीति बैठक आज, स्वदेशी अभियान को मिलेगी रफ्तार: अशोक गुर्जर

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 6 दिसंबर।** रविवार को कैथल राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बनने जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी की बड़ी व महत्वपूर्ण बैठक में सरकार तथा संगठन से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर व्यापक चर्चा की जाएगी। कैथल के आरकेएसडी महाविद्यालय में आयोजित होने वाली यह बैठक न केवल आगामी कार्यक्रमों की दिशा और रूपरेखा तय करेगी, बल्कि 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' अभियान को नई गति भी प्रदान करेगी। बैठक का आरंभ प्रात÷ 11 बजे होगा। इसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली तथा संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा अगले चरण की कार्ययोजना पर मार्गदर्शन देंगे। कैथल के आरकेएसडी कॉलेज में होने वाली इस बैठक की तैयारियों का जायजा लेते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि वर्तमान में चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा होगी और आगे के कार्यक्रमों की योजना-रचना तैयार की जाएगी। बैठक का केंद्र बिंदु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को जन-आंदोलन का रूप देना रहेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वदेशी रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह रथ यात्रा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, स्थानीय कौशल को मजबूती प्रदान करने और देशी उद्योगों के संरक्षण का बड़ा संदेश लेकर चलेगी। बैठक में इस अभियान को घर-घर तक पहुंचाने, वर्तमान में चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा करने और आगामी चरण में इसके विस्तार की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा।

**योजनाओं और संगठनात्मक विषयों की समीक्षा:** बैठक में सभी जिलों के जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रमुख, प्रदेश स्तर के पदाधिकारी, आत्मनिर्भर भारत की प्रदेश टोली, लोकसभा स्तर के संयोजक तथा सभी मंडलों के अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने बताया कि यह बैठक संगठन और सरकार दोनों के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नायब सैनी सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह हमारा संकल्प है। कोई भी पात्र नागरिक योजना के लाभ से वंचित न रहे, इस दिशा में कार्यकर्ताओं को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

**कार्यकर्ता ही संगठन की आत्मा: बड़ौली**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का सबसे बड़ा बल उसका निस्वार्थ कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह, परिश्रम और समर्पण ही प्रत्येक अभियान की वास्तविक प्रेरक शक्ति है। उन्हीं के निरंतर प्रयास से संगठन नई ऊँचाइयों को स्पर्श करता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि स्वदेशी अपनाने का अभियान अब केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में बढ़ता एक व्यापक राष्ट्रीय आंदोलन है।

**स्वदेशी को जन-जन की जीवनशैली बनाने पर जोर**

बैठक का प्रमुख फोकस स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ाना, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देना और स्वदेशी को जीवन की आदत बनाने पर रहेगा। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में स्वदेशी आंदोलन देश की आर्थिक मजबूती का एक बड़ा आधार बन चुका है, और हरियाणा इस दिशा में देश का अग्रणी प्रदेश बनने की क्षमता रखता है। यह महत्वपूर्ण बैठक आने वाले समय में भाजपा के सरकारी व संगठनात्मक कार्यक्रमों के लिए नई दिशा तय करेगी और स्वदेशी संकल्प को जन–आंदोलन बनने की गति प्रदान करेगी। इस मौके पर उनके साथ पूर्व जिलाध्यक्ष मनीष कठवाड़, महामंत्री सुरेश संधू, मुनीष शर्मा, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन बलविंदर जांगड़ा, मीडिया प्रभारी हिमांशु गोयल आदि भी उपस्थित थे।

# सीवरेज विभाग व नगर परिषद की लापरवाही से घर की नींव कमजोर, गिरने का खतरा

**बलटाना के विकास नगर और डिवाइन अपार्टमेंट में पानी की बूंदझ्बूंद को तरसे लोग**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





**जीरकपुर, 6 दिसंबर।** विकास नगर और डिवाइन अपार्टमेंट में इन दिनों लोगों को पीने के पानी के गंभीर संकट से जूझना पड़ रहा है। सीवरेज की पाइपलाइन डालते समय लापरवाही के कारण टूटी पानी की लाइन अब बड़ी परेशानी बन चुकी है। इलाके में नगर परिषद जीरकपुर एवं सीवरेज विभाग की लापरवाही का एक और जीवंत उदाहरण सामने आया है। जानकारी के अनुसार विकास नगर में सीवरेज पाइपलाइन डालने के दौरान ठेकेदार द्वारा इतनी लापरवाही से खुदाई की गई कि एक मकान की नींव के बिल्कुल साथ खुदाई कर दी गई, जिससे मकान की नींव कमजोर हो गई है और घर के ढहने का खतरा लगातार बना हुआ है। इसके साथ ही, सीवरेज पाइपलाइन डालते वक्त पानी की पाइपलाइन भी टूट गई, जिसके बाद लगातार दो दिनों से पानी घर की नींव में रिस रहा है, जिससे चारों तरफ दलदल बन चुका है। प्रभावित परिवार और आसपास के लोग रातभर जागकर घर में किसी अनहोनी की आशंका में समय बिताने को मजबूर हैं। इस घटना के बाद विकास नगर और डिवाइन अपार्टमेंट में पीने के पानी की सप्लाई पूरी तरह बाधित हो गई है। हालात ऐसे हैं कि लोगों को अपने खर्चे पर पानी के टैंकर मंगवाकर गुजारा करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद और सीवरेज विभाग पर यह आरोप लगाया है कि बिना किसी प्लानिंग, निरीक्षण और सुरक्षा मानकों के काम किया जा रहा है, जिससे सीवरेज कार्य सार्वजनिक हित के बजाय सार्वजनिक परेशानी बन गया है। डिवाइन अपार्टमेंट के निवासी गौरव, अश्विनी शर्मा विनीत सिंगला, सरताज, राजीव कालीया, गौरव, राहुल, अनीता गोयल, वंदना सागर, निशा कालीया, ममता ने बताया कि पिछले 10 दिनों से बिना पानी के हालात बेहद खराब बने हुए हैं। रोजमर्रा की ज़िंदगी पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुकी है और परिवारों को मजबूरी में रोजाना टैंकर मंगवाकर गुजारा करना पड़ रहा है। गौरव का कहना है कि नागर परिषद हो या सीवरेज बोर्ड – किसी को जनता की परेशानी से कोई मतलब नहीं है। जिम्मेदार विभाग लगातार हो रही शिकायतों के बावजूद चुप्पी साधे बैठे हैं, जिससे लोगों में भारी रोष देखा जा रहा है।

### बिना किसी प्लानिंग के खोद डाली गई गलियां

विकास नगर और डिवाइन अपार्टमेंट के लोगों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद व सीवरेज विभाग की तरफ से बिना किसी प्लानिंग के सड़कों को खोद दिया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों विभागों को तालमेल बिठाकर इतनी सड़क को ही उखाड़ना चाहिए था जितनी सड़क पर काम साथ के साथ हो जाए। उन्होंने कहा सड़क की खुदाई के दौरान सीवरेज विभाग की तरफ से पानी की पाइपलाइन को भी तोड़ दिया गया है। स्थानीय निवासियों ने कहा यह सरासर ठेकेदार व अधिकारियों की नालायकी है। विकास नगर के निवासी नीतू ठाकुर ने बताया कि उन्होंने कई बार ठेकेदार से काम रोकने के लिए कहा, लेकिन ठेकेदार ने उनकी इजाजत के बिना खुदाई जारी रखी। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर इस कारण कोई हादसा होता है तो जिम्मेदार कौन होगा। ठेकेदार की लापरवाही और नगर परिषद के देखरेख में हुई इस घटना से स्थानीय लोगों में चिंता और नाराज़गी बढ़ गई है।

सीवरेज की पाइप हमें बिल्कुल सीधी यानी एक लेवल पर डालनी पड़ती है। जो कि हम नगर परिषद, के कहने पर डाल रहे है। जो भी मकान का नुकसान हुआ है उसको कंक्रीट की वॉल बनाकर ठीक कर दिया जाएगा।

**जसबीर सिंह, जेई सीवरेज बोर्ड**

# चंडीगढ़ में लॉन्च हुआ 'ग्लोबल डिसरप्टर्स जीनियस हब', राज्यपाल ने की सराहना

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 6 दिसंबर।** आज लोक भवन, पंजाब में माननीय पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चन्द कटारिया ने 'ग्लोबल डिसरप्टर्स जीनियस हब' नामक पुस्तिका और डिजिटल मंच का शुभारंभ किया। यह मंच ज्ञान देने वालों और सीखने वालों को एक ही स्थान पर निःशुल्क जोड़ने का कार्य करेगा। इस पहल के प्रेरक और निर्माता हरिओम वर्मा हैं।

शुभारंभ अवसर पर राज्यपाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह नवाचार और स्टार्टअप के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने सुझाव दिया कि इस पोर्टल को चंडीगढ़ स्टार्टअप नीति 2025 के अंतर्गत मार्गदर्शन खंड से जोड़ा जाए। साथ ही हरिओम वर्मा को नीति के तहत मार्गदर्शक समूह में शामिल करने का प्रस्ताव भी रखा गया।

हरिओम वर्मा एक यांत्रिक अभियंता हैं, जो 1972 में यमुनानगर के निकट एक छोटे से गाँव से चंडीगढ़ आए। 23 वर्षों तक विभिन्न अभियंत्रण उद्योगों में कार्य करने के बाद, उन्होंने 1993 में अपनी सूक्ष्म उद्योग इकाई स्थापित की। वर्तमान में वह रामानी प्रेसिजन मशीनें प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक हैं और उच्च तकनीक आधारित मशीनरी के डिजाइन, विकास, निर्माण एवं निर्यात में कंपनी को उत्कृष्ट स्तर पर स्थापित कर चुके हैं। श्री वर्मा के नवाचार और योगदान के लिए उन्हें दो प्रधानमंत्रियों द्वारा राष्ट्रीय सम्मान भी प्रदान किए गए। पहला सम्मान 2000 में अटल बिहारी वाजपेयी जी से और दूसरा 2022 में नरेंद्र मोदी से। इस अवसर पर पवित्र सिंह (निदेशक उद्योग विभाग); जतिंदर मल्होत्रा (प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, चंडीगढ़) और अवि भसीन (अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती, चंडीगढ़) सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### परेशान और मारपीट के आरोप में महिला ने किया सुसाइड, दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 26 पुलिस ने महिला के सुसाइड करने के मामले में दो आरोपीयों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान पंकज और विजय के रूप में हुई है ।जबकि एक आरोपी महिला पकड़ से बाहर है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन की शादी 2023 में पति पंकज के साथ हुई थी ।उक्त आरोपी उसकी बहन को दहेज के लिए परेशान और मारपीट करते थे। जिसके चलते उसने 5 दिसंबर को आत्महत्या कर ली। महिला को तुंरत अस्पताल में पहुंचाया। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं थाना पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए उक्त आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### गोल्ड परचेज के नाम पर लाखों रुपए की ठगी के आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना सारंगपुर पुलिस ने गोल्ड परचेज के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया कि उसका 13 सितंबर 2022 को आरोपी से संपर्क हुआ था। पीड़िता का आरोप है कि उक्त आरोपी ने सोना खरीदने के बहाने शिकायतकर्ता–कंपनी से 5 लाख रुपए की ठगी कर ली। जब पीड़िता को मामले के बारे में पता चला कि उसके साथ लाखों रुपए की ठगी हो गई। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चंडीगढ़ में प्रमुख सड़कों की मरम्मत और रीकैपिंग का निरीक्षण, गुणवत्तापूर्ण कार्य पर जोर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 6 दिसंबर।** चंडीगढ़ प्रशासन ने शहर की प्रमुख सड़कों वी 1, वी 2, वी 3 पर मरम्मत और रीकैपिंग कार्य को समय पर पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं, ताकि ट्रैफिक का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके। हाल ही में सड़कों का निरीक्षण किया गया, जिसके आधार पर उन्हें बहुत खराब, खराब और संतोषजनक श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया, और मरम्मत कार्य उसी के अनुसार किया जा रहा है।

आज इस कार्य का स्थल निरीक्षण सीबी ओझा, (मुख्य अभियंता, यू.टी.) ने संबंधित सुपरिन्टेंडिंग और एक्जीक्यूटिव इंजीनियरों के साथ विभिन्न लोकेशनों पर किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी कार्यों में कड़ाई से गुणवत्ता मानकों और तकनीकी विनिर्देशों का पालन करने पर जोर दिया, ताकि सड़कें टिकाऊ और सुरक्षित बनी रहें। इसके अलावा नियमित रूप से सामग्री की जांच और सैंपलिंग की जा रही है, साथ ही तृतीय-पक्ष स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा निरीक्षण भी कराया जा रहा है।

मुख्य अभियंता ने इंजीनियरिंग टीमों को अनुमोदित समयसीमा का सख्ती से पालन करने और प्रत्येक चरण पर उचित निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता और तकनीकी मानकों के अनुपालन को परियोजना की सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

चंडीगढ़ प्रशासन का लक्ष्य शहरवासियों को सुरक्षित, सुचारू और अच्छी तरह से रखरखाव वाली सड़कें प्रदान करना है और वह प्रमुख सड़कों के उन्नयन के लिए चरणबद्ध और प्रभावी प्रयास लगातार जारी रखे हुए है।

# 15वां चंडीगढ़ राष्ट्रीय शिल्प मेला: लोक संस्कृति, कला और स्वाद का अनोखा संगम

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 6 दिसंबर।** चंडीगढ़ के मनीमाजरा स्थित कलाग्राम में चल रहा 15वां चंडीगढ़ राष्ट्रीय शिल्प मेला इस बार भी देश की विविध कला, लोक संस्कृति और पारंपरिक व्यंजनों का शानदार मिश्रण प्रस्तुत कर रहा है। शनिवार को मेले में हजारों लोग उमड़े, जिन्होंने लोक नृत्यों, संगीत, हस्तशिल्प और विभिन्न राज्यों के खाद्य पदार्थों का भरपूर आनंद लिया। दिन के सत्र की शुरुआत पंजाब के करम सिंह एंड ग्रुप के 'झूमर' से हुई, जिसने अपने सुमधुर संगीत और तालबद्ध प्रस्तुति से दर्शकों की वाहवाही लूटी। इसके बाद राजस्थान की प्रसिद्ध 'चकरी' ने रंग-बिरंगे घाघरों की तेज़ घूमती लय और डांसर्स की कला से पूरा कलाग्राम तालियों से गूंजा दिया। राजस्थान का ही एक और प्रमुख नृत्य 'कालबेलिया' अपने साहसिक करतबों के कारण आकर्षण का केंद्र रहा। पश्चिम बंगाल के 'रायबेंशे' नृत्य में मार्शल आर्ट और नर्तकों के दमदार स्टंट ने दर्शकों को रोमांचित किया। जम्मू-कश्मीर का जगरना, बिहार का झिझिया और महाराष्ट्र का 'धनगिरी गाजा' नृत्य भी अपने-अपने प्रदेशों की लोक संस्कृति का अनूठा परिचय देते दिखाई दिए।

दोपहर के सत्र में राजस्थानी लोक कलाकार मुरली ने अपने सुरीले गायन से माहौल को और भी सांस्कृतिक रंग दिया। शाम के सत्र में जम्मू-कश्मीर का 'रौफ', उत्तराखंड का 'छापेली', असम का 'बिहू' और हरियाणा का 'घूमर' दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहे। तेलंगाना के गोंड समुदाय द्वारा प्रस्तुत 'मथुरी' और जम्मू-कश्मीर की 'धमाली' ने भी खूब तालियां बटोरीं। अंत में पंजाबी कलाकारों ने भांगड़ा से पूरे वातावरण को ऊर्जावान कर दिया।

मेला प्रांगण में राजस्थान का 'कच्ची घोड़ी', पंजाब के 'बाजीगर' और 'पचार', तथा हरियाणा के 'बीनजोगी' व 'नागदा' नृत्यों ने भी पूरे दिन मेलार्थियों का मनोरंजन किया। बच्चों के लिए रखी गई 'कैमल सफारी' विशेष आकर्षण रही।

रविवार, जो मेले का अंतिम दिन है, की शाम प्रसिद्ध पंजाबी सिंगर अमृत मान अपने लाइव प्रदर्शन से माहौल को सुरमई बनाएंगे। चंडीगढ़ राष्ट्रीय शिल्प मेला एक बार फिर कला, संस्कृति, संगीत और स्वाद का अनोखा पर्व बनकर उभरा है।

### पंजाबी संगीत का जादू

अपराह्न में प्रोफेसर मेजर सिंह एंड ग्रुप के 'मालवाई गिद्दा' ने अपनी ऊर्जा और मनभावन प्रस्तुतियों से सामयीन को खूब रिझाया। जितेंद्र जीतू के पंजाबी लोक गायन ने भी दर्शकों से भरपूर सराहना बटोरी।

### हस्तशिल्प व व्यंजनों की धूम

मेले में लगे हस्तशिल्पियों के स्टॉल लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। पारंपरिक हस्तनिर्मित वस्तुएँ, सजावटी सामान, वस्त्र, मिट्टी, लकड़ी व धातु शिल्प – सबकी खरीदारी पूरे दिन जारी रही। दूसरी ओर, विभिन्न राज्यों के व्यंजनों से सजे फूड कोर्ट में भीड़ लगातार उमड़ती रही।

### कश्मीर का कहवा - सर्द मौसम की खास पेशकश

मेले में स्टॉल नंबर 152 पर कश्मीर के फरहान अपने राज्य के मशहूर कहवा से लोगों को रू-ब-रू करा रहे हैं। केसर, इलायची, दालचीनी, काली मिर्च, मुलेठी, गुलाब की पंखुड़ियों और ड्राइ फरूट्स से तैयार यह पेय सर्द मौसम में शरीर को गर्मी देता है और इम्युनिटी बढ़ाता है। फरहान पैक्ड कहवा के साथ अखरोट, बादाम, किशमिश, अंजीर, खुरमानी, विभिन्न सीड्स, फॉरेस्ट ब्लैक व अकेसिया हनी, पहाड़ी लहसुन और उच्च गुणवत्ता वाला शिलाजीत भी उपलब्ध करा रहे हैं।

# एमसीसी ने शहर के पार्कों के बाहर सुबह–सुबह अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया, 47 चालान किए जारी

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह




**चंडीगढ़, 6 दिसंबर।** शहर की सफ़ाई बनाए रखने, पैदल चलने वालों की आवाजाही को आसान बनाने और पब्लिक जगहों की सुंदरता को बनाए रखने के लिए, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चंडीगढ़ ने आज सुबह-सुबह अलग-अलग पार्कों और ग्रीन बेल्ट में एक खास अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। यह कार्रवाई उन बार-बार होने वाले अनाधिकृत कब्ज़ों को रोकने के लिए शुरू की गई थी जो सुबह के समय रास्तों में रुकावट पैदा करते हैं और लोगों को परेशानी होती है।

यह ज़ोरदार अभियान सुबह 7.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक शांतिपूर्ण तरीके से चलाया गया, जिसमें खास तौर पर जूस बेचने वालों, फल बेचने वालों, नारियल की रेहड़ियों और बड़े पार्कों के बाहर आम तौर पर पाए जाने वाले दूसरे अस्थायी कब्ज़ों को निशाना बनाया गया। ये अनाधिकृत स्टॉल अक्सर भीड़भाड़, गंदगी और सुबह टहलने वालों, जॉगर्स और निवासियों के लिए सुरक्षा संबंधी चिंताएँ पैदा करते हैं।

ऑपरेशन के दौरान, एमसीसी टीमों ने नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया और एक सुचारू, बिना किसी टकराव के प्रक्रिया बनाए रखी। इस अभियान के तहत, अवैध कब्ज़ों और म्युनिसिपल नियमों का पालन न करने वालों को 47 चालान जारी किए गए। इस अभियान के बारे में बात करते हुए एमसी जॉइंट कमिश्नर हिमांशु गुप्ता ने कहा कि ऐसे ही सुबह-सुबह के अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे ताकि आदतन अतिक्रमण करने वालों को रोका जा सके और शहर की हरी-भरी जगहों की रक्षा की जा सके। कॉर्पोरेशन ने चंडीगढ़ को साफ़, व्यवस्थित और अतिक्रमण मुक्त रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, और विक्रेताओं से निर्धारित वेंडिंग ज़ोन का पालन करने और म्युनिसिपल दिशानिर्देशों का पालन करने का आग्रह किया।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर संजय टंडन के निवास पहुंचे, जनहित व संगठनात्मक मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 6 दिसंबर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य तथा हिमाचल प्रदेश के सहप्रभारी संजय टंडन के निवास पर पहुंचे। इस स्नेहपूर्ण मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच जनहित से जुड़े विषयों, संगठनात्मक मजबूती तथा भविष्य की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुलाकात के दौरान अनुराग ठाकुर ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, संगठन की वर्तमान गतिविधियों तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। वहीं संजय टंडन ने स्थानीय स्तर पर चल रही पहल, जनसंपर्क गतिविधियों और कार्यकर्ताओं के उत्साह के बारे में विस्तृत जानकारी दी। दोनों नेताओं ने आगामी समय में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी ढंग से कार्य करने पर विशेष जोर दिया।

अनुराग ठाकुर के सरल स्वभाव, विनम्रता और राष्ट्रहित के प्रति उनके निरंतर समर्पण ने चर्चा के माहौल को गरिमामय बनाया। उन्होंने संगठनात्मक एकजुटता को राजनीति की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कार्यकर्ताओं को हमेशा सकारात्मकता और सेवा भाव के साथ काम करने का संदेश दिया।

संजय टंडन ने अनुराग ठाकुर के आगमन को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन संगठन और कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा महत्वपूर्ण रहा है। यह मुलाकात केवल सौहार्द का प्रतीक नहीं रही, बल्कि आने वाले समय में जनहित कार्यों की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण चरण भी सिद्ध हुई।

# मनीमाजरा वार्ड–4 इंदिरा कॉलोनी में 6 साल बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू, पार्षद सुमन शर्मा के प्रयास से काम शुरू

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 6 दिसंबर।** मनीमाजरा वार्ड नंबर 4 की इंदिरा कॉलोनी में छह साल से लंबित सड़क निर्माण कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। क्षेत्र के लोगों के लिए यह बड़ी राहत है, क्योंकि वर्षों से खराब सड़कों के कारण स्थानीय निवासियों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। गड्ढों से भरी सड़कों ने न सिर्फ आवागमन मुश्किल कर दिया था, बल्कि वाहन चालकों और पैदल चलने वालों के लिए भी खतरा बना हुआ था।कुछ दिन पहले वार्ड की पार्षद सुमन शर्मा ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर सड़क निर्माण में हो रही देरी का विरोध किया था। पार्षद ने सड़क न बनने पर धरना-प्रदर्शन किया और नगर निगम को स्पष्ट चेतावनी दी थी कि वार्ड की सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाए, क्योंकि जनता उनके पास जवाब मांग रही है। पार्षद ने कहा था कि छह साल से सड़क का काम लटका हुआ है और अब लोगों की सहनशक्ति जवाब दे चुकी है।

पार्षद की सख्त चेतावनी और लोगों के विरोध के बाद नगर निगम हरकत में आया और अब इंदिरा कॉलोनी में सड़क निर्माण का कार्य आधिकारिक रूप से शुरू कर दिया गया है। निर्माण कार्य की शुरुआत होते ही स्थानीय निवासियों ने खुशी जताई और पार्षद सुमन शर्मा का आभार व्यक्त किया। शहरवासियों का कहना है कि लंबे समय से टूटी पड़ी सड़क के कारण बच्चों, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में हालात और खराब हो जाते थे, जहां सड़क से अधिक गड्ढे नजर आते थे। लोगों का कहना है कि पार्षद के लगातार प्रयास और उनकी सक्रियता के चलते आज सड़क निर्माण संभव हो पाया है।स्थानीय लोग उम्मीद जता रहे हैं कि जल्द ही सड़क पूरी तरह बनकर तैयार होगी और उन्हें सुरक्षित तथा सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। नगर निगम के इस कदम से क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर एक सकारात्मक माहौल बना है।

# आवारा कुत्तों के कल्याण, सुरक्षा व सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के पालन के लिए शहर भर में उपायों को किया मजबूत

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 6 दिसंबर।** सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने, सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार करने और समग्र पशु कल्याण ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से, नगर निगम चंडीगढ़ ने भारत के सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पूरी तरह से पालन करते हुए, शहर भर में सामुदायिक कुत्तों के प्रबंधन, कल्याण और सुरक्षा को बढ़ाने के लिए कई सक्रिय और संरचित उपाय शुरू किए हैं।

इस पहल के बारे में बात करते हुए, एमसी कमिश्नर अमित कुमार, ने आज कहा कि फीडिंग प्रथाओं को सुव्यवस्थित करने और मानव-पशु संघर्ष को कम करने के लिए, स्पष्ट चंडीगढ़ भर में सामुदायिक कुत्तों के लिए आधिकारिक फीडिंग स्पॉट तय करने के उन्नत चरणों में है। ये पहचाने गए स्थान संगठित, स्वच्छ और संघर्ष-मुक्त फीडिंग की सुविधा प्रदान करेंगे, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य और पशु कल्याण दोनों सुनिश्चित होंगे। इसके अलावा, एमसीसी ने एक अत्याधुनिक डॉग शेल्टर का विकास शुरू किया है, जो एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी), एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन (एआरवी), पुनर्वास और आवारा कुत्तों की व्यापक देखभाल में सहायता करेगा, जिससे शहर में वैज्ञानिक और मानवीय जनसंख्या प्रबंधन में काफी सुधार होगा।

उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन के निर्देशों के अनुसार, सभी शैक्षणिक संस्थानों, विश्वविद्यालयों और परिसरों को पशु कल्याण मामलों की देखरेख करने और अपने परिसर के भीतर आवारा/सामुदायिक कुत्तों से संबंधित मुद्दों का प्रबंधन करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया गया है। संस्थानों को सुप्रीम कोर्ट के 7 नवंबर 2025 के आदेश का भी सख्ती से पालन करना होगा, जिसमें कुत्तों के प्रवेश को रोकने और आकर्षण को कम करने के लिए चारदीवारी/बाड़ लगाने, उचित स्वच्छता बनाए रखने और जिम्मेदार अपशिष्ट निपटान को अनिवार्य किया गया है।

उन्होंने आगे कहा कि एक बार जब बाड़ लगाने और निवारक उपाय पूरी तरह से लागू हो जाएंगे, तो एमसीसी संस्थागत परिसरों से एबीसी प्रक्रियाओं के लिए आवारा/सामुदायिक कुत्तों को उठाना शुरू कर देगा। इस बीच, निगम एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया के दिशानिर्देशों के अनुसार शहर भर में एबीसी और एआरवी अभियान चलाना जारी रखे हुए है, जिससे मानवीय और प्रभावी जनसंख्या नियंत्रण सुनिश्चित हो सके।

कमिश्नर ने सार्वजनिक सुरक्षा और पशु कल्याण दोनों को मजबूत करने के लिए एमसीसी की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि निर्दिष्ट फीडिंग स्पॉट की स्थापना, आधुनिक डॉग शेल्टर का निर्माण, और व्यवस्थित स्वच्छता प्रथाएं एक अच्छी तरह से विनियमित और दयालु वातावरण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

उन्होंने आगे संस्थानों की आवश्यक भूमिका पर प्रकाश डाला, यह देखते हुए कि उचित बाड़ लगाना, अपशिष्ट प्रबंधन, और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति सुरक्षित परिसरों और कम संघर्षों में बहुत योगदान देगी। निवासियों, संस्थानों और सभी स्टेकहोल्डर्स का समर्थन और सहयोग बहुत ज़रूरी है।

सम्पादकीय

# इंडिगो समेत हवाई कंपनियों की कारगुजारी की गहन जांच जरूरी

आज के समय में जब सबकुछ बेहद व्यवस्थित होने का दावा किया जाता है, तब विमानन संकट का पैदा होना बेहद चिंताजनक और निराशापूर्ण है। बीते तीन दिनों से देश की सबसे बड़ी नागर विमानन कंपनी इंडिगो का ऑपरेशन सिस्टम जब पूरी तरह से लड़खड़ा गया और वह भी खुद कंपनी की वजह से, तब केंद्र सरकार एवं उसकी एजेंसियों ने जनता की सुध लेने की परवाह की है। बीते तीन-चार दिनों में देश के तमाम हवाई अड्डों पर हजारों की संख्या में यात्री फंसे हुए हैं। फ्लाइट कैंसिल होने पर उनका रिफंड तो दूर उनके लगेज और सामान तक नहीं दिया गया। यानी वे न इधर के रहे और न ही उधर के। यह कैसी विडम्बना है कि एकाएक ऐसा हो गया, जबकि कंपनी ने देश के कानून और डीजीसीए के नियमों की परवाह तक नहीं की। विमानों को उड़ा रहे पायलट्स को यथोचित आराम मुहैया कराने के लिए नए नियम लागू किए गए हैं। फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन के नियम लागू करने की जानकारी सभी विमानन कंपनियों को बहुत पहले ही दी जा चुकी है, लेकिन इंडिगो ने अपने मुनाफे के लिए इन नियमों को अब तक लागू नहीं किया और अब इसका खामियाजा यात्रियों को बेहद बुरे तरीके से भुगतना पड़ रहा है। पायलटों की कमी की वजह से यह पूरा संकट खड़ा हो गया, अब सामने आ रहा है कि अगर 200 पायलट अभी भर्ती किए गए तो उन्हें प्रशिक्षित करने में अगले छह महीने और लग जाएंगे। यह कितना असंवेदनशील है कि किसी यात्री को शादी में शामिल होने जाना था, तो कोई अपने बीमार पिता या माता से मिलने जा रहा था। वहीं किसी का डॉक्टर से अपॉइंटमेंट था और कोई हनीमून के लिए जा रहा था। लेकिन इंडिगो कंपनी की कारगुजारी और शरारतपूर्ण तरीके से फ्लाइट को कैंसिल करने से हजारों यात्रियों को बेहद कठिनाई झेलनी पड़ रही है।

**गौरतलब है कि इंडिगो की ओर से एक दिन में एक हजार उड़ानें कैंसिल की गई हैं। देशभर के तमाम हवाई अड्डों पर कोहराम मचा है। यहां कैंसिल की गई फ्लाइट को लेकर कंपनी के कर्मचारियों, अधिकारियों की ओर से झूठ बोला जा रहा है कि फ्लाइट जाएगी और उसका समय यात्री को बता दिया जाता है, लेकिन फिर उसे भी कैंसिल कर दिया जाता है। यात्रियों की मनोदशा को सहज ही समझा जा सकता है, जबकि सर्दी के मौसम में बगैर यथोचित गर्म कपड़ों, खाने के उन्हें हवाई अड्डों के फर्श और कुर्सियों पर दिन-रात गुजारने पड़ रहे हैं। वे कंपनी अधिकारियों से पूछते हैं तो झूठ ही सुनने को मिल रहा है। निश्चित रूप से इस अव्यवस्था के लिए इंडिगो कंपनी पूरी तरह से जिम्मेदार है।**

गौरतलब है कि इंडिगो की ओर से एक दिन में एक हजार उड़ानें कैंसिल की गई हैं। देशभर के तमाम हवाई अड्डों पर कोहराम मचा है। यहां कैंसिल की गई फ्लाइट को लेकर कंपनी के कर्मचारियों, अधिकारियों की ओर से झूठ बोला जा रहा है कि फ्लाइट जाएगी और उसका समय यात्री को बता दिया जाता है, लेकिन फिर उसे भी कैंसिल कर दिया जाता है। यात्रियों की मनोदशा को सहज ही समझा जा सकता है, जबकि सर्दी के मौसम में बगैर यथोचित गर्म कपड़ों, खाने के उन्हें हवाई अड्डों के फर्श और कुर्सियों पर दिन-रात गुजारने पड़ रहे हैं। वे कंपनी अधिकारियों से पूछते हैं तो झूठ ही सुनने को मिल रहा है। निश्चित रूप से इस अव्यवस्था के लिए इंडिगो कंपनी पूरी तरह से जिम्मेदार है। अब केंद्र सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कंपनी को फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन में छूट देकर मौजूदा हालात को सुधारने की दिशा में कदम उठाया है। इसके तहत कंपनी को 10 फरवरी तक नए नियमों में छूट दी गई है। यानी तब तक कंपनी को पायलटों की भर्ती आदि करके पायलट्स को वीकली रेस्ट संबंधी नियमों के लिए खुद को तैयार करना होगा। हालांकि पायलटों के संगठन ने सरकार की ओर से इंडिगो को यह विशेष छूट देने पर सवाल उठाते हुए इसे विमानन सुरक्षा से समझौता और भविष्य के लिए खतरनाक मिसाल बताया है।

निश्चित रूप से केंद्र सरकार को यह मानना होगा कि उसकी ओर से यह तक नहीं परखा गया कि जो नए नियम लागू करने की जिम्मेदारी कंपनी को सौंपी गई है, उसके लिए वह तैयार भी हुई है कि नहीं। इस मामले को लेकर जहां यात्रियों में भारी रोष है, वहीं कंपनी की कोताही की वजह से केंद्र सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठे हैं। इसके बाद केंद्रीय मंत्री को यह कहना पड़ रहा है कि सरकार किसी दबाव में नहीं है, मौजूदा क्राइसिस के निपटारे के बाद इंडिगो पर भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा और कार्रवाई भी होगी। वहीं मंत्रालय की ओर से कैंसिल फ्लाइट का रिफंड तुरंत करने और मनमाना किराया वसूलने पर भी रोक लगा दी गई है। निश्चित रूप से सरकार को आरंभ से इसकी निगरानी करनी चाहिए थी कि कंपनी की ओर से सभी मानकों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है या नहीं। अब कंपनी के सीईओ माफी मांग रहे हैं और अगले 10 दिनों में सबकुछ ठीक होने का दावा कर रहे हैं। हालांकि ऐसा होना ही नहीं चाहिए था, इस प्रकरण ने यात्रियों को अहसास कराया है, उसके बाद संभव है वे इंडिगो से यात्रा करने से पहले सोचें। आज के प्रतियोगिता पूर्ण माहौल में जब सबकुछ प्रोफेशनल तरीके से अंजाम देने और ग्राहक को भगवान समझे जाने की नसीहत दी जाती है, तब इंडिगो का स्वार्थपूर्ण रवैया किसी भी तरीके से न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। केंद्र सरकार के लिए यह अलार्मिंग होना चाहिए, क्योंकि कंपनियां कोई न कोई बहाना बनाकर उन नियमों को लागू नहीं करेंगी, जिनका एकमात्र प्रयोजन यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए है। कंपनियां मुनाफा भी कमा रही हैं और यात्रियों को सुविधाएं भी नहीं दे रही, जो कि बेहद दर्द भरा है।

# रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से बढ़ा दोनों देशों का वैश्विक कद

## पुतिन का आगमन सिद्ध कर गया कि किसी के दबाव में देशहित की नीतियों को नहीं बदलता महान भारत

दैनिक अर्थ प्रकाश




धर्मवीर सिंह, डीआईपीआरओ आर

> दुनिया के कई देशों की धड़कने भी बढ़ी पूतिन के भारत दौरे से
>
> विश्व के धरातल पर एक अलग पहचान बनाए हुए है भारत का डिठोरा,रूस का टोरा और पाकिस्तान का कटोरा

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से दोनों देशों का अन्तर्राष्ट्रीय कद बढ़ा तो दुनिया के कई देशों की धड़कने भी इस दौरे से बढ़ती हुई नजर आई। भारत किसी के दबाब में आकर नीतियों का नही बदलता और ना ही अपनी परम्परागत दोस्ती प्रभावित होने देता। यह तो पूतिन के भारत दौरे और हिंदुस्तान की अपने मित्र के सम्मान में 21 तोपों की सलामी ने सोलह आने सिद्ध कर दिया। विश्व के कई देश अमेरिका के दबाव में अपने देश के हितों को गहने रख देते है लेकिन भारत अमेरिका सहित किसी देश के आगे नही झुकता और ना ही दबाव में आता। अमेरिका ने तो 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाकर भारत का झुकाने का प्रयास किया परन्तु भारत की जीडीपी अपेक्षाकृत मजबूत होती जा रही है। इसका श्रेय जाता है देश के प्रभावशाली दमदार सशक्त नेतृत्व को,जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त हाथों में है। मोदी ने दुनिया में भारत का कद शिखर पर पहुंचा दिया है।

भारत रूस के रिश्तों पर नजर डाली जाए तो विदित होता है कि अतीत में बनी मित्रता का परिवेश वर्तमान में भी मित्रता के सभी बड़े स्तम्भों को संभाले हुए है। विश्व के अधिकतर देश रूस के दुश्मन बने हुए है लेकिन रूस पर हाथ डालने की किसी की हिम्मत नही। इसका मुख्य कारण तो जगजाहिर है कि रूस बहुत ताकतवर देश है। अमेरिका और रूस का तो छत्तीस का आंकड़ा है। इस बीच वर्षो से चली आ रही भारत और रूस की दोस्ती पर कई देशों ने विशेषकर अमेरिका ने ग्रहण लगाने की कोशिश की लेकिन सब बेकार। भारत की संस्कृति और संस्कार सदियों से यही संदेश देते रहे है कि मित्रता करो तो डट कर करो और कोई दुश्मनी करे तो दो कदम बढकर जवाब दो। यह तो आज के दौर में भी हो रहा है। आजादी के बाद की बात करें तो पिछले डेढ़ दशक में भारत अपने हितों को लेकर सजग, सावधान, दूरदर्शी हुआ है वह पहले की अपेक्षा बेहतर है। परंपरागत रूप से भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी पांच मुख्य पहलुओं पर टिकी हुई है। जिनमें राजनीति, रक्षा, नागरिक परमाणु ऊर्जा,आतंकवाद विरोधी सहयोग, तथा बाहरी अंतरिक्ष यात्रा का विकास और खोज करना मुख्य है। इस दौरे में बेशक सामरिक क्षेत्र में भारत रूस के बीच कोई समझौता नहीं हुआ हो किंतु भारत रूसी रक्षा उद्योग के लिए दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2017 की बात करें तो भारतीय सेना का करीब 70 प्रतिशत हार्डवेयर रूस से ही आयात किया गया था। अटकलें तो यह भी लगाई जा रही है कि सभी समझौते सार्वजनिक मंच पर नहीं होते। कुछ अंदर खाते आपसी समझ के साथ भी आगे बढ़ाए जाते है। रूस हमेशा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को स्थायी सीट मिलने का समर्थन करता है। भारत के दौरे पर आए रूस के राष्ट्रपति



व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक,प्रेस वार्ता और बिजनेस फोरम में भाग लिया। भारत और रूस के बीच उन्नीस बड़े समझौते हुए, जिनका मुख्य उदेश्य व्यापार और आपसी सहयोग अपेक्षाकृत बेहतर बनाना है। अब भारतीयों के लिए रूस में नौकरी के नए अवसर खुलेंगे और तीस दिन का वीजा भी फ्री मिल सकेगा। इतना ही नही आपसी मुद्रा में व्यापार भी बढ़ाएंगे तथा तेल की सप्लाई भी बेहतर करेंगे। आगामी 2030 तक व्यापार का टारगेट 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है। इससे सहज की अनुमान लगाया जा सकता है कि भारत और रूस की बढ़ती राजनीतिक, राजनीतिक, सामारिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कितनी बेहतरीन है। राष्ट्रपति भवन में रूसी राष्ट्रपति को 21 तोपों की सलामी, राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के साथ साथ पीएम मोदी को अगले साल मास्को में होने वाले भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित करने जैसी मुख्य अपडेट भी रही। समूचे दौरे के दौरान अमेरिकी प्रशासन की धुकधुकी बढ़ी रही। छन छन कर खबरें तो ये भी आ रही है कि अमेरिका भारत के साथ संबंधों को पुनः पटरी पर लाने के लिए लालायित है। निकट भविष्य में शीघ्र की टैरिफ कम करने को लेकर बड़ी खबर आ सकती है। एशिया में चीन की चौधर पर अंकुश लगाने के लिए अमेरिका को भारत की सख्त जरूरत है। सूत्रों की मानें तो अमेरिका ने अपनी नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रेटजी जारी की है, जिसमें भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने पर जोर डाला गया है। यशस्वी व्यक्तित्व के धनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की साख को इस कदर बढ़ा दिया है कि कोई भी देश भारत को कम आंकने की हिम्मत नहीं दिखा रहा।

रूसी राष्ट्रपति के भारत दौरे को लेकर अमेरिका सहित पूरी दुनिया की निगाहें टिकी रही। पड़ोसी पाकिस्तान का मीडिया तो अपने चैनलों पर भड़ास निकालता रहा कि पुतिन भारत आ सकते है तो पाकिस्तान क्यों नही। टीवी पर उनके अपने देश पाकिस्तान को तो कभी भारत को कोसते रहे। वैसे पाकिस्तान तो उनकी अपनी हरकतों के कारण दुनिया से अलग थलग होता जा रहा है। उनका बार बार यह कहना कि आज के दौर में भारत निडरता से बिना किसी बाहरी दबाव के देश हित के निर्णय लेने में सक्षम है और ले भी रहा है। ऐसा कह कर वे उनके अपने देश पाकिस्तान के मूंह पर ही प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से करारा तमाचा मार रहे है। शायद यह कह रहे हो कि अमेरिका के पिछलगु होकर हमें कुछ नहीं मिलने वाला। खैर उनकी बात वो जाने। हमारे देश भारत का तो दुनिया में डंका बज रहा है। महान भारत को सही मायनों में सबसे महान भारत कहा जा सकता है।

रणनीतिक गलियारों में भारत रूस की दोस्ती ने बाहरी और भीतरी दुश्मनों को धराशाही सा कर दिया है। सोशल मीडिया पर तैर रही बातों का जिक्र करे तो एलओपी नेता राहुल गांधी भी पुतिन से मिलने के इच्छुक थे लेकिन किन अपरिहार्य कारणों से मिल नहीं पाए या मिलने नही दिया गया। यह सब तो व्यवस्था जाने परन्तु देश के बाहर और भीतर जिस प्रकार वे देश की व्यवस्था पर उंगलियां उठाकर किरकरी करते रहते है, उन्हे देश के लोग अच्छा नहीं समझते। यही कारण है कि विभिन्न चुनावों में कांग्रेस को फजीहत का सामना करना पड़ता है। देश की सबसे बड़ी पार्टी रही कांग्रेस आज अंतर्कलह से जूझ रही है। संसद के बाहर कांगेसी नेता का भौं भौं करना क्या दर्शाता है। यह सब समझ से परे है। खीज निकालने का यह कोई अच्छा तरीका नहीं माना जाता। बात पुतिन दौरे की करें तो रूसी राष्ट्पति का भारत दौरा पुरी तरह सफल कहा जा सकता है।

### अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

## देश के कई हिस्सों में दंगे भड़के, कई जगह कर्फ्यू, दर्जनों मरे, सैकड़ों घायल, आडवानी का इस्तीफा, सदन स्थगित

नई दिल्ली। गत दिवस कार सेवकों द्वारा रामजन्म भूमि-बाबरी मस्जिद में घुसकर विवादित ढांचे के तीनों मस्जिदों को गिराने के कारण भड़की हिंसा को देखते हुए पुरानी दिल्ली, जयपुर, अहमदाबाद व जोधपुर क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। प्राप्त समाचारों के मुताबिक गुमदों को गिराने के विरुद्ध में आल इंडिया जुआईंट एक्शन कमेटी की यहां मस्जिद में हुई बैठक में आज और कल भारत बंद रखने का फैसला किया गया है इस बैठक की अध्यक्षता नायब इमाम शैयद अहमद बुखारी ने की। उन्होंने बताया कि एक शिष्टमंडल कल प्रधानमंत्री श्री नरसिंहा राव के निवास स्थान पर जाकर भेंट करेगा। बैठक में सभी मुसलमान मंत्रियों, सांसद व विधायकों से गुमदों को गिराने के विरुद्ध में इस्तीफा की मांग की है। दूसरी ओर लोकसभा व राज्यसभा के दोनों सदनों को स्थगित कर दिया गया है। भाजपा को छोड़कर सभी विपक्षियों सदस्यों ने प्रधानमंत्री से तुरन्त इस्तीफे की मांग की है। विपक्ष के सांसद पार्लियामेंट के बाहर बैनर लेकर खड़े हुए है जो मांग कर रहे है कि भाजपा पर प्रतिबंध लगा दिया जाए जबकि लोकसभा में विपक्ष के नेता व भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। दिल्ली में भड़की उग्र भीड़ ने कई बसों को अग्नि की भेंट चढ़ा दिया, कई पुलिस जवान घायल हो गए जबकि एक व्यक्ति मारे जाने का समाचार मिला है दिल्ली के पुराने मुस्लिम इलाके में कर्फ्यू लगातार जारी है। जयपुर में साम्प्रदायिकता दंगे भड़कने से 12 लोग मारे जा चुके है जबकि दर्जनों घायल है। मुम्बई, असाम में भी स्थिति बिगड़ने के समाचार मिल रहे है। असाम में कुछ शरारती तत्वों ने कई बसों को आग लगा दी है। नारेबाजी ने बाजार बंद करवा दिए है।

### ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1660 - एक महिला पहली बार इंग्लैंड में एक पेशेवर अभिनेत्री के रूप में मंच पर दिखाई दी।
1662 - ब्लेज़ पास्कल नामक फ़्रांस के गणितज्ञ, लेखक और कैल्कयुलेटर मशीन के आविष्कारक का निधन हुआ।
1732 - थियेटर रॉयल कोवेन्ट गार्डन, लंदन (आधुनिक-रोज़ रॉयल ओपेरा हाउस) खोला गया।
1787- डेलावेयर यूनाइटेडस्टेट्स संविधान की पुष्टि करने वाला पहला अमेरिकी राज्य बन गया।
1815 - मार्शल ने को पेरिस में जर्डिन डु लक्ज़मबर्ग के पास मार डाला।
1815 - मिशेल ने, फ्रांस के मार्शल, नेपोलियन का समर्थन करने के लिए एक फायरिंग स्क्वार्डन पेरिस जार्डिन डू लक्जमबर्ग द्वारा किया गया था।
1835 - भविष्य के यू.एस. अध्यक्ष जेम्स के. पोलक सदन के अध्यक्ष बने।
1869 - अमेरिकी डाकू जेसी जेम्स ने अपनी पहली पुष्टि बैंकटोरी में गैलाटीन, मिसौरी में की।
1869 - अमेरिकी डाकू जेसी जेम्स ने गल्लतिण मिसौरी में अपनी पहली बैंक डकैती की पुष्टि की।
1877 - आविष्कारक थॉमस अल्वा एडिसन ने 'ग्रामोफोन' का प्रदर्शन किया।
1888- जॉन बॉयड डनलप ने हवा वाली साइकिल टायर का अविष्कार किया।
1895 अंबा अलगी की लड़ाई-अब्सिसनियंस इतालवी सेनाओं को हराया।
1936- ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर जैक फिंगलटन लगातार चार टेस्ट पारियों में शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने।
1944- जनरल रादेस्कू ने रोमानिया में सरकार का गठन किया।
1946- संयुक्त राज्य अमेरिका के अटलांटा शहर के वाइनकॉफ होटल में आग लगने से 119 लोग मारे गए।
1972- अमेरिका ने चंद्रमा के लिए अपने अभियान के तहत अपोलो 17 का प्रक्षेपण किया।
1988- आर्मेनिया के स्पिटक क्षेत्र में 6.9 मेगावॉट के भूकंप ने कम से कम 25,000 लोगों की जान ले ली।
1988- अर्मेनिया में 6.9 तीव्रता वाले भूकंप से 25 हजार लोगों की मौत हुई और लाखों लोग बेघर हुए।

### बोल ब्यूटीफुल

**मिलिंद खांडेकरः** पायलटो को पर्याप्त विश्राम के आदेश का मकसद ही यात्रियों को अधिक सुरक्षा प्रदान करना है। पायलट थकेंगे नहीं तो बेहतर काम कर सकेंगे, लेकिन डीजी सीए ने इंडिगो के दबाव में फैसला पलट दिया है। इससे उड़ाने तो कुछ दिनों में सामान्य हो जाएंगी, लेकिन सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा?



**शिव कांतः** मतदाता सूचियां अपडेट न हो तो फर्जी मतदान तय है। इसी को रोकने के लिए यूरोप और अमेरिका में करीब हर साल सूचियां अपडेट होती है। इसकी मांग की जगह विरोध करना संविधान की रक्षा है या हत्या?

**मिहिर झाः** तमाम कंपनियों के गिग वर्कर्स से लेकर माल में क्रेडिट-डेबिट कार्ड बेचने वाले कर्मचारी भी शायद काम को लेकर वैसी शिकायत करते हो, जैसा इन दिनों बीएलओ करते दिख रहे रहे है।

# पंजाब की राजनीति में बीजेपी का संघर्ष, क्या 2027 में बदलेगी तस्वीर

## धार्मिक–क्षेत्रीय राजनीति के बीच बीजेपी पंजाब में गठबंधन का असमंजस

दैनिक अर्थ प्रकाश



पंजाब का राजनीतिक परिदृश्य पिछले एक दशक में जिस तेजी से बदला है, उसने राज्य की सभी पार्टियों को अपनी रणनीतियां नए सिरे से सोचने पर मजबूर किया है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के लिए यह चुनौती और भी गहरी हो गयी है, क्योंकि पारंपरिक रूप से पंजाब में उसकी राजनीतिक ताकत सीमित रही है। किसान आंदोलन के दौरान अकाली दल के साथ गठबंधन टूटने के बाद पहली बार पार्टी पूर्ण रूप से अपने दम पर राजनीतिक जमीन हासिल करने की कोशिश कर रही है। इस प्रयास में उसे जहां नए अवसर दिखते हैं, वहीं कई चुनौतियां भी पार्टी के सामने आती हैं।

बीजेपी की सबसे बड़ी चुनौती किसान आंदोलन की पृष्ठभूमि से पैदा हुआ अविश्वास है। 2020-21 के कृषि कानूनों के विरोध के दौरान पंजाब में पार्टी की छवि को गहरा धक्का लगा था। यह उल्लेखनीय है कि आंदोलन की यादें आज भी ग्रामीण पंजाब के मन में ताज़ा हैं। किसान समुदाय और सिख संगठन अब भी तीखे तेवर अपनाए हुए हैं। ऐसे में बीजेपी की नई राजनीति को विश्वास बहाली की लंबी प्रक्रिया से गुजरना होगा। केवल घोषणाएं और योजनाएं पर्याप्त नहीं होंगी; पार्टी को जमीनी स्तर पर उपस्थित होकर संवाद का वातावरण बनाना होगा।

दूसरी ओर, संगठनात्मक स्तर पर बीजेपी राज्य में नए प्रयोग कर रही है। नेतृत्व में बदलाव से लेकर बूथ प्रबंधन तक, पार्टी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह पंजाब को दीर्घकालिक राजनीतिक निवेश के रूप में देख रही है। 117 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने के संदेश ने आत्मनिर्भरता की नीति की झलक तो दी है,



लेकिन इसका व्यावहारिक असर तभी दिखेगा जब पार्टी ग्रामीण इलाकों में अपनी पैठ बढ़ाने में सफल हो सकेगी। फिलहाल कई बार उपचुनावों में जमानत तक जब्त होना इस बात का संकेत है कि संगठनात्मक नेटवर्क अभी मजबूत नहीं हो पाया है। राज्यस्तर पर पार्टी के नेतृत्व की कार्यशैली कार्यकर्ताओं में विश्वास बनाने की जद्दोजहद करती नजर आती है।

दूसरी ओर गठबंधन की दुविधा भी पार्टी के लिए एक बड़ा राजनीतिक असमंजस पैदा करती है। अकाली दल के साथ संबंधों का इतिहास लंबा और प्रभावशाली रहा है। आज जब दोनों दल राजनीतिक दूरी पर हैं, तब भाजपा के सामने प्रश्न यह है कि वह आगे किस रास्ते पर चले। राज्य इकाई जहां अकेले लड़ने के पक्ष में दिखती है, वहीं केंद्रीय नेतृत्व कभी-कभी गठबंधन की संभावना को खुला छोड़ देता है। यह अस्पष्टता न केवल कार्यकर्ताओं को उलझन में डालती है, बल्कि मतदाताओं में भी विशवास को कमजोर करती है।

पंजाब की वर्तमान राजनीतिक स्थिति में आप, कांग्रेस और अन्य क्षेत्रीय दलों के बीच प्रतिस्पर्धा ने नए राजनीतिक पैमाने तैयार किए हैं। यदि भाजपा इस स्पेस को समय रहते समझे और संगठनात्मक मजबूती के साथ ग्रामीण और सिख समुदाय में विश्वास बढ़ाने की दिशा में काम करे, तो आने वाली चुनावी लड़ाइयों में उसका प्रभाव निश्चित रूप से बढ़ सकता है।

शहरी मतदाताओं में उसकी पकड़ तुलनात्मक रूप से मजबूत है। युवाओं और व्यापारिक वर्ग में विकास, रोजगार और अवसरों की राजनीति अभी भी आकर्षक मुद्दे हैं। इसके साथ ही यदि केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ यदि ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए, तो पार्टी धीरे-धीरे नई जमीन तैयार कर सकती है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि पंजाब में बीजेपी का सफर आसान नहीं, लेकिन असंभव भी नहीं है। राज्य की सामाजिक-राजनीतिक संरचना बेहद जटिल है, जिसमें कृषि, धर्म, क्षेत्रीय पहचान और स्थानीय नेतृत्व की भूमिका अहम है। बीजेपी को इन सभी आयामों को संवेदनशीलता और वास्तविक समझ के साथ संभालना होगा। यदि पार्टी ग्रामीण भरोसा हासिल कर पाए और संगठन को मजबूत कर सके, तो आने वाले वर्षों में वह पंजाब की राजनीति में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में उभर सकती है।

**-दिनेश दिक्षित**
राजनीतिक विश्लेषक

**मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय छात्र संघ आईजीएमसी के वार्षिक समारोह 'स्टीमुल्स' की अध्यक्षता की**

# सूबे के 5 चिकित्सा महाविद्यालय होंगे विश्व स्तरीय चिकित्सा तकनीक से लैस : सुक्खू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय शिमला (आईजीएमसी) के सभागार में केन्द्रीय छात्र संघ आईजीएमसी द्वारा आयोजित वार्षिक समारोह स्टीमुल्स-2025-26 की अध्यक्षता की।

मुख्यमंत्री ने आकर्षक एवं भावपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि आईजीएमसी के छात्र हर क्षेत्र में सराहनीय प्रदर्शन करते हैं। इस चिकित्सा महाविद्यालय के छात्रों ने देश-विदेश में प्रदेश का नाम रोशन किया है। राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र का विकास इस तरह कर रही है कि प्रदेश के युवा हर वैश्विक चुनौती और प्रतिस्पर्धा का सामना कर सकें।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों के लिए इन्सेंटिव पॉलिसी लाने की घोषणा की। यह इन्सेंटिव विभिन्न मानकों पर आधारित होंगे। उन्होंने कहा कि आगामी बजट में पीजी रेजिडेंट छात्रों को प्रथम वर्ष में 50 हजार रुपये, द्वितीय वर्ष में 60 हजार रुपये और तृतीय वर्ष में 65 हजार रुपये प्रतिमाह करने का प्रावधान किया जाएगा।



मुख्यमंत्री ने आईजीएमसी में लेप्रोस्कोप के लिए पांच करो? रुपये प्रदान करने और एनेस्थीसिया विभाग के लिए छह करो? रुपये प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने आईजीएमसी के छात्रावास निर्माण के लिए संबंधित अधिकारियों को भूमि हस्तांतरण शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने आईजीएमसी प्रधानाचार्य को केएनएच से स्त्री रोग विभाग को आईजीएमसी स्थानांतरित करने के लिए प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने को भी कहा।

मुख्यमंत्री ने आईजीएमसी, एआईएमएसएस चमियाणा, आरपीजीएमसी टांडा, नेरचौक और हमीरपुर चिकित्सा महाविद्यालयों में बोन मैरो ट्रांसप्लांट अधोसंरचना विकास के लिए पांच-पांच करोड़ रुपये प्रदान करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार डायग्नोस्टिक सेवाओं में विश्वस्तरीय गुणवत्ता लाना चाहती है ताकि मरीजों को समय पर उचित उपचार मिल सके। उन्होंने प्रदेश के पांच चिकित्सा महाविद्यालयों को विश्व स्तरीय चिकित्सा तकनीक से लैस करने की घोषणा की।

उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए केन्द्रीय छात्र संघ को पांच लाख रुपये प्रदान करने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि चमियाणा संस्थान, आईजीएमसी और टांडा चिकित्सा महाविद्याल में स्मार्ट लैब स्थापित करने के लिए 75 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ तथा आधुनिक बनाने के लिए विशेष रूप से प्रयास कर रही है। हिमाचल के इतिहास में महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश में पहली बार रोबोटिक सर्जरी की सुविधा आरम्भ की है। हाल ही में जिला शिमला के चमियाणा स्थित अटल इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशियलिटीज और जिला कांग?ा के टांडा अस्पताल में रोबोटिक मशीनें स्थापित कर इस सुविधा की शुरूआत की गई है। यह सुविधा राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र के इतिहास में एक नए युग का आगाज है।

राज्य सरकार ने प्रदेश में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता तथा स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास और विस्तार पर तीन ह?ार करो? रुपये से अधिक की धनराशि व्यय करने का फैसला लिया है। प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य संस्थानों में दो दशकों से इस्तेमाल हो रहे पुराने चिकित्सा उपकरणों को नए और अत्याधुनिक उपकरणों से बदलने का निर्णय लिया है। राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में चिकित्सा उपकरण गुणवत्ता और आधुनिकता के मानकों में एम्ज दिल्ली और पीजीआई चंडीगढ़ के समान होंगे।

## अग्निशमन सेवाओं में महिलाओं को किया जाएगा शामिल

**मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा के 63वें स्थापना दिवस की अध्यक्षता की**



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला स्थित सरघीण में हिमाचल प्रदेश गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा के 63वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश गृह रक्षा, नागरिक सुरक्षा अग्निशमन सेवा तथा राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि विभाग के कर्मचारियों का प्रदेश की सुरक्षा और निर्माण में उल्लेखनीय योगदान है।

उन्होंने कहा कि गृह रक्षा एवं अग्निशमन सेवाओं ने वर्षभर में 708 खोज एवं बचाव अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। इन अभियानों में 448 लोगों की जान बचाई गई। यह विभाग की कार्यकुशलता का परिणाम है। विभाग की पेशेवर क्षमता व दक्षता से प्रदेश में दो हजार करो? की संपत्ति को नुकसान से बचाया गया है। गृह रक्षा विभाग ने एक हजार 35 स्थलों पर जल स्रोतों एवं जल निकायों का जीर्णोद्धार किया है, जो अत्यंत सराहनीय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण को विशेष अधिमान दे रही है। सरकार व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय से सकारात्मक बदलाव ला रही है। उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग में महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा, इसके दृष्टिगत भर्ती नियमों में जरूरी बदलाव किये जाएंगे। प्रदेश में होम गार्ड की भर्ती भी शीघ्र ही की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा विभाग को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अग्निशमन विभाग में चार नई अग्निशमन इकाइयां स्थापित की गई है, जिनमें देहा, उबादेश, नेरवा तथा इंदौरा शामिल हैं। इस वर्ष 27 अग्निशमन वाहनों की खरीद की गई है। इन इकाइयों के लिए 150 पद स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अग्निशमन आधुनिकीकरण योजना के तहत 55 करो? रुपये का प्रावधान किया गया है। एसडीआरएफ की संचालन क्षमताओं को ब?ाने के लिए छह करो? रुपये के उन्नत उपकरणों की खरीद की गई है, जिनमें हवाई सर्वेक्षण, खोज और आपदा सम्भावित क्षेत्रों की निगरानी के लिए ड्रोन शामिल हैं, इससे प्रतिक्रिया तैयारी और प्रयासों में सुधार हुआ है।

# हिमाचल प्रदेश को मिला पहला 'पीपल फर्स्ट इंटीग्रेशन अवॉर्ड'

**हिमाचल ने डिजिटल भविष्य की ओर बढ़ाया बड़ा कदम, सुशासन में व्यापक सुधार**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सुशासन और शिक्षा में डिजिटलीकरण को ब?ावा देना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रखा है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश को उभरते 'आईटी हब' के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है और व्यवस्था परिवर्तन के तहत प्रदेश में कई तकनीक-आधारित सुधार लागू किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय प्रक्रियाओं और सेवाओं का डिजिटलीकरण होने से कार्य क्षमता, पारदर्शिता और नागरिक सुविधा में ब?ा सुधार हुआ है। ई-ऑफिस व्यवस्था से फाइलों की डिजिटल मूवमेंट, वर्कफ्लो ऑटोमेशन और दस्तावेज प्रबंधन के माध्यम से प्रशासन को पेपरलेस बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है। वर्तमान में प्रदेश में 632 कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य किया जा रहा है, जिनमें हिमाचल प्रदेश सचिवालय की 108 शाखाएं, 98 निदेशालय, 59 उपमंडलाधिकारी कार्यालय, 88 खंड विकास अधिकारी कार्यालय, सभी उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा 254 अन्य फील्ड कार्यालय शामिल हैं। बोनाफाइड हिमाचली, कानूनी उत्तराधिकारी प्रमाण-पत्र, भूमि स्वामित्व प्रमाण-पत्र, आर्थिक रूप से कमजोर, आय एवं बीपीएल प्रमाण-पत्र, यूटिलिटी बिल भुगतान तथा बेटी है अनमोल योजना सहित कई सेवाएं अब डिजिटल रूप से उपलब्ध हैं। 'माई डीड' और सरल 'जमाबंदी' जैसे नए मॉड्यूल ने संपत्ति पंजीकरण और पटवार कार्यों को डिजिटाइज कर दिया है, इससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और वह अपना पंजीकरण आसानी से कर सकेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों को पहुंचाने के लिए 1,226 नए लोकमित्र केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिससे लोगों को हिमसेवा पोर्टल की सुविधाएं घर-द्वार के निकट उपलब्ध हो रही हैं।

'हिमसेवा ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल'' के माध्यम से अब 449 सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर मिल रही हैं। पिछले तीन वर्षों में राज्य सरकार ने इस पोर्टल पर 233 नई सेवाएं उपलब्ध करवाई हैं। डिजिटल एकीकरण से लोग अपने डिजिटल दस्तावेज सुरक्षित रूप से प्राप्त कर पा रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस विभाग ने 51 सेवाओं के साथ 'हिम परिवार' और 'हिम एक्सेस कार्ड' को भी डिजिटल कर दिया है, जिसके लिए राज्य को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 'पीपल फर्स्ट इंटीग्रेशन अवॉर्ड' मिला है।

# हिमाचल पुलिस ऊना को तीन हाईटेक वाहन मिले, एक क्रेन

**एसपी अमित यादव ने झंडी दिखा रवाना किया, ट्रैफिक प्रबंधन ब दुर्घटनाओं में त्वरित सहायता मिलेगी**

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार बढ़ती चुनौतियों के बीच हिमाचल प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए पुलिस विभाग ऊना को तीन अत्याधुनिक हाईटेक वाहन सौंपे हैं। ये वाहन ऐसी आधुनिक तकनीक से लैस हैं, जो सड़क पर होने वाले हर तरह के ट्रैफिक उल्लंघन की तुरंत पहचान करने में सक्षम हैं।

सरकार के अनुसार, इन वाहनों को विशेष रूप से नशे में ड्राइविंग , तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाने, और अन्य सड़क सुरक्षा नियमों की निगरानी के लिए तैनात किया गया है।

मेहतपुर-ऊना , घुसाड़ा मुबारकपुर, झले?ा टू बनखंड खंडी मार्ग पर विशेष सक्रियता होगी मुख्य मार्गों पर पेशेवर निगरानी के लिए नियुक्त किया गया है। यह क्षेत्र औद्योगिक तथा आवागमन की दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है, जहाँ ट्रैफिक दबाव अधिक रहता है।

इन गाड़ियों में लगे हाई-रेज़ॉल्यूशन कैमरे, नाइट-विज़न सिस्टम, ब्रीथ ऐनालाइज़र, रिकॉर्डिंग डिवाइस और लाइव डेटा अपलोड सिस्टम रात-दिन सड़क पर होने वाली गतिविधियों को कैद करेंगे। किसी भी संदिग्ध वाहन, नशे में चालक या तेज रफ्तार ड्राइविंग की तुरंत रिपोर्ट कंट्रोल रूम तक पहुँचेगी।

पुलिस अधीक्षक का मानना है कि इन हाईटेक वाहनों की तैनाती से न केवल सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि प्रदेश में जवाबदेह और सुरक्षित ड्राइविंग संस्कृति को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी वाहन चालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हाईटेक वाहनों की मदद से टीमों को और मजबूत किया गया है। प्रशिक्षित कर्मी इन वाहनों का संचालन करेंगे और पूरा अभियान वैज्ञानिक तरीके से चलाया जाएगा।

### वाहनों की विशेषताएं

24 घंटे निगरानी क्षमता।

डिजिटल ब्रीथ एनालाइज़र से तुरंत नशे की जांच।

स्मार्ट कैमरा सिस्टम जो नंबर प्लेट से लेकर ड्राइवर की गतिविधि तक रिकॉर्ड करता है।

रीयल-टाइम ट्रैफिक डेटा कंट्रोल रूम तक भेजने की सुविधा।

एंबुलेंस और पुलिस यूनिट्स को तुरंत अलर्ट भेजने की क्षमता।

### जनता से अपील

पुलिस अधीक्षक ऊना अमित यादव ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, नशा करके वाहन न चलाएँ और सड़क पर अनुशासन बनाए रखें ताकि दुर्घटनाएँ रोकी जा सकें और जीवन सुरक्षित रह सके। अमित यादव ने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्टेट रोड ट्रांसफॉर्मेशन परियोजना के तहत विश्व बैंक की मदद से इन वाहनों को खरीदा गया है। तीन साल में स?क दुर्घटनाओं में लगातार गिरावट दर्ज की गई । उन्होंने कहा कि रैकर (क्रेन) वाहनों की तैनाती से दुर्घटनाओं के बाद वाहनों को तुरंत हटाकर यातायात सामान्य करने में मदद मिलेगी। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भटिया भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ऑनलाइन आवेदन से आसान हुई बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया : डॉ. हीरा नंद

**कुल्लू 6 दिसबर (अशेष शर्मा)।** जिला बाल संरक्षण इकाई लाहौल-स्पीति द्वारा दत्तक ग्रहण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी तथा जनसुलभ बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत यूरनाथ में खंड-स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पंचायत प्रतिनिधि तथा महिला मंडल के लगभग 80 सदस्यों ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य दत्तक ग्रहण अधिनियम 2022 एवं ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाना था। जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. हीरा नंद ने बताया कि भारत सरकार ने दत्तक ग्रहण अधिनियम 2022 को बेहद सरल और पारदर्शी बनाया है। इसके अंतर्गत कोई भी महिला, पुरुष अथवा विवाहित दंपत्ति बच्चा गोद लेने के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि दत्तक ग्रहण प्रक्रिया की शुरुआत सेंट्रल एडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी की आधिकारिक वेबसाइट से ऑनलाइन की जाती है। इच्छुक अभ्यर्थी जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय में जाकर भी आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दत्तक ग्रहण से संबंधित सही जानकारी के अभाव में अक्सर लोगों को भ्रम और कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, इसलिए जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। बाल कल्याण समिति के सदस्य हीरा लाल ने दत्तक ग्रहण मामलों में समिति की भूमिका पर प्रकाश डाला।

# राज्यपाल ने आपदा से निपटने के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस और भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यों ने आज राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। इस अवसर पर सोसाइटी ने राज्यपाल को शिमला स्थित राज्य रेडक्रॉस भवन में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के बारे में अवगत करवाया।

राज्यपाल ने सोसाइटी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रशिक्षण कार्यशालाएं क्षमता निर्माण और आपदाओं से निपटने के लिए बेहतर तैयारियां और समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन निरंतर किया जाना चाहिए ताकि रेडक्रॉस संकट के समय प्रभावी प्रशिक्षण और टीमवर्क के माध्यम से लोगों की सहायता में विशेष योगदान दे सकें।

कार्यशाला का आयोजन भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी और हिमाचल प्रदेश रेडक्रॉस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। यह कार्यशाला राज्य में रेडक्रॉस की गतिविधियों को और सुदृढ़ करने तथा स्वयंसेवकों की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ आपदा प्रतिक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण रही। राज्य रेडक्रॉस सोसाइटी के सहायक सचिव संजीव कुमार ने क्षमता निर्माण से जु? तकनीकी सत्रों का संचालन किया। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में कई महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई जिनमें रेडक्रॉस मूवमेंट, मूल सिद्धांत, स्वयंसेवक प्रबंधन, राज्य एवं जिला शाखाओं के मध्य समन्वय, लाभार्थियों तक पहुंच, संगठनात्मक विकास, मानवीय सेवाओं के लिए संसाधन जुटाने, आपदा तैयारी और प्रतिक्रिया तंत्र जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया था।

## बागवानी कॉलेज युवा महोत्सव चैंपियन घोषित



अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में आयोजित वार्षिक अंतर महाविद्यालय युवा उत्सव में औद्यानिकी महाविद्यालय, नौणी को समग्र चैंपियन घोषित किया गया। तीन दिवसीय युवा महोत्सव का समापन शुक्रवार शाम हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के चारों महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने साहित्यिक, नाट्य, ललित कला, संगीत और नृत्य की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्ण भागीदारी दर्ज करवाई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सोलन के अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन रहे।

अंतिम दिन आयोजित बहुप्रतीक्षित समूह नृत्य प्रतियोगिता में थुनाग कॉलेज ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि औद्यानिकी कॉलेज दूसरे स्थान पर रहा। समग्र परिणामों में औद्यानिकी कॉलेज ने युवा चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि वानिकी कॉलेज उपविजेता रहा।

साहित्यिक प्रतियोगिताओं में वाद-विवाद में औद्यानिकी की ओशीन शर्मा प्रथम और नेरी की प्रीतिका द्वितीय रहीं। वक्तृत्व कला में औद्यानिकी की एलीन चौहान और सिया शर्मा ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एक्सटेम्पोर में औद्यानिकी की प्रिया ठाकुर प्रथम और वानिकी की शैफाली शर्मा द्वितीय रहीं। नाट्य प्रतियोगिताओं में भी सभी कॉलेजों द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया। स्किट प्रतियोगिता में औद्यानिकी कॉलेज विजेता रहा जबकि नेरी कॉलेज दूसरे स्थान पर रहा।

**याद** | **राज्यपाल ने महापरिनिर्वाण दिवस पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की**

# डॉ. अम्बेडकर ने सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों की मजबूत नींव रखी : राज्यपाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों की मजबूत नींव रखी, जो आने वाली पी?ियों का निरंतर मार्गदर्शन करती रहेगी। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों को अपनाकर एक समावेशी, न्यायपूर्ण एवं सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देना हम सभी की जिम्मेदारी है।



राज्यपाल ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर द्वारा निर्मित संविधान पर आधारित भारतीय लोकतंत्र को विश्व का आज सबसे ब?ा लोकतंत्र माना जाता है। उन्होंने कहा कि संविधान के विभिन्न प्रावधानों और अनुच्छेदों के माध्यम से देश का प्रत्येक नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों से भलीभांति परिचित है। शुक्ल ने कहा कि हम अपने अधिकारों के प्रति हमेशा सजग रहते हैं लेकिन हमारे अधिकार तभी सुरक्षित रह सकते हैं जब हम अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करेंगें। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस फेडरेशन के देव जी भुज्जिया एवं रचना तथा अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी के जॉन जॉर्ज तथा राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी डॉ. अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।

## मुख्यमंत्री ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भारत रत्न और भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर आज चौ?ा मैदान, शिमला स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर एक महान राजनीतिज्ञ और सामाजिक उन्नायक थे। उन्होंने समानता, न्याय और अधिकारों की ल?ाई ल?ी। उन्होंने भारतीय संविधान तैयार करते समय सभी के लिए समान अधिकार सुनिश्चित किए और देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी विरासत आधुनिक भारत को आकार दे रही है। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार, उप महापौर उमा कौशल, महाधिवक्ता अनूप रत्न, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगूराम मुसाफिर, पूर्व महापौर, पार्षदगण, उपायुक्त अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी और अन्य गणमान्य इस अवसर पर उपस्थित थे।


**HIMACHAL PRADESH**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**

No. : PW/EDP/CB/TA/NIT/2025-26/- 6847-51 Dated: 5-12-2025

**"E-Procurement Notice"**
**Invitation for Bids (IFB)**

The Executive Engineer, Electrical Division, HPPWD Palampur, Distt. Kangra, HP on behalf of Governor of Himachal Pradesh invites the item rate bids in Two Covers system in Electronic Tendering System from approved and eligible contractors/firms registered with HPPWD (E) fulfilling the qualifying criteria along with the documents for the works as detailed below in the table:

| Sr. No. | Name of works | Estimated cost | Earnest Money | Time Limit | Cost of bid document |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Govt. ITI Building Tissa at Koti District Chamba (HP) (SH:- Providing E.I. therein). | 53,59,423/- | 86100/- | One Year | 2000/- |

| Key/Critical Dates: | | Publish Date/Time | 12-12-2025 | 5.00 PM |
|---|---|---|---|---|
| 2 | Document Download Start Date/Time | 12-12-2025 | 5.00 PM | |
| 3 | Bid Submission Start Date/Time | 12-12-2025 | 5.00 PM | |
| 4 | Bid Submission End Date/Time | 18-12-2025 | 10.00AM | |
| 5 | Bid Opening Date/Time | 18-12-2025 | 11.30 AM | |

The bidders are advised to note other details and terms & conditions of tenders from the departmental website www.hptenders.gov.in

-sd-
Executive Engineer,
Electrical Division,
HPPWD Palampur - PIN-176061.
e-mail: ee-elep-hp@nic.in
On behalf of Governor of Himachal Pradesh

RO NO. 4916_2025-2026

## चंडीगढ़ प्रशासन में बदलाव : स्वप्निल एम. नाइक की छुट्टी के दौरान जिम्मेदारियां बांटी गईं

**चंडीगढ़, 6 दिसंबर।** प्रशासन में आईएएस अधिकारी स्वप्निल एम. नाइक( सचिव (पर्सनल), चंडीगढ़ प्रशासन), 6 दिसंबर 2025 से 4 जनवरी 2026 तक छुट्टी पर रहेंगे। उनकी अनुपस्थिति में उनकी कुछ जिम्मेदारियों का कार्य निम्नलिखित अधिकारियों को सौंपा गया है। प्रेरणा पुरी, (आईएएस) सचिव, कमेटी हाउस अलॉटमेंट,

प्रदीप कुमार चेयरमैन, सिटको, अनुराधा एस. चगती, (सीएसएस) सचिव, पर्सनेल और सचिवालय एस्टैब्लिशमेंट तथा सचिव, हॉस्पिटैलिटी संभालेंगी। चंडीगढ़ प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ये अधिकारी अपनी मौजूदा जिम्मेदारियों के साथ-साथ उपरोक्त कार्य भी संभालेंगे।एच. राजेश प्रसाद( मुख्य सचिव, यू.टी., चंडीगढ़) ने यह आदेश 5 दिसंबर 2025 को जारी किया।

### पंचकूला में 4 दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल के शुभारंभ पर स्टूडेंट्स को किया प्रेरित

# अंतरिक्ष में जाने वालों की लगेगी झड़ी : शुभांशु शुक्ला

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला।** अब भारत में अंतरिक्ष में जाने वालों की झड़ी लग जाएगी, बस इच्छाशक्ति रखिए, आगे बढने् का हौंसला रखिए। यह कहना है इंडियन एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला का।

वह शनिवार को पंचकूला में हो इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल में वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और भारी संख्या में मौजूद विद्यार्थियों के साथ रूबरू होकर बोल रहे थे। उन्होंने कहा आज बहुतकनीकी, बहुउद्देशीय और आसान प्रशिक्षण से एस्ट्रोनॉट बनना बेहद आसान है। शुभांशु शुक्ला ने अपने अंतरिक्ष मिशन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि अंतरिक्ष से भारत का दृश्य अद्भुत दिखाई देता है और हमारा देश सारे जहां से अच्छा प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि लगभग 20 दिन की अपनी अंतरिक्ष यात्रा के दौरान उन्होंने अनेक वैज्ञानिक प्रयोग किए और गगनयान मिशन के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाई, जो भारत की मानव अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ेंगी। इसके अलावा उन्होंने भारत-केंद्रित भोजन, दवाइयों और नवीन तकनीकों पर भी प्रयोग किए।

शुभांशु शुक्ला ने कहा कि भारत विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में तेज़ी से प्रगति कर रहा है और यह हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है कि देश इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। उन्होंने युवाओं, विशेषकर बच्चों, से विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। युवा आगे बढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों में विज्ञान के प्रति बढ़ती रुचि उत्साहजनक है और अध्यापकों की भी जिम्मेदारी है कि वे बच्चों के एस्ट्रोनॉट बनने के सपनों को साकार करने में मार्गदर्शन दें।

### पहले इंडियन एस्ट्रोनॉट राकेश पायलट को माना आदर्श

शुभांशु शुक्ला 1984 में राकेश शर्मा के बाद स्पेस में जाने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय हैं। शुभांशु शुक्ला ने बताया कि सभी सात माइक्रोग्रैविटी एक्सपेरिमेंट और दूसरी प्लान की गई एक्टिविटी को सफलतापूर्वक पूरा कर किया, और अग्जियोंम-4 मिशन में एक अहम मुकाम हासिल किया है। शुभांशु ने एक सवाल के जवाब में कहा कि पहले इंडियन एस्ट्रोनॉट राकेश पायलट को उन्होंने अपना आदर्श माना था। उन्होंने अंतरिक्ष यात्रा से पहले अपने प्रशिक्षण के अनुभव भी साझा किए।

### प्रधानमंत्री की घोषणा ने दी प्रेरणा

इंटरएक्टिव सत्र के दौरान शुभांशु शुक्ला ने छात्रों और युवाओं के प्रश्नों के उत्तर दिए और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होने बताया कि जिस दिन वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से कहा था कि जल्द ही भारत से हमारा बेटा या बेटी अंतरिक्ष में जाएंगे। उस घोषणा ने उनके मन में अंतरिक्ष में जाने की प्रेरणा जागृत की थी। उसी दिन से उन्होंने इस दिशा में निरंतर प्रयास शुरू कर दिए। उन्होंने कहा परिस्थितियां कैसी भी हों मनुष्य को प्रयास करते रहना चाहिए सफलता एक न एक दिन अवश्य मिलती है।



## महासती श्री अनीता जी महाराज विहार कर पहुंचे, जैन सभा सदस्यों ने लिया आशीर्वाद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 6 नवंबर।** प्रबल पुरुषार्थी महासती श्री राजेश्वरी जी महाराज की सुशिष्या तपोनिधि मौन साधिका अनथक पराक्रमी महासती श्री सुलक्षणा जी महाराज की सुशिष्या प्रतिभापुंज महासती श्री अनीता जी महाराज ठाणे-5 का शनिवार को अर्थ प्रकाश भवन सेक्टर 29 चंडीग? में विहार हुआ। विजय कुमार जैन, अध्यक्ष, एस.एस.एस. जैन सभा, चंडीगढ़, सेक्टर 20, चंडीगढ़ के निवास से होते हुए महासती श्री अनीता जी महाराज सुबह सेक्टर 29 स्थित अर्थ प्रकाश भवन में वरिंदर कुमार के निवास पर पधारे। उनका रात्रि विश्राम यही हुआ और रविवार को वह जीरकपुर के लिए विहार करेंगे। अर्थ प्रकाश भवन पहुंचने के बाद जैन अनुयायियों और जैन सभा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने विहार में शामिल होकर महासती श्री अनीता जी महाराज का आशीर्वाद ग्रहण किया। वरिंदर कुमार ने बताया कि महासती श्री अनीता जी महाराज 8 किलोमीटर का विहार करते हुए जीरकपुर पहुंचेंगे।

## नशे की गोलियों का जखीरा बरामद, तस्कर को रिमांड पर लेकर जांच में जुटी पुलिस

ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन में पंचकूला पुलिस ने लोमोटिल की 1320 गोलियां बरामद की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** एंटी नारकोटिक्स सेल ने 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन' के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नशीली दवाओं की सप्लाई करने वाले एक सप्लायर को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि पिंजौर क्षेत्र में एक युवक नशीली गोलियों की सप्लाई करता है और वह अपने किसी साथी को सौंपने के लिए पिंजौर-बद्दी हाईवे से सटे सुखोमाजरी बाइपास के पास आएगा। सूचना के आधार पर इंचार्ज प्रवीण कुमार के नेतृत्व में टीम ने मौके पर विशेष निगरानी स्थापित की और रणनीतिक तरीके से रेड कर युवक को काबू कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान करण कुमार (24) , निवासी गांव बसोला, थाना पिंजौर के तौर पर हुई। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से वाणिज्यिक मात्रा में लोमोटिल की 1320 नशीली गोलियां बरामद की गई। आरोपी के पास इस तरह की दवा रखने का कोई वैध लाइसेंस नहीं था। इस पर थाना पिंजौर में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 22(सी) व 27(ए) के तहत केस दर्ज किया गया है। डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि आरोपी को आज कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस आरोपी से यह पता लगाएगी कि वह नशीली गोलियां कहां से खरीदता था, किन-किन लोगों को सप्लाई करता था और उसके नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल है। पुलिस का लक्ष्य पूरे सप्लाई चेन को चिन्हित कर जड़ से खत्म करना है।



## पारस हेल्थ ने डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन डेराबस्सी के साथ किया एमओयू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पारस हेल्थ पंचकूला ने डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, डेराबस्सी के साथ एक महत्वपूर्ण मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) साइन किया है। इस नई साझेदारी के तहत लगभग 3,000 वकीलों को विशेष स्वास्थ्य सेवाएँ और रियायती इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। इससे पहले पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन पंचकूला और कालका के साथ हुए समझौतों से 18,000 वकील लाभान्वित हो चुके हैं। नए एमओयू के साथ पारस हेल्थ अब कुल 21,000 से अधिक लीगल प्रोफेशनल्स को कवर करेगा।

समझौते के अंतर्गत पारस हेल्थ पंचकूला में ब्रेन और स्पाइन सर्जरी, जॉइंट रिप्लेसमेंट, कैंसर केयर, जनरल मेडिसिन, मैटरनिटी सेवाएं, उन्नत डायग्नोस्टिक्स सहित कई विशिष्ट सुविधाओं पर विशेष लाभ मिलेंगे। हॉस्पिटल समय-समय पर बार एसोसिएशन के लिए फ्री मेडिकल चेक-अप कैंप भी आयोजित करेगा। यह कदम न केवल आसानी से उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि वकीलों के स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ाने की पहल भी है, जिन्हें अक्सर कार्य दबाव के कारण अपने स्वास्थ्य की अनदेखी करनी पड़ती है।

## सेंचुरी पब्लिक स्कूल नयागांव का 31 वां वार्षिक एवं पुरस्कार वितरण समारोह

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता



**न्यू- चंडीगढ़।** सेंचुरी पब्लिक स्कूल नयागांव का 31 वां वार्षिक एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पंजाब पुलिस के श्री मोहित अग्रवाल सुपरिटेंडेंट पुलिस (हेडक्वार्टर) मोहाली पहुंचे थे उनके साथ नयागांव के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतनाम सिंह भी पहुंचे थे।

जिनका स्वागत सेंचुरी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन सरदार भगत सिंह जी,डायरेक्टर मैडम संतोष सलूजा,प्रिंसिपल श्री राजेश बंसल तथा वाइस प्रिंसिपल मैडम पमेल सलूजा ने पुष्प गुलदस्ता भेंट कर किया ङ्क उनके बाद स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने मुख्य अतिथियों को पुष्प मालाएं पहनाकर किया।

फिर सेंचुरी पब्लिक स्कूल का बैंड मुख्य अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दे कर मंच के सामने तक ले कर गये । प्रोग्राम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। प्रोग्राम के शुरू में स्कूल के चेयरमैन सरदार भगत सिंह जी ने मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया।इसके बाद स्कूल के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम मे कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने बॉलीवुड डांस, हरियाणवी डांस, राजस्थानी डांस, हिमाचली डांस, उत्तराखंड का लोक नृत्य इत्यादि का मंचन किया जिसमें मंच संचालक अंजली, पूनम नेगी, पूनम चौधरी, सीमा सुहाग । इसके साथ ही स्कूल के विद्यार्थियों ने आज समाज में फैल रही नशे की समस्या को दर्शाते हुए एक लघु नाटिका तथा वातावरण प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए भी लघु नाटिका प्रस्तुत की। इन सब कार्यक्रमों को उपस्थित दर्शकों ने बहुत पसंद किया।

इस समारोह के दौरान मुख्य अतिथि श्री मोहित अग्रवाल जी ने सत्र 2024 -2025 के दौरान अपनी कक्षों में प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। सेंचुरी पब्लिक स्कूल नयागांव के प्रींसीपल श्री राजेश बंसल जी को प्राईड ऑफ स्कूल का अवार्ड फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूलस एसोसिएशन ऑफ पंजाब द्वारा किये गये अवार्ड से भी सम्मानित किया गया ।

## न्यूज ब्रीफ

### खेल और युवा सशक्तिकरण मंत्री गौरव गौतम 11 को पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्यातिथि होंगे

**पंचकूला (सुनील सिंघई)।** 6वें स्वर्गीय श्री पन्ना लाल मेमोरियल अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच 10 दिसंबर (बुधवार) को टी.डी.एल. क्रिकेट स्टेडियम, पंचकूला में खेले जाएंगे। हरियाणा स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन (रजिस्टर्ड) के सेक्रेटरी जनरल अमरजीत कुमार के अनुसार, ग्रैंड फाइनल मैच 11 दिसंबर (गुरुवार) को टी.डी.एल. क्रिकेट स्टेडियम, पंचकूला में खेला जाएगा। हरियाणा के माननीय स्पोर्ट्स, लॉ और यूथ एम्पावरमेंट मिनिस्टर श्री गौरव गौतम 11 दिसंबर (गुरुवार) को शाम 4 बजे प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन फंक्शन के चीफ गेस्ट होंगे और वे आने वाले जूनियर किड्स प्लेयर्स और विनिंग टीमों को आशीर्वाद और प्राइज देंगे। एसोसिएशन दोनों फाइनलिस्ट टीमों को ट्रॉफी देगी। एसोसिएशन बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट ऑलराउंडर, बेस्ट विकेट कीपर और बेस्ट फील्डर का अवॉर्ड ट्रॉफी और क्रिकेट किट इक्विपमेंट के साथ देगी। हरियाणा स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन (रजिस्टर्ड) के सेक्रेटरी जनरल अमरजीत कुमार के अनुसार, फ्रबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओफ्र की थीम पर फ्रबेटी खिलाओफ्र के तौर पर रेगुलर गर्ल्स क्रिकेट टूर्नामेंट ऑर्गनाइज़ करने का मुख्य मकसद भारत सरकार का एक सोशल कैंपेन है, जिसका मकसद लड़कियों के लिए दी जाने वाली वेलफेयर सर्विसेज़ के बारे में जागरूकता फैलाना और उनकी एफिशिएंसी को बेहतर बनाना है। जूनियर बॉयज़ टूर्नामेंट ऑर्गनाइज़ करने का मुख्य मकसद जूनियर क्रिकेटरों को तैयार करना और उन्हें अपनी स्किल को बेहतर बनाने और नेशनल लेवल पर अपना टैलेंट दिखाने के लिए सही प्लेटफॉर्म देना है और साथ ही गांव के इलाकों/पिछड़े तबके/समाज की युवा पीढ़ी को ड्रग्स की लत से भी बचाना है।

## हितैषी फाउंडेशन लंबे समय से समाज उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही : मेयर

हितैषी फाउंडेशन ने बढ़ाया हाथ, बच्चों को दिए गरम कोट-स्टेशनरी, 55 महिलाओं को बांटे कम्बल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों की मदद के उद्देश्य से हितैषी फाउंडेशन ने अपनी समाजसेवी पहल को आगे बढ़ाते हुए आज सेक्टर 10 स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में एक विशेष वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर फाउंडेशन द्वारा डी.सी. मॉडल स्कूल के 31 आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को गरम कोट और स्टेशनरी सामग्री उपलब्ध करवाई गई, ताकि वे ठंड से सुरक्षित रहकर अपनी पढ़ाई निरंतर जारी रख सकें। इसके साथ ही 55 जरूरतमंद महिलाओं को गर्म कम्बल वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संचालक रमाकांत भारद्वाज उपस्थित रहे। उन्होंने हितैषी फाउंडेशन की समाजसेवी गतिविधियों–विशेषकर नेत्रदान, अंगदान और देहदान से संबंधित जागरूकता अभियानों की खुलकर सराहना की। भारद्वाज ने कहा कि फाउंडेशन समय-समय पर जरूरतमंदों के लिए उल्लेखनीय कार्य करती रही है और उनके द्वारा किए जा रहे निस्वार्थ प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा कि वे पहले भी कई मौकों पर फाउंडेशन के कार्यक्रमों में शामिल हो चुके हैं और हर बार संस्था की सेवा भावना देखकर प्रभावित हुए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने की। उन्होंने कहा कि हितैषी फाउंडेशन लंबे समय से समाज उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। रक्तदान, अंगदान, शिक्षा सहायता, कोविडकाल में जरूरतमंदों की सहायता, आयुष्मान कार्ड बनाने सहित अनेक जनहितकारी कार्य संस्था द्वारा लगातार किए जाते रहे हैं।




## जीएमएचएस मनीमाजरा के विद्यार्थियों ने 53वीं राज्य स्तरीय वैज्ञानिक प्रदर्शनी में चमक बिखेरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** 53वीं राज्य स्तरीय वैज्ञानिक प्रदर्शनी में जीएमएचएस मनीमाजरा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया।

कक्षा 10वीं की छात्राएँ पलक कुमारी और समीक्षा ने रिक्रिएशनल मैथमेटिकल मॉडलिंग श्रेणी में प्रथम पुरस्कार हासिल किया। उनके इस मॉडल को प्रदर्शनी में विशेष सराहना मिली। इस टीम का मार्गदर्शन सुश्री एकता ने किया।

वहीं सस्टेनेबल एग्रीकल्चर श्रेणी में कक्षा 9वीं के छात्र सनी और मनदीप ने अपने प्रभावशाली मॉडल के दम पर सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इनके प्रोजेक्ट को तैयार करने में सुश्री पुनीत और सुश्री मोनिका सूद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इन सभी उपलब्धियों के पीछे विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस श्रीमती सुखविंदर कौर का कुशल मार्गदर्शन और प्रोत्साहन रहा। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट सफलता पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं।

## नौकरियों से दलित, पिछड़े गायब, इनेलो प्रदेश कोषाध्यक्ष का आरोप-सरकार जानबूझ कर पोस्ट खाली रख रही है

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** इंडियन नेशनल लोकदल के जिलाध्यक्ष शहरी पंचकूला एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने प्रदेश सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया है कि हरियाणा की नौकरियों से दलित पिछड़े पूरी तरह से गायब है।हरियाणा में सरकारी नौकरियों की स्थिति ऐसी बन गई है कि आम जनता का भरोसा ही हिल गया है। यही वजह है कि सरकार जानबूझ कर पोस्ट खाली रख रही है।

सरकार एक ओर मेरिट मेरिट का ढोल पीट रही है और दूसरी ओर आरक्षित सीटों को जानबूझकर खाली छोड़कर दलित, पिछड़ी जातियों और सामान्य गरीब परिवारों के लाखों युवाओं का भविष्य अंधेरे में धकेल रही है। एचपीएससी द्वारा कॉलेज कैडर के असिस्टेंट प्रोफेसर (अंग्रेज़ी) के 613 पदों के लिए लगभग 2200 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी थी, पर सिर्फ़ 151 ही 35 प्रतिशत की न्यूनतम योग्यता पार कर पाए–जबकि डीएससी की 60 में से सिर्फ 1, ओएससी की 60 में से 2, बीसीए की 85 में से 3, बीसीबी की 36 में से 5, ईडब्ल्यूएस की 60 में से 6 और जनरल के 312 पदों में केवल 134 अभ्यर्थी पास हुए। बाकी सभी सीटें खाली रह गई।

इनमें भी हरियाणा से मात्र 10 बच्चे ही हैं बाकी सभी दूसरे राज्यों के हैं। अग्रवाल ने सरकार से पूछा कि क्या हरियाणा के बच्चे अब इतने अयोग्य हो गए कि चपरासी बनने लायक ही बचे है, या फिर कहीं गहरी साज़िश चल रही है? जिस हरियाणा के नौजवान यूपीएससी पास कर देश के ऊंचे-ऊंचे पदों पर पहुँचते हैं, नेटङ्कजेआरएफ में टॉप करते हैं, वही बच्चे अचानक एक असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा में फेल कैसे हो गए? यह बात किसी के गले नहीं उतर रही। लोग कह रहे हैं कि कहीं ऐसा तो नहीं कि सरकार जानबूझकर आरक्षित वर्गों की सीटें खाली छोड़ रही है, ताकि कल को कहा जा सके–÷इन वर्गों से योग्य उम्मीदवार नहीं मिलते, इसलिए आरक्षण की जरूरत ही क्या हैं ?÷ और फिर इन सीटों को या तो सामान्य वर्ग में मिला दिया जाए या गेस्ट फैकल्टी, कॉन्ट्रैक्ट स्टाफ लगाकर स्थायी नौकरियां खत्म कर दी जाएं।

## वंचित बच्चों की शिक्षा के समर्थन में छात्रों ने प्रदर्शित की कलात्मक प्रतिभा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 6 दिसंबर।** ट्राइसिटी के नौ प्रमुख स्कूलों के छात्रों द्वारा बनाई गई 64 पेंटिंग्स को सेक्टर 17 अंडरपास में लगाए गए एक विशेष फंडरेजिंग प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने किया। इसी अवसर पर एनजीओ कब्स क्लब द्वारा नवजीवन हेल्थ सर्विस के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय पहल 'उड़ान 2.0' के पहले अध्याय की शुरुआत की गई। प्रदर्शनी में ट्राइसिटी और आसपास के नौ प्रतिष्ठित स्कूलों के उत्साही युवा कलाकारों ने भाग लिया। गुरु नानक पब्लिक स्कूल (चंडीगढ़), सेंट सोल्जर्स स्कूल (पंचकूला), स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल (चंडीगढ़), चितकारा इंटरनेशनल स्कूल (चंडीगढ़), अंकुर स्कूल (चंडीगढ़), एमिटी इंटरनेशनल स्कूल (मोहाली), एटीएस वैली स्कूल (डेराबस्सी), पाइनग्रोव स्कूल (धरमपुर) और पाइनग्रोव स्कूल (सबाथू) के छात्र कलाकारों ने अपनी मनमोहक पेंटिंग्स प्रदर्शित कीं।

उल्लेखनीय है कि कब्स क्लब ट्राइसिटी के वंचित बचों के सहयोग और सशक्तिकरण के लिए समर्पित एक गैर-लाभकारी संस्था है। हरप्रीत कौर बबला ने कहा, ÷हमारे ट्राइसिटी के युवा कलाकारों ने साबित किया है कि जब बचे अपनी प्रतिभा को किसी नेक उद्देश्य के लिए उपयोग करते हैं, तो वे परिवर्तन के सशक्त दूत बन जाते हैं। मैं कब्स क्लब और नवजीवन हेल्थ सर्विस की सराहना करती हूँ जिन्होंने वंचित स्कूलों के समर्थन के लिए यह महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया है। कब्स क्लब की संस्थापक मीनू पराशर, जो लगातार वंचित बचों के उत्थान के लिए कार्यरत हैं, ने कहा कि उड़ान 2.0' से प्राप्त धनराशि सीधे कब्स क्लब द्वारा अडॉप्ट गए स्कूलों–ब्राइट स्पार्क्स स्कूल, ग्रीनवुड स्कूल (खरड़), एटीएस डे-केयर (मोहाली), गवर्नमेंट स्कूल तोगां और कंडाला–का सहयोग करेगी। हम इन जरूरतमंद स्कूलों को आवश्यक शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराएंगे ताकि उनके इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा सके।

### दीर्घकालिक सहयोग की संस्कृति विकसित करना है मकसद

भाजपा चंडीगढ़ की इंटेलेक्चुअल सेल की स्टेट कन्वीनर डॉ. मोनिका बी. सूद, जिनकी संस्था नवजीवन हेल्थ सर्विस कब्स क्लब के प्रयासों को समर्थन दे रही है, ने कहा कि निजी स्कूल अतिरिक्त सामग्री उपलब्ध कराकर भी वंचित संस्थानों की बहुत सहायता कर रहे हैं। इस पहल के माध्यम से हम समुदाय-आधारित दीर्घकालिक सहयोग की संस्कृति विकसित करना चाहते हैं। इन पेंटिंग्स का आकलन रविंदर शर्मा, वाईस चेयरमैन , चंडीगढ़ ललित कला अकादमी और आर्टिस्ट के.आर कोहली द्वारा किया गया। डॉ. मोनिका ने कहा कि इस पहल के माध्यम से निजी स्कूलों के छात्र न केवल चुनौतियों को समझेंगे, बल्कि अपने वंचित साथियों की प्रतिभा और दृढ़ता को भी पहचान पाएंगे।

आज कैथल में भाजपा की बैठक, मुख्यमंत्री, प्रदेश प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष महत्वपूर्ण मुद्दों पर करेंगे पार्टी पदाधिकारियों से चर्चा

# कार्यकर्ताओं का उत्साह व समर्पण संगठन का आधार: मोहन लाल बड़ौली

स्वदेशी अभियान को घर-घर तक पहुंचाने की बनेगी योजना-रचना

सीएम नायब सैनी आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वदेशी रथ यात्रा को दिखाएंगे हरी झंडी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। भाजपा की रविवार को कैथल में बड़ी बैठक होगी, जिसमें सरकार व संगठन से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। सुबह 11 बजे होने वाली बैठक को मुख्यमंत्री नायब सैनी, भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा संबोधित करेंगे। कैथल के आरकेएसडी कॉलेज में होने वाली इस बैठक में वर्तमान में चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा होगी और आगे के कार्यक्रमों की योजना-रचना तैयार की जाएगी। स्वदेशी अभियान को घर-घर तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा होगी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वदेशी रथ यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

बैठक में सभी जिलों के जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, मोर्चों के अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, आत्मनिर्भर भारत की प्रदेश टोली, आत्मनिर्भर भारत के लोकसभा संयोजक, सभी मंडलों के अध्यक्ष शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि इस महत्वपूर्ण बैठक में सरकार की योजनाओं व संगठनात्मक मुद्दों को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य स्वदेशी अभियान को घर-घर तक पहुंचाने का है। इस बैठक में सभी कार्यकर्ताओं से स्वदेशी अभियान को और गति देने पर भी चर्चा होगी।



श्री बड़ौली ने कहा कि नायब सैनी सरकार ने अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं प्रदेश में चलाई हुई है। इन योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी और नायब सैनी सरकार की योजनाओं से कोई वंचित ना रहे इसके लिए भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह और समर्पण संगठन का आधार है। कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और असीम समर्पण ही प्रत्येक अभियान की प्रेरक शक्ति है।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अभियान के तहत स्वदेशी अपनाने और उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने को लेकर संकल्पित है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी अभियान आर्थिक सशक्तिकरण और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने का एक बड़ा जन आंदोलन बन चुका है।

# ओडिशा के राज्यसभा सांसदों नें चुलकाना नरेश श्याम बाबा के किए दर्शन

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

समालखा। शनिवार को हरियाणा के जिला पानीपत के हल्के के गांव चुलकाना धाम में श्याम बाबा के दर्शन करने ओडीशा राज्य से बीजू जनता दल (बीजेडी) पार्टी से राज्यसभा सांसद निरंजन बिनी व सांसद सुलता देव पहुँचे। जहाँ दोनों नें विधि विधान से पूजा अर्चना कर बाबा श्याम के समक्ष में शीश नवा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं दोनों सांसदों का चुलकाना धाम श्याम मंदिर पहुंचने पर मंदिर कमेटी सदस्यों सहित प्रधान रोशन लाल ने पटका पहनाकर पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

वहीं उड़ीसा राज्य से बीजू जनता दल (बीजेडी) पार्टी से राज्यसभा सांसद निरंजन बिनी नें कहा कि चुलकाना धाम दूर-दूर तक प्रसिद्ध हो गया है। चुलकाना धाम का संबंध महाभारत से है। मान्यता है कि चुलकाना धाम में आज भी पीपल का वह पेड़ है, जिसके समस्त पत्तों में सिर्फ एक बाण से बर्बरीक ने छेद कर दिए थे। इस पीपल के पेड़ के पत्तों में आज भी छेद दिख जाते हैं। चुलकाना धाम में ही बर्बरीक ने अपना शीश भगवान श्री कृष्ण को दान किया था इस को कई नाम से जाना जाता है। वहीं सुलता देव नें बताया कि चुलकाना धाम का पौराणिक महत्व माना जाता है कि चुलकाना धाम वह स्थान है जहाँ बर्बरीक ने शीश दान किया था और श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप के दर्शन किए थे, इसलिए यह बहुत पवित्र है। वहीं आज भी वह पीपल का पेड़ मौजूद है जिसके पत्तों में



बर्बरीक ने एक बाण से छेद किए थे। भक्त यहाँ धागा बांधकर मन्नतें मांगते हैं।

चुलकाना धाम श्री श्याम मंदिर कमेटी प्रधान रोशन छौक्कर ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व प्रसिद्ध चुलकाना नरेश श्याम मंदिर के लिए भक्तों की मान्यता है कि जो भी भक्त यहां बाबा के दरबार में आता है उसके कष्ट दूर हो जाते हैं और बाबा श्याम भगतों कि सभी मनोकामनाएं पूरी करतें हैं। श्याम भक्तों के लिए चुलकाना धाम मंदिर बहुत खास है। यहां दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हरियाणा व अन्य राज्यों सहित देश-विदेश से श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। चुलकाना धाम में हीं भगवान श्री कृष्ण ने बर्बरीक को कलयुग में श्याम नाम से पूजे जाने का वरदान दिया था। मौके पर , बीडीपीओ शक्ति सिंह, प्रवीन, कालू सेवक , कुलदीप पुजारी, संसद के साथ आए, अनिल जैन, दक्षित जैन आदि मौजूद रहे।

# छात्रों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दे, शिक्षा व संस्कार अमूल्य है: कृष्णा गहलावत

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



राई। देवऋर्षि सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 25 वां स्थापना दिवस समारोह सिल्वर जुबली धूमधाम से मनाया गया। समारोह में राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विशिष्ठ अतिथि मोतीलाल नेहरू खेल विश्वविद्यालय के वी सी अशोक कुमार, वीसी की धर्मपत्नी अलकनंदा अशोक, पूर्व आईपीएस सुमन मंजरी, भाजपा युवा नेता जसपाल खेवड़ा ने शिरकत की। स्कूल पहुंचने पर विधायक कृष्णा गहलावत व अन्य अतिथियों का स्कूल के निदेशक जोगेन्द्र आंतिल व प्रधानाचार्या रेनू गहलावत ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मंच संचालन सुभाष सिशोदिया ने किया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों ने नाटक के माध्यम से सामाजिक बुराईयों को दूर करने का संदेश दिया। विधायक कृष्णा गहलावत ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दे। शिक्षा व संस्कार अमूल्य है। स्कूल में छात्रों को शिक्षा व संस्कार दोनो दिए जाते है। स्कूल के छात्र सुमित ओलम्पियन ने देश का नाम रौशन किया। छात्रा डा. एशिका डा. बनकर सेवा कर रही है। इसके अलावा बहुत से ऐसे छात्र जो विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सेवा करके स्कूल का नाम रौशन किया। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणामों के कारण स्कूल के छात्रों को मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व उपायुक्त द्वारा सम्मानित हो सके है। शिक्षा ऐसा माध्यम है, जो नीचे से परिवार को ऊपर उठा देता है। गहलावत ने कहा कि साधारण परिवार में होते हुए उनके बच्चों ने शिक्षा के माध्यम से भारत वर्ष में नाम रौशन किया है। गरीब बच्चों को शिक्षा के माध्यम से अमीर होते है। शिक्षा परिवार, गांव, क्षेत्र को खुशहाल बना देती है। इसलिए अभिभावक बच्चों की शिक्षा में कोई कसर नही छोड़े। बचपन में माता- पिता अपने बच्चों को अच्छा रास्ता दिखा देते है तो वह बच्चा जिदंगी में सफल होता है।

विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि प्रदेश का नाम युवा देशों में भी रौशन कर रहे है। 10 मैडल आते है तो उनमें से 8 मैडल हरियाणा के खिलाड़ियों के होते है। बेहतर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर प्रतिभाशाली छात्रों को अपनी तरफ से विधायक ने 1 लाख रूपयें की राशि देकर सम्मान बढ़ाया। वीसी अशोक कुमार ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की और कहा कि छात्रों की प्रतिभा ने ही दिखा दिया कि स्कूल में छात्रों की शिक्षा पर विशेष बल दिया जाता है। स्कूल निदेशक जोगेन्द्र आंतिल ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों, अभिभावकों का आभार जताया। इस मौके पर नरेन्द्र धीमान, प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला प्रधन, राई स्कूल एसोसिएशन प्रधान दिनेश चौहान, कपिल, नरेन्द्र खेवड़ा, अमन नाहरी के अलावा गणमान्य लोग मौजूद थे।

# विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट से ही करें सम्पर्क: नीतीश अग्रवाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कुरुक्षेत्र। शिक्षा या घूमने के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रेवल एजेन्टों का शिकार बनकर लाखों रुपये गंवा बैठते हैं। लोगों को ऐसे फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की जरूरत है। विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं लें। पुलिस अधीक्षक श्री नीतीश अग्रवाल ने वीजा के नाम पर धोखाधड़ी के बढ़ रहे मामलों के मध्यनजर लोगों को जागरूक करते हुए कही।

जिला पुलिस द्वारा एडवाइजरी जारी कर फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की अपील की गई है। एसपी नीतीश अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा के काफी लोगों की विदेश जाने की इच्छा होती है। लोगों की इच्छा का फायदा उठाकर फर्जी ट्रेवल एजेंट वेबसाइट या सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के द्वारा लोगों से सम्पर्क करते हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित नकली यात्रा विज्ञापनों के माध्यम से एजेंट पीड़ितों को अपने झांसे में फंसा लेते हैं। एजेंटों द्वारा तरह-तरह के लालच देकर पैसे हड़प लिए जाते हैं। बहुत से मामलों मे ये एजेंट आम लोगों को अवैध तरीके से सीमावर्ती दूसरे देशों में भेज देते हैं और वहा से जगंलो, समुन्द्री रास्तों, सड़क मार्ग द्वारा पैदल नावों, कन्टैनरों द्वारा गैर कानूनी तरीके से सीमा पार करवाते हैं। इस यात्रा के दौरान बहुत से लोगों की ठण्ड के कारण, जहरीले जानवरों के काटने से, नाव डुबने या कन्टैनर मे दम घुटने से मृत्यु हो जाती है। बहुत से मामलों मे इस प्रकार से विदेश गये लोगों के पासपोर्ट आदि दस्तावेज अपराधियों द्वारा छीन लिए जाते है और उनसे डरा-धमकाकर गलत कार्य करवाये जाते हैं। इसलिए हमें ऐसे भ्रामक विज्ञापनों से बचकर रहना चाहिए।

# जाट सेवा संघ (छोटूराम धाम) जसिया रोहतक के नए चेयरमैन होंगे गंगाराम श्योराण

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक।** जाट सेवा संघ के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स (ट्रस्टी) की बैठक छोटूराम धाम पर आयोजित की गई,जिसमे 23 ट्रस्टियों मे से एक ट्रस्टी गैरहाजिर था और 3 ट्रस्टियों ने मीटिंग का बहिष्कार किया। कुछ साथियो ने मीटिंग मे व्यवधान डालने की कोशिश की। लेकिन 19 ट्रस्टियों ने काफी चर्चा के बाद चेयरमैन रणधीर सिंह को सर्वसहमति से चेयरमैन पद से हटाकर उनकी जगह गंगाराम श्योराण को जाट सेवा संघ का नया चेयरमैन चुना गया। श्री रणधीर सिंह बोर्ड आफ डायरेक्टर के पद पर बने रहेंगे । भविष्य में चेयरमैन की सभी ज़िम्मेदारी गंगाराम श्योराण के पास रहेगी। बोर्ड आफ डायरेक्टर्स की सलाह से बैंक खातों के संचालन से लेकर विशेषज्ञ समितियों का पुनर्गठन के साथ साथ आगामी कार्यक्रमो की नीति निर्धारण के लिए बोर्ड आफ डायरेक्टर्स व विशेषज्ञ समितियो की सलाह लेकर कार्यक्रमो को संचालित करने के लिए नीति निर्धारण की ज़िम्मेदारी दी गयी। बैठक मे मुख्य रूप से जाट सेवा संघ के सैटलर चौधरी यशपाल मलिक भी उपस्थित रहे।

# अवैध शराब रखने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** जिला पुलिस ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत अवैध शराब बेचने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-निर्देश में थाना लाडवा की टीम ने बिना लाईसैंस शराब बेचने के आरोप में अहसान वासी शिव कॉलोनी लाडवा को गिरफ्तार करके उनके कब्जा से करीब 30 बोतल ठेका देशी शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है।

# समाज के हर वर्ग को समान अधिकार बाबा साहेब की देन: अहलावत

संत गुरू रविदास सेवा समिति द्वारा महा परिनिर्वाण दिवस मनाया


अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। संत गुरू रविदास सेवा समिति द्वारा संविधान दिवस व बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर का 70 वां महा परिनिर्वाण दिवस रविदास मन्दिर में मनाया गया। जिसमें समिति के प्रधान रणधीर सिंह, पूर्व प्रधान दयान्नद अहलावत, श्याम प्रकाश किलसन, कर्मबीर भाटिया आदि ने बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। पूर्व प्रधान दयान्नद अहलावत ने कहा कि संविधान निर्माता, सामाजिक न्याय के पुजारी और दलित, शोषित एवं वंचित वर्गों के मसीहा डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें नमन करते हैं। बाबा साहेब ने अपनी असाधारण बुद्धि, दूरदर्शिता और अथक संघर्ष के बल पर समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने हमें संविधान के रूप में एक ऐसा मजबूत दस्तावेज प्रदान किया जो प्रत्येक नागरिक को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का अधिकार देता है। उनका मानना था कि समाज तभी आगे बढ़ सकता है जब हर व्यक्ति को समान अवसर मिले। हमें संविधान के मूल्यों की रक्षा करते हुए उनके सपनों का भारत बनाना है। इस मौके पर मंजू बाला एडवोकेट, ऋषिराज, सुखबीर, प्रवीण, रामदास, रामफल आदि मौजूद थे।


## सार्वजनिक सूचना

यह आम जनता की जानकारी के लिए है। मैं सुमन पत्नी श्री रणधीर सिंह, गांव शिमला मोलाना, तहसील और जिला पानीपत की रहने वाली, यह घोषणा करती हूं कि मेरी पिछली रजिस्टर्ड सेल डीड नंबर 26/1 तारीख 03/04/2018, 16/07/25 को पानीपत बस स्टैंड पर खो गई है। इस संबंध में एक DDR नंबर 132340252502599 भी पुलिस स्टेशन सिविल लाइन, करनाल में रजिस्टर करवाया गया है। मैं इस प्रॉपर्टी की अभी मालिक हूं और फेड बैंक से लोन ले रही हूं और यह घोषणा करती हूं कि मैंने इसे पूरे भारत में कहीं भी गिरवी नहीं रखा है। अगर मेरी तरफ से कोई लापरवाही होती है, तो मुझ पर सिविल/क्रिमिनल लायबिलिटी होगी। अगर किसी को यह मिलता है या कोई आपत्ति है या अगर मिलता है, तो कृपया 7 दिनों के अंदर संपर्क करें। एडवोकेट भविष्य साहनी, पता:- चैंबर नंबर 501, बेसमेंट जिला कोर्ट, करनाल।

AP-FMG



व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध

ई-निविदा सूचना सं. 18-AMC-Laundry-KIR-25; दिनांक 03-12-2025 । [illegible] "लिनन फैक्टर सिस्टम" में खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का नाम:- 02 (दो) वर्षों के लिए [illegible] लॉन्ड्री का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। निविदा मूल्य: ₹38,67,962.47; बिड सिक्योरिटी: ₹77,400.00; ई-निविदा 26-12-2025 को 15.00 बजे बंद होगी और 26-12-2025 को 15.30 बजे खुलेगी। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट http:// www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।

सीनि. डीएमई/कटिहार

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

AP-6025

## सार्वजनिक सूचना

**श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, यूटी, चंडीगढ़ के समक्ष।**



**विषय:-** स्व. श्रीमती कांता खुल्लर की पंजीकृत वसीयत के आधार पर 100.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 3120, सेक्टर 22-डी, चंडीगढ़ (आरपी 4159) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, श्रीमती कांता खुल्लर 100.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 3120, सेक्टर 22-डी, चंडीगढ़ की स्वामिनी/लीजी है। मीना साहनी, संचित कपूर, वनीता कपूर द्वारा सूचित किया गया है कि श्रीमती कांता खुल्लर की 02.05.2022 को मृत्यु हो गई है तथा उन्होंने मृतक स्वामिनी/लीजी के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:-

| क्र.सं. | कानूनी उत्तराधिकारी का नाम | मृतक के साथ संबंध |
|---|---|---|
| 1 | वनीता कपूर | पुत्री |
| 2 | साहनी | पुत्री |

अब, मीना साहनी, संचित कपूर, वनीता कपूर ने पंजीकृत वसीयत दिनांक 16.07.2001 के आधार पर अपने पक्ष में स्व. श्रीमतीकांता खुल्लर द्वारा आयोजित 100.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 3120, सेक्टर 22-डी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामत: आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथपत्र के साथ समर्थित) लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्त नामत: लाभार्थियों के नामों में उक्त अनुसार हस्तांतरित करदिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

आप हस्तांतरण पत्र जारी करने के पश्चात तीन माह के भीतर लोन सं. 46-एच के अंतर्गत ऋण मुक्ति विलेख निष्पादित करेंगे।

**नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए**

AP-6031

## सार्वजनिक सूचना

**श्री नवीन,** DANICS, **असिस्टेंट एस्टेट ऑफिसर (एस्टेट ऑफिसर की शक्तियों का प्रयोग करते हुए) यू.टी., चंडीगढ़ के समक्ष**



**विषय:-** रेजिडेंशियल साइट 109, सेक्टर 35-A, चंडीगढ़ में 100.00 प्रतिशत हिस्सेदारी के मालिकाना हक के ट्रांसफर के संबंध में, जो फैमिली ट्रांसफर डीड के आधार पर है, जो Sr.No 3152, बुक नंबर 1, वॉल्यूम नंबर पेज नंबर_, तारीख 30/08/2013 को रजिस्टर हुई है।

आम जनता और सभी संबंधित लोगों की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि इस ऑफिस के रिकॉर्ड के अनुसार श्री रणबीर सिंह, रेजिडेंशियल साइट नंबर 109,सेक्टर 35-ए चंडीगढ़ के 100.00 प्रतिशत शेयर के मालिक/पट्टेदार हैं।

श्रीमती सुदर्शन कौर ने बताया है कि श्री रणबीर सिंह, जो ऊपर बताई गई प्रॉपर्टी के 100.00 प्रतिशत शेयर के मालिक थे, उन्होंने 30/08/2013 को सुदर्शन कौर के पक्ष में 100.00 प्रतिशत शेयर का फैमिली ट्रांसफर डीड किया था और यह सब-रजिस्ट्रार, यू.टी., चंडीगढ़ के ऑफिस में सीरियल नंबर 3152, बुक नंबर 1, वॉल्यूम नंबर_, पेज नंबर_, तारीख 30/08/2013 को रजिस्टर किया गया है। अब सुदर्शन कौर ने 30/08/2013 के फैमिली ट्रांसफर डीड के आधार पर ऊपर बताई गई प्रॉपर्टी के 100.00 प्रतिशत शेयर को अपने नाम पर ट्रांसफर करने के लिए अप्लाई किया है।

अगर किसी को भी ऊपर बताए गए एप्लीकेंट्स के नाम पर उस प्रॉपर्टी में बताए गए शेयर के म्यूटेशन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के पब्लिश होने की तारीख से 30 दिनों के अंदर नीचे साइन करने वाले के ऑफिस में लिखित रूप में (मैजिस्ट्रेट/नोटरी द्वारा अटेस्टेड एफिडेविट के साथ) अपनी आपत्ति दे सकता है। ऐसा न करने पर उस प्रॉपर्टी में वह शेयर ऊपर बताए गए बेनिफिशियरी/ बेनिफिशियरीज़ के नाम पर म्यूटेट कर दिया जाएगा और बाद में किसी भी स्टेज पर कोई और क्लेम स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**नवीन, डैनिक्स, सहायक एस्टेट अधिकारी, एस्टेट अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यू.टी., चंडीगढ़**

AP-6024

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS आज ही बुक करें PH. : 0172-2638515, 98883-03520 Email : arthparkashadvt29@gmail.com

I, Ashok Kumar Karan Father No. 8038542L Rank NK (GD) Name-PALASH KARAN R/o Vill Sripur, Post-Manuchak, Teh Haldia, Dist Purba Medinipur, State- West Bengal, Pin-721656 That I have changed my name from Ashok Kumar Karan to Ashok Karan and my DOB from 01/01/1960 to 01/01/1965 for correct documentation in Service record of my son vide affidavit notary no. 11451 dated 06.12.2025.
एपी-6026

I, Darsana Devi Mother of 3201127F Rank NK Vinod Kumar R/o Vpo Jagsi Tehshil Gohana Distt Sonipat Haryana Pincode 131301.My name in my son service record is Darshna Devi which is wrong. My correct name is Darsana Devi. I want to change my name from Darshna Devi to Darsana Devi for correct documentation.

I, Renu Devi Spouse of 3201127F Rank NK Vinod Kumar R/o Vpo Jagsi Tehshil Gohana Distt Sonipat Haryana Pincode 131301.My name in my husband service record is Rinu Devi which is wrong. My correct name is Renu Devi. I want to change my name from Rinu Devi to Renu Devi for correct documentation.
एपी-6027

I, SH. STENZIN SKALDEN is Father of Army No: 9928586F Rank: L/Hav Name- Stenzin Angchuk Presently Posted at Unit: 5 Ladakh Scouts C/o 56 APO Permanent Address: Lossani, Lossani Paddar, Losain, Kishtwar, Jammu and Kashmir-182204 declare that I have changed my name from SH. STENZIN SKALDEN to TSERING TENZEN. Vide Affdavit No: 11AA 219144, Dated: 06/12/2025

I, TSERING TENZEN is Father of Army No: 9928586F Rank: L/Hav Name- Stenzin Angchuk Presently Posted at Unit: 5 Ladakh Scouts C/o 56 APO Permanent Address: Lossani, Lossani Paddar, Losain, Kishtwar, Jammu and Kashmir-182204 declare that I have Correct my Date of birth from 15/08/1960 to 05/06/1960. Vide Affdavit No: 11AA 219145, Dated: 06/12/2025

I, MADHURI am legally Wedded Spouse of Army No- 2813362N Rank- L/Hav Name- Nishan Adesh Bachhav Permanent Address: Bhaygaon, Malegaon, Vajirkheda, Nashik, Maharashtra, 423105 declare that I have changed My Name from MADHURI to MADHURI NISHAN BACHHAV. Vide Affidavit No: 11AA 219150, Dated: 06/12/2025

I, SHOBHA am Mother of Army No- 2813362N Rank-L/Hav Name- Nishan Adesh Bachhav Permanent Address: Bhaygaon, Malegaon, Vajirkheda, Nashik, Maharashtra, 423105 declare that I have changed my name from SHOBHA to SHOBHABAI AADESH BACHHAV and Also Correct my Date of birth from 18/02/1971 to 01/01/1961. Vide Affidavit No: 11AA 219151, Dated: 06/12/2025

I, MEERA am Mother of Army No: 2813263L Rank: Nk Name: Thakare Changadeo Ramchandra Permanent Address: At: Village: Udapur Post: Paradgaon Teh: Bramhapuri, Dist: Chandrapur, State: Maharashtra, Pin: 441206 declare that I have changed my name from MEERA to MIRABAI RAMCHANDRA THAKARE and Also Correct my Date of birth from 11/08/1967 to 01/01/1967. Vide Affidavit No: 11AA 219148, Dated: 06/12/2025

I, DIPA am legally Wedded Spouse of Army No: 2813263L Rank: Nk Name: Thakare Changadeo Ramchandra Permanent Address: At: Vill: Udapur Post: Paradgaon Teh: Bramhapuri, Dist: Chandrapur, State: Maharashtra, Pin: 441206 declare that I have changed My Name from DIPA to DIPA CHANGADEO THAKARE. Vide Affidavit No: 11AA 219149, Dated: 06/12/2025

I, SANGITA am Mother of Army No- 2824559K Rank-Sep Name- Gawli Appasaheb Yuwraj Permanent Address: At Kalegaon Haveli Post Nalwandi, Bid, Beed, Maharashtra, 431122 declare that I have changed my name from SANGITA to GAWLI SANGITA YUWRAJ. Vide Affidavit No: 11AA 219146, Dated: 06/12/2025

**I,** THAKUBAI am Mother of Army No- 2824818F Rank-Sep Name- Dharam Vishal Mathaji Permanent Address: Villager: Dhoki, Post: Dhotre Bk, Teh: Parner Dist: Ahmadnagar, State: Maharashtra, Pin: 414304 declare that I have changed my name from THAKUBAI to THAKUBAI MATHAJI DHARAM. Vide Affidavit No: 11AA 219147, Dated: 06/12/2025
एपी-6029

**मैं,** नंबर 14689767एम रैंक एनके सुरजीत हलदर सी/ओ दिलीप हलदर निवासी वी+पी- केचुआडांगा, तह-तेहटा, जिला-नादिया, पिन 741158, घोषणा करता हूं कि मेरे सेना रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम गलती से संगीता हलदर लिखा गया है, जबकि उसका सही नाम संगीता हलदर घोष है।

**मैं,** विजय कुमार पुत्र श्री राज कुमार, निवासी मकान नंबर 14, सुकैत्री (376), जिला पंचकूला, हरियाणा, ने अपने नाबालिग पुत्र का नाम लक्षदीप से बदलकर लक्ष कर दिया है।

**मैं,** गुरु दयाल पंडित, पुत्र गोखुल पंडित, निवासी मकान संख्या 1054, गोबिंदपुरा, नज़दीक गुरुनानक आटा चक्की, मनीमाजरा, चंडीगढ़, ने अपना नाम गुरु दयाल पंडित से गुरुदयाल पंडित में परिवर्तित कर लिया है।
एपी-6030

**मैं,** विशाल पुत्र जैन सिंह, निवासी मकान नंबर 922/8, राजीव कॉलोनी, सेक्टर-17, पंचकूला, हरियाणा, ने अपना नाम विशाल से बदलकर विशाल सिंह रख लिया है।
एपी-6031

I Kamla Devi W/o Rama Nand R/o Behrampur Bharangi, Dharan, Rewari, Haryana - 123412, have changed my name to Sama Kour.

It is for general information that I, Sanjay Joshi S/o Rajender Prasad, R/o House No-484, Baba Banwari Das Colony, Palri (181), Charkhi Dadri, Haryana-127310, declare that name of mine has been wrongly written as Sanjay Sharma in my minor daughter Anisha aged 17 years in her Secondary School Marks Statement Cum Certificate and Senior School Marks Statement Cum Certificate. The actual name of mine is Sanjay Joshi, which may be amended accordingly.
एपी-6035

**मैं,** सेमसन मसीह पुत्र करम चंद, निवासी मकान नंबर 171, रायपुर खुर्द, चंडीगढ़ ने अपना नाम सेमसन मसीह से बदलकर कीमत लाल रख लिया है।
एपी-6036

## बेदखली सूचना

**मैं,** अनीता, (4069 2074 4923) पत्नी स्व. भीम सिंह निवासी 941, नजदीक, एल. एस.बी.टी. स्कूल, जाटल रोड, सौंधापुर, पानीपत, ब्यान करती हूं कि मेरा पुत्र सन्नी व उसकी पत्नी सुमन मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उनको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके साथ संबंध रखने व लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी- 6028

**मैं,** गुड्डी पत्नी स्वर्गीय राम सहाय निवासी 3074 सेक्टर 56 चंडीगढ़। घोषणा करती हूं कि मेरी पोती रोशनी कुमारी खारवार मकान नंबर 3074 सेक्टर 56 चंडीगढ़ आधार न. 245779568259 मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं रोशनी कुमारी खारवार (पोती)को अपनी चल अचल संपति से बेदखल करती हूं। जो कोई रोशनी कुमारी खारवार से लेनदेन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा।
एपी-6030

**मैं,** राजेश सुपुत्र श्री सतबीर, निवासी बालदेवा आरा के पास वाल्मिकी बस्ती गोहाना, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत ब्यान करता हूं कि मेरा लड़का अमन व उसकी पत्नी सुधा ये दोनों मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इनको अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके साथ लेन-देन, कानूनी -गैर कानूनी कार्य व अन्य व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-6032

**मैं,** सरबजीत कौर पत्नी बिन्द्र सिंह निवासी गांव भाटिया तहसील गुहला जिला कैथल अपने हल्फ से बयान करती हूँ कि मेरा पुत्र हैप्पी सिंह व पुत्रवधू परमजीत कौर मेरे कहने - सुनने से बाहर है । मैं उन्हें मेरी चल -अचल संपत्ति से बेदखल करती हूँ। भविष्य में उनसे कोई भी लेनदेन करता है। वह स्वंय जिम्मेवार है।
एपी-6033

**मैं,** संतरा देवी पत्नी स्वर्गीय बलबीर सिंह, निवासी 560, न्यू इंदिरा कॉलोनी, मनीमाजरा, चंडीगढ़, घोषणा करती हूँ कि मेरा बेटा नसीब कुमार, उसकी पत्नी रजनी देवी और उनके बच्चे तारिका और आनंद कुमार मेरे नियंत्रण से बाहर हैं। मैं उन्हें अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूँ। उनके साथ लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा।
एपी-6034

## आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# शिक्षित व कर्तव्यवान बन बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ें: कल्याण

परिनिर्वाण दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 6 दिसंबर।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने लोगों से आह्वान किया है कि वे बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलें। युवा शिक्षित व कर्तव्यवान बनकर खुद व परिवार की तरक्की के साथ-साथ राष्ट्र की प्रगति में योगदान दें। ईमानदारी व निष्ठा से कर्तव्यों का पालन करें। श्री कल्याण आज यहां सेक्टर 16 के अंबेडकर भवन में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर अंबेडकर समाज कल्याण सभा की ओर से आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने इससे पूर्व बाबा साहेब के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। समारोह की अध्यक्षता रेडक्रास सोसायटी के राज्य सचिव सुनील कुमार ने की। सभा के प्रधान अमर सिंह ने आगंतुकों का अभिवादन किया और सभा की ओर से संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि और कार्यक्रम के अध्यक्ष को सभा की ओर से स्मृति चिह्न भेंट किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहेब ने पूरा जीवन गरीबों, शोषितों, पिछड़ों, वंचितों को समर्पित किया। आजादी के बाद विविधता भरे देश के लिए संविधान का निर्माण करना एक चुनौती थी जिसको लेकर बाबा साहब के नेतृत्व में एक ऐसा संविधान देश को मिला जिसके अनुरूप चलते हुए देश लगातार तरक्की कर रहा है। श्री कल्याण ने कहा कि आज युवाओं में अच्छे संस्कार डालने की जरूरत है। उन्हें अच्छा-बुरा, ठीक-गलत के अंतर को जानना होगा तथा ऊंचे ओहदे पर बैठे लोगों को हमेशा कमजोर, जरूरतमंद व गरीबों के प्रति हमेशा संवेदनशील बने रहना होगा। वैश्विक चुनौतियों का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज समाज में नशाखोरी बढ़ रही है तथा साथ ही पर्यावरण संबंधी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। इसलिए युवा वर्ग को जागरूक व काबिल बनाते हुए नशे से बचाने की जरूरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी अंबेडकर समाज कल्याण सभी समाज व राष्ट्र हित में कार्य करती रहेगी। इस मौके पर सभा के प्रधान अमर सिंह के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में भूप सिंह व प्रोफेसर रामजी लाल , कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव रमेश सैनी राष्ट्रीय सैनी सभा के जिला महामंत्री रणधीर सैनी राजेंद्र गुप्ता ने भाग लिया। मंच संचालन पूर्व डीआईपीआरओ हरनाम दास ने किया।

### विश्व शांति केंद्र में शाश्वत हिन्दू फाउंडेशन का दो-दिवसीय सम्मेलन

# सनातन शक्तियों को एकजुट होने की जरुरत: आचार्य लोकेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**गुरुग्राम/ पानीपत , 6 दिसंबर।** अहिंसा विश्व भारती के संस्थापक आचार्य लोकेश जी ने विश्व शांति केंद्र में आयोजित शाश्वत हिन्दू फाउंडेशन के द्विदिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि विश्व शांति और सद्भावना के लिए सनातन शक्तियों को एकजुट होने की जरूरत है।

विश्व शांति दूत आचार्य लोकेश जी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में आस्था के केंद्र मंदिरों की अहम भूमिका है। अखंड व अद्वितीय भारत निर्माण और विश्व शांति के लिए सनातन मूल्यों और भारतीय संस्कृति पर आधारित जीवन शैली को अपनाने कि आवश्यकता है। सनातन का मूल मंत्र वसुधैव कुटुंबकम की आज विश्व को आवश्यकता है।

मंदिरों के वर्तमान स्वरूप में हमारी भूमिका विषय को संबोधित करते हुए डॉ पवन सिन्हा गुरुजी ने कहा कि मंदिर भक्ति और शक्ति दोनों के केंद्र है, इनका संरक्षण और संवर्धन करना हर सनातनी का दायित्व है। राष्ट्र निर्माण के लिए जन जन को संकल्पबद्ध होकर कम से कम प्रतिदिन एक घंटा मंदिर को देना होगा।

श्री विजय कौशल जी महाराज ने समापन सत्र में विश्व गुरु मार्ग में मंदिरों की भूमिका विषय को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय समाज का मूलाधार मंदिर है। मंदिरों से व्यक्ति निर्माण, समाज कल्याण, और राष्ट्र निर्माण का अविरल प्रवाह संचालित होता है।

स्वागत भाषण महामंत्री श्री संजय शर्मा जी ने दिया। प्रमोद कुमार जी, अखिल भारतीय प्रमुख धर्माचार्य संपर्क राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, संरक्षण सी. पी. चौहान, उपाध्यक्ष रमेश आर्या, राकेश मृदुल, सुनील गुप्ता, अंशुमान डोगरा, आकाश दीप, डॉ गुंजन झा, के डी पाठक, रवि कटारिया, शिवदत्त ठाकुर, वीरेंद्र सिंह, आदि ने भी विभिन्न आयामों पर अपने विचार व्यक्त किए।

## न्यूज ब्रीफ

### कई दिनों के इंतजार के बाद मार्केट कमेटी को मिले चेयरमैन व वाइस चेयरमैन



**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार हरियाणा में लगातार तीसरी बार बनने के बाद सरकार ने सभी जिलों की तहसीलों में बनी मार्केट कमेटियों के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन नियुक्त कर लगभग सभी जगह उन्हें कार्यभार भी संभालवा दिया है पर जिला फतेहाबाद में नवनियुक्त हुए मार्केट कमेटी के चेयरमनों में कुछ जगह नियुक्त चेयरमैन पार्टी द्वारा बदले भी गए हैं ऐसे ही टोहाना शहर में भी मार्केट कमेटी अध्यक्ष के नाम को लेकर काफी अटकलें क्षेत्र में चल रही थी पर उन सभी अटकलें पर विराम चिन्ह लगाते हुए मार्केट कमेटी दफ्तर में चेयरमैन जगजीत हुड्डा व वाइस चेयरमैन के लिए लक्ष्मण दास बंसल की जॉइनिंग हो ही गई। शुक्रवार को जैसे ही मार्केट कमेटी दफ्तर में एक ईमेल आई तो मार्केट कमेटी प्रबंधन ने सभी को बुलाकर ज्वानिंग करवा दी। मार्केट कमेटी सचिव संदीप गर्ग से हुई बातचीत में यह भी पता लगा है कि अध्यक्ष व वाइस चेयरमैन का कार्यभार कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा। विभाग द्वारा चेयरमैन जगजीत हुड्डा में वाइस चेयरमैन लक्ष्मण दास बंसल के अलावा सतरह सदस्यों की नियुक्ति की गई है।

### अतिक्रमण हटाओ अभियान की खुली पोल, सुबह हटाओ शाम को लगाओ का सिलसिला जारी

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** अभी 2 दिन पहले टोहाना एसडीएम आकाश शर्मा व नगर परिषद के अधिकारियों ने मेन मार्केट में अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया था। उसका असर कुछ घंटे भी नहीं टिक पाया ट्रैफिक पुलिस ने भी सखती दिखाते हुए सड़के खाली करवाने की पूरी भर्सक कोशिश की थी और अगले ही दिन वैसे की वैसे सड़कों पर सामान वह मार्केट के बीचो-बीच गाड़ियां वही शाम तक रेडी फ?ी और अवैध कब्जे अपनी जगह पर फिर वापस लौट आए। मार्केट के अतिक्रमण करने वाले लोग अधिकारियों के अतिक्रमण हटाने के अभियान को मजाक बनाए हुए हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने अतिक्रमण को हटाना है तो हर सप्ताह अतिक्रमण हटाने वाली नगर परिषद की टीम के साथ कर्मचारी हाथों में डंडों व ट्रालियों के साथ और एक्रोसमेंट वाली जगह पर बेधड़क कार्रवाई कर अतिक्रमण फिर तो हटवा सकते हैं यदि ऐसा नहीं करते तो हर बार की तरह लाखों रुपए खर्च कर सरकारी गाड़ियां व स्टाफ इस्तेमाल कर पर जमीनी कोई बदलाव सामने नहीं आएगा ऐसे ही अतिक्रमण चलता रहेगा।

### शहीदों की याद में रक्तदान शिविर कल

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** हुए टोहाना शहर की मेंन मार्केट में नरसंहार में शहीद हुए युद्धओ को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सांझ सवेरा परिवार एक रक्तदान शिविर थैलेसीमिया पीडित बच्चों के लिए अग्रवाल सभा टोहाना में लगाने जा रहा है यह रक्तदान शिविर सांझ सेवरा परिवार की चौथी वर्षगांठ के रूप में भी मनाया जाएगा। इस रक्तदान शिविर में सांझ सेवरा परिवार की तरफ से विनंम्र अपील है सभी रक्त वीर युवा इस रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर भाग ले। निवेदक: सांझ सवेरा परिवार।

### डाक्टर की उपाधि पाने के लिए बीआर आंबेडकर ने किया था काफी संघर्षः बनवाल



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** लाडवा के अंबेडकर चौक पर शनिवार को भारत रत्न डा.बी.आर.अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई। युवा भाजपा नेता दविंद्र ङ्क्षसह गोल्ड़ी सहित जिला परिषद सदस्य एवं कांग्रेसी नेता जसबीर पंजेटा ने बाबा साहिब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि इस महान आत्मा से प्रेरणा लेकर समाज के लिए कुछ ऐसे कार्य कर जाए, जिससे समाज के दिलों में वह व्यक्ति हमेशा जिंदा रहे। डा. भीमराव अंबेडकर ने संविधान रचकर बिना किसी भेदभाव के सभी को एक कर दिया, जिससे वंचित समाज के लोग भी अपने हक के लिए आवाज उठा सके। चौक पर अंबेडकर सभा लाडवा की तरफ से प्रसाद भी वितरित किया गया। सभा के प्रधान रत्न लाल बनवाल ने बताया कि बाबा साहिब भीमराव अंबेडकर ने डाक्टर की उपाधि पाने के लिए पढ़ाई के साथ-साथ काफी संघर्ष भी किया, जिस कारण आज देश में उनको भगवान की तरह पूजा जाता है। इस अवसर पर अनेक गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### पैंशनर्ज को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**कैथल (अप्रस)।** हरियाणा बिजली पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला कैथल की कार्यकारणी की मीटिंग प्रधान बलबीर सिंह की अध्यक्षता में हुई। मंच का संचालन महेन्द्र सिंह सैनी ने किया। जिन पेंशनर का जन्म दिन दिसंबर में पड़ता है उनको मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार पैंशनर विरोधी फैसले ले रही है जिसका जोरदार विरोध किया जाएगा। सभी ने मांग की कि सरकार कोरांना काल का 18 महीने का एरियर जारी करे, पैंशनर को 65/70/75/80 वर्ष की आयु होने पर पेंशन 5/10/15/20 प्रतिशत बढ़ाई जाए, कैशलैस मैडिकल सुविधा हर पैंशनर को पैनल वाले या सरकारी में मिलनी चाहिए, आठवें वेतन आयोग में पैंशनर को भी पिछले आयोग की तरह लाभ के लिए रिवाइज आदेश किए जाएं।

# एनआईटी कर्मचारी संघ चुनाव में राकेश कुमार मीणा के सिर सजा परधानी का ताज

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 6 दिसंबर।** कर्मचारियों ने जताया विश्वास, भारी समर्थन के साथ मिली ऐतिहासिक जीत एनआईटी कर्मचारी संघ के चुनाव में इस बार कर्मचारियों ने अपना अपार स्नेह और भरोसा दिखाते हुए राकेश कुमार मीणा को प्रधान पद पर ऐतिहासिक जीत दिलाई।

कर्मचारियों ने एकजुट होकर यह स्पष्ट संदेश दिया कि संघ का नेतृत्व अब ऐसे व्यक्ति के हाथों में रहेगा जो कर्मचारी हितों की मजबूत आवाज बनेगा।

चुनाव परिणाम घोषित होते ही कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई और भारी उत्साह के बीच परधानी का ताज राकेश कुमार मीणा के सिर पर सजाया गया। समर्थकों ने उन्हें फूल मालाओं से स्वागत कर जीत का सेहरा पहनाया और जोरदार तरीके से अपना प्रेम जताया

जीत के बाद भावुक होते हुए राकेश कुमार मीणा ने सभी का दिल से आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा 'जिस भरोसे के साथ कर्मचारियों ने मुझे प्रधान पद की जिम्मेदारी दी है, मैं उस विश्वास पर पूरी तरह खरा उतरने का संकल्प लेता हूँ।

मैं हर निर्णय कर्मचारियों के हित में, सबको साथ लेकर, पूरी पारदर्शिता के साथ लूंगा। कभी भी किसी को शिकायत का मौका नहीं दूंगा और हर कर्मचारी के दुखङ्कसुख में दृढ़ता से साथ खड़ा रहूंगा।÷

कर्मचारियों का मानना है कि राकेश कुमार मीणा का नेतृत्व उनकी समस्याओं को सही मंच पर मजबूती से उठाएगा और आगामी समय में संघ के विकास व कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण कदम तेज़ी से आगे बढ़ेंगे। एनआईटी कर्मचारी संघ के इस चुनाव ने ये साफ कर दिया है कि कर्मचारियों ने राकेश कुमार मीणा में एक ईमानदार, जुझारू और सर्वहितकारी नेता देख लिया है—और यह जीत उसी विश्वास की गूंज है।

### नशा मुक्त टीम ने घर-घर जाकर लोगों को किया जागरूक

**पानीपत (अप्रस)।** पानीपत पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में जिला पुलिस नशा मुक्त अभियान को तेज गति से चला रही है। इसी कड़ी में पुलिस की नशा मुक्त टीम ने शनिवार को गढ़कारकोली, बिलासपुर और गढ़ी छाजू गांव में घर-घर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। टीम ने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक जीवन, शिक्षा और भविष्य को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। पुलिस ने लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। साथ ही राष्ट्रीय हेल्पलाइन मांस 1933 के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नशा तस्करी से संबंधित कोई भी सूचना इस नंबर पर गोपनीय रूप से दी जा सकती है।

### एसएस जैन स्थानक मुलाना में भव्य धर्मसभा, पूज्य मुनि श्री ने दी प्रेरणादायी सीख

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक

**मुलाना, 6 दिसंबर।** एसएस जैन स्थानक मुलाना में भव्य धर्मसभा का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर भारतीय प्रवर्तक पूज्य गुरुदेव श्री आशीष मुनि जी म.सा, तत्त्व चिंतक पूज्य श्री उत्तम मुनि जी म.सा तथा स्वाध्याय रसिक पूज्य श्री विराग मुनि जी म.सा ठाणे-3 के पावन सानिध्य का लाभ श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएँ धर्मसभा में पहुंचकर संतवाणी का श्रवण करने के लिए उमड़ी।

धर्मसभा के दौरान पूज्य गुरुदेव श्री आशीष मुनि जी म.सा ने प्रेरणादायी प्रवचन देते हुए कहा कि आधुनिक समय में बच्चों का झुकाव मोबाइल और नशे की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जो चिंताजनक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि माताङ्कपिता का दायित्व है कि वे बच्चों को मोबाइल के दुरुपयोग से बचाएं और उन्हें केवल सकारात्मक कार्यों में तकनीक का उपयोग करना सिखाएं। उन्होंने बताया कि मोबाइल ज्ञान का साधन भी बन सकता है और विनाश का कारण भी—दोनों में अंतर केवल उसके उपयोग का है।

गुरुदेव ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को समाज के लिए घातक बताते हुए कहा कि नशा शरीर, मन और परिवार—तीनों का संतुलन बिगाड़ देता है। इसलिए बच्चों को शुरुआत से ही नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संस्कार देना आवश्यक है। उन्होंने परिवारों से आह्वान किया कि वे बच्चों के साथ अधिक समय बिताएं, उनकी समस्याओं को समझें और उन्हें जीवन में सही-गलत का भेद समझाने का प्रयास करें। संस्कारवान पीढ़ी ही समाज को मजबूत बनाती है।

## हुड़दंगईयों और कानून का उल्लंघन करने वालों के पुलिस ने जब्त की मोटरसाइकिल

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 6 दिसंबर।** यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों, हुड़दंग मचाने वालों और सार्वजनिक व्यवस्था में विघ्न डालने वालों के खिलाफ पुलिस प्रशासन के द्वारा सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। इसी क?ी में शनिवार कों शहर में पुलिस ने हुड़दंगईयों, यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले पर बड़ा एक्शन लिया है। शुक्रवार को ट्रैफिक पुलिस व शहरी चौंकी प्रभारी ने बीना नंबर प्लेट व बिना दस्तावेज, पटाका बुलेट मोटरसाइकिल सहित अन्य चालान किए। पुलिस ने कहा हुड़दंग करने वालों पर पैनी नजर हैं। लगातार पुलिस के द्वारा हर चौक चौराहे पर चेकिंग अभियान चला रखा है। इस दौरान संबंधित युवकों को कानूनी चेतावनी दी गई और आवश्यक कार्रवाई की गई। ट्रैफिक इंचार्ज सतीश सैनी ने बताया कि मोटरसाइकिल से पटाखे की आवाज जैसी गतिविधियां ध्वनि प्रदूषण के साथ-साथ जन सुरक्षा के लिए भी खतरा हैं। नशे में वाहन चलाना एक गंभीर अपराध है, जिससे खुद की और दूसरों की जान खतरे में पड़ती है। हमारा उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि एक सुरक्षित, अनुशासित और संवेदनशील समाज की स्थापना करना है। स्थानीय पुलिस सड़क और सामाजिक नियमों के उल्लंघन को लेकर पूर्णतः सख्त है। शहरी चौकी प्रभारी अनिल ने साफ किया है कि ऐसे मामलों में कोई ढील नहीं बरती जाएगी। बाजारों, स्कूल-कालेज परिसरों, पार्कों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है। बिना कारण घूमने, महिलाओं से छेड़छाड़ या सार्वजनिक स्थानों पर अभद्रता करने वालों को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी व सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### 8-9 दिसंबर को हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन की हड़ताल

**जींद (अप्रस/सिसोदिया)।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन (एचसीएमएस) ने 8 और 9 दिसंबर को पूर्ण हड़ताल का ऐलान किया है। शनिवार को हुई बैठक में सदस्यों ने हड़ताल की रणनीति तय की और साफ किया कि मांगें पूरी न होने पर 10 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। राज्य संयोजक डॉ. बिजेंद्र ढांडा और डॉ. राजेश भोला ने बताया कि सरकार ने पिछले वर्ष वादा किया था कि डायरेक्ट एसएमओ भर्ती बंद कर सभी पद प्रमोशन से भरे जाएंगे, लेकिन अब तक नियमों में कोई बदलाव नहीं हुआ। वहीं केंद्र के समान चार एसीपी देने और स्वीकृत तीन एसीपी की अधिसूचना भी अभी तक जारी नहीं की गई है। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि 8-9 दिसंबर को ओपीडी, इमरजेंसी, लेबर रूम, ओटी और पोस्टमार्टम सहित सभी सेवाएं बंद रहेंगी।

## गुरुकुल कैम्पस में पहुंचे एनडीए के प्रशिक्षु अधिकारी

### जूनियर्स को दिये एनडीए में सफल होने के टिप्स

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया



**कुरुक्षेत्र, 6 दिसंबर।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र की एनडीए विंग में अपने उज्ज्वल भविष्य की सुनहरे सपनों को साकार करने के लिए गुरुजनों के कुशल मार्गदर्शन में क?ी मेहनत करने वाले गुरुकुल के होनहार पूर्व छात्र आज गुरुकुल कैम्पस में पहुंचे। इस बार वे एक स्टूडेंट नहीं अपितु एनडीए के प्रशिक्षु अधिकारियों के रूप में यहां पधारे जिनका निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर एनडीए विंग के फिजिकल इंट्रक्टर सूबेदार बलवान सिंह, अशोक कुमार चौहान भी मौजूद रहे।

एनडीए 152-154 कोर्स हेतु एसएसबी उत्तीर्ण करने वाले गुरुकुल के छात्र रहे ऋषभ राज, कुमार आदित्य, आर्यन, सरबदीप, चिराग और आर्यवर्त्त का गुरुकुल में भव्य अभिनन्दन हुआ। इस दौरान एनडीए विंग में भविष्य के इन सेना अधिकारियों ने अपने जुनियर्स साथियों को सेनाओं में उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए महत्त्वपूर्ण टिप्स दिये। उन्होंने बताया कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र कैम्पस में जो सुविधाएं और सटीक मार्गदर्शन छात्रों को उपलब्ध करवाई जा रही हैं, वह एनडीए हेतु बेहद आवश्यक है और यदि छात्र पूरे मनोयोग से गुरुजनों के प्रशिक्षण को जीवन में आत्मसात करें उन्हें अवश्य सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि गुरुकुल में मिलने वाले प्राकृतिक भोजन और साफ-स्वच्छ कैम्पस को वे बहुत मिस करते हैं।

निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि जीवन में सफलता का एक ही मन्त्र है- विकल्प रहित संकल्प। जब आप जीवन में अपना कोई लक्ष्य निर्धारित कर लेते है तो उसे पाने के लिए जी-जान एक कर दीजिए, उसमें कोई विकल्प तलाशने की कोशिश न करें, एक दिन सफलता आपको अवश्य मिलेगी।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मिशन बुनियाद कार्यक्रम आयोजित



अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप

**लाडवा, 6 दिसंबर।** लाडवा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को मिशन बुनियाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सभी प्रिंसिपल तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि इंदु कौशिक ने शिरकत की और विद्यार्थियों की बुनियादी सीखने की क्षमता को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी नीलम सैनी द्वारा की गई। इस अवसर पर तरसेम कौशिक ने भी मुख्य रूप से बच्चों को प्रोत्साहित किया और उन्हें लगन व मेहनत से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इसके साथ ही कार्यक्रम में नोडल अधिकारी अर्जुन लाल, बुनियाद टीम से रंजन गोंदल सहित पूरी मिशन बुनियाद टीम उपस्थित रही। टीम ने कार्यक्रम के उद्देश्यों तथा विद्यालयों में संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी सांझा की। इस मौके पर क्षेत्र के सभी प्रधानाचार्य उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों, शिक्षकों और टीम सदस्यों को सम्मानित भी किया गया।

## फैरण कलां में वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी की त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों में खुशी

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 6 दिसंबर।** फैरण कलां गांव में पिछले कई वर्षों से बनी हुई पेयजल समस्या का अंत आखिरकार हो गया है। ग्रामीणों ने जब पानी की किल्लत की शिकायत हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा नरवाना के विधायक कृष्ण बेदी के समक्ष रखी, तो मंत्री ने तुरंत संज्ञान लेते हुए अधिकारियों की आपातकालीन बैठक बुलाई और समस्या के त्वरित समाधान के आदेश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी व्यक्ति को पीने के पानी के लिए परेशान नहीं होना चाहिए। 'हर घर जल हर नागरिक का अधिकार है, और इसे उपलब्ध करवाना प्रशासन की जिम्मेदारी है,' यह कहते हुए उन्होंने अधिकारियों को तुरंत आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

मंत्री के आदेश पर प्रशासन ने तेजी दिखाते हुए आज ही गांव में नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू किया और कम समय में इसे पूरा भी किया गया। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही पीने के पानी की समस्या के समाधान होते ही गांव में राहत की भावना स्पष्ट दिखाई दी। इस मौके पर मंत्री के निजी सहायक जसवीर कलोदा और मंडल अध्यक्ष सत्यवान शर्मा भी मौजूद रहे और कार्य की निगरानी करते रहे।

गांववासियों ने बताया कि यह समस्या कई सालों से गंभीर रूप धारण किए हुए थी और कई बार शिकायतें करने के बावजूद समाधान नहीं मिल पाया था। लेकिन मंत्री कृष्ण बेदी के पास मामला पहुंचते ही उन्होंने फौरन कार्रवाई की, जिसके बाद आज गांव में पानी का संकट समाप्त हो गया। ग्रामीणों ने मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए तुरंत समाधान करवाया, जिसके लिए पूरा गांव उनका ऋणी रहेगा। मंत्री के निजी सहायक जसवीर कलोदा और मंडल अध्यक्ष सत्यवान शर्मा ने भी ग्रामीणों की ओर से मंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि मंत्री कृष्ण बेदी हर नागरिक की समस्या को प्राथमिकता से सुनते हैं और समाधान करवाने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से फैरण कलां के लोगों की पेयजल समस्या को त्वरित कार्रवाई से दूर किया गया है, वह मंत्री की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# खुद से करें सवाल

दैनिक अर्थ प्रकाश



स्पिरिचुअल हीलर
सिद्ध गुरू प्रमोद निर्वाण
गिनीज़ विश्व रिकॉर्ड विजेता लेखक

अक्सर हम जब भ्रम की स्थिति में होते हैं, चिंतित होते हैं, अनिर्णय की स्थिति में होते हैं, जीवन के किसी खास मुकाम पर दोराहे पर होते हैं और हमें समझ नहीं आता कि हम क्या करें, किस दिशा में जाएं, क्या निर्णय लें, तो हम अक्सर अपनों की, अपने मित्रों की, अपने शुभचिंतकों की या फिर अपने गुरुजनों से सलाह लेते हैं। किसी दूसरे से सलाह मांगने का लाभ यह है कि दूसरा व्यक्ति उस पूरी घटना को दूर से देख रहा है, वह उस घटना से जुड़ा हुआ नहीं है, उसकी भावनाएं उससे नहीं जुड़ी हैं, ऐसे में उस दूसरे व्यक्ति का विश्लेषण ज्यादा तार्किक होगा, वह हमें उन छुपे हुए पहलुओं के दर्शन भी करा सकता है जो हमारी नज़रों से ओझल थे। इस तरह हमारी उलझन सुलझ सकने की संभावना बढ़ जाती है। सलाह लेना अच्छी बात है, लेकिन सलाह लेते ही रहना गलत है। किसी समस्या का विश्लेषण करना बुरा नहीं है लेकिन सिर्फ विश्लेषण ही करते जाना हमारे लिए नई उलझनें पैदा कर देगा। सलाह के मामले में एक और बात ध्यान देने योग्य है। यह आवश्यक नहीं है कि जिससे हमने सलाह ली वह हमारी स्थितियों से पूरी तरह से अवगत हो, वह हमारी काबलियत और हुनर से पूरी तरह से अवगत हो, वह हमारी मानसिकतासे पूरी तरह से अवगत हो, वह हमारी विभिन्न समस्याओं से पूरी तरह से अवगत हो। ऐसे में सलाह आधी-अधूरी हो सकती है या गलत भी हो सकती है। अपने बारे में और अपनी स्थितियों के बारे में हम जितना जानते हैं उतना कोई और कभी नहीं जान सकता। कई बार वाले तो हमारे परिवार वाले भी हमें पूरी तरह से नहीं जान सकते। इसलिए किसी दूसरे व्यक्ति की सलाह हर बार कारगर हो ही, ऐसा कदापि संभव नहीं है।

समस्याओं से पार पाने के तरीके पर बात करने से पहले यह आवश्यक है कि हम यह समझें कि समस्या का हल अक्सर कैसे प्रभावी हो पाता है, कब प्रभावी होता है। सन्यास लेने से पूर्व मैं जनसंपर्क के क्षेत्र में देश के पचास शीर्ष के सलाहकारों में गिना जाता रहा हूं। तब बड़ी-बड़ी कार्पोरेट कंपनियों के आला अधिकारियों की समस्याओं का समाधान करते हुए मैंने जो सीखा वह एक साधारण सा मंत्र है। वह मंत्र है ङ्क सामने वाले की समस्या सुनो, उस पर विचार करों और फिर सवाल पूछते चले जाओ। सवाल पूछते-पूछते ही ऐसी नौबत आ जाएगी कि खुद उस अधिकारी के दिमाग में अपनी समस्या का हल स्पष्ट हो जाएगा। हल हमने नहीं बताया, हम सवाल पूछ-पूछ कर उन्हें उस स्थिति में ले आए जहां उनकी समस्या से जुड़ी धुंध छंट गई और समस्या का हल सामने नज़र आने लगा। इस प्रकिया के दो फायदे हैं। पहला तो यह कि समस्या का हल जब समस्याग्रस्त व्यक्ति खुद ढूंढ़ता है तो उसे यह समझाने की आवश्यकता नहीं रह जाती कि यह हल ही सर्वाधिक उपयुक्त हल है। दूसरा यह है कि चूंकि समस्याग्रस्त व्यक्ति ने खुद अपनी समस्या का हल ढूंढ़ा है तो वह पूरी शक्ति से उस समाधान को अपनाएगा, उसके लिए हर आवश्यक कदम उठायेगा और उस हल की सफलता के लिए जी-जान लगा देगा। सन्यास लेने के बाद, एक स्पिरिचुअलहीलर के रूप में भी अपने पास आने वाले लोगों के इलाज में मैं इस प्रक्रिया का प्रयोग अक्सर करता हूं। समस्याओं के हल में अक्सर दो चरण होते हैं, पहला, काउंसलिंग और दूसरा इलाज। काउंसलिंग में तो यह प्रक्रिया बहुत कारगरहै ही, पर कई बार इलाज में भी इस प्रक्रिया का उपयोग लाभदायक होता है।

समस्या के समाधान का यह तरीका बहुत कारगर है, इसलिए जब कभी हम जब भ्रम की स्थिति में हों, चिंतित हों, अनिर्णय की स्थिति में हों, जीवन के किसी खास मुकाम पर दो राहे पर हों और हमें समझ में न आए कि हम क्या करें, किस दिशा में जाएं, क्या निर्णय लें, तो बेहतरीन इलाज यही है कि हम खुद से सवाल करना शुरू कर दें कि समस्या आई ही क्यों, समस्या दोबारा न हो इसके लिए क्या करना आवश्यक है, अभी इस समस्या के हल के लिए क्या करना आवश्यक है, समस्या को कितने टुकड़ों में बांटाजा सकता है, किस सबसे आसान टुकड़े से समाधान की शुरुआत की जा सकती है, हमारे सिस्टम में किन कमियों के कारण समस्या आई, किसकी सलाह की उपेक्षा कर दी, कहां हमारी मेहनत में कमी रह गई, अब इस नुक्सान की भरपाई कैसे होगी, नए कदम क्या होने चाहिएं, किसकी सहायता लेना आवश्यक है, आदि-आदि। ऐसे प्रश्न पूछते चलेंगे तो समस्या का समाधान नज़र आने लगेगा।

इस प्रक्रिया से अपनी समस्या का हल ढूंढ़ने का एक अतिरिक्त लाभ यह है कि हमारी समस्या का हल भी हो गया और न तो किसी दूसरे को समस्या का पता चला न ही हल का। इस प्रकार हमारी निजता, हमारी प्राइवेसी भी सुरक्षित रही। जब हम अपनी समस्याओं का जिक्र किसी दूसरे व्यक्ति से करते हैं तो कई बार यह भी हो जाता है कि सामने वाला व्यक्ति हमारी कमज़ोरी का लाभ उठा ले, या उसकी नज़रों में हमारा सम्मान कम हो जाए, या हमारा कोई ऐसा राज़ उसे पता चल जाए जो आम हालात में हम किसी को भी न बताते। समस्या को सुलझाने का एक और तरीका यह हैकि हम समस्या के बारे में सोचना बिलकुल बंदकर दें क्योंकि जब हम किसी समस्या के बारे में सोचते हैं तो कई बार सोचते ही रह जाते हैं और तरह-तरह की शंकाओं से घिर जाते हैं। अत्यधिक सोच, यानी, ओवरथिंकिंग की यह स्थिति बहुत घातक है। सोचते ही रह जाने की इस आदत के कारण अक्सर हम अकारण चिंता में पड़ जाते हैं, अनजाने भविष्य की कल्पना से इतना डरजाते हैं कि हमें लगता है कि हम बिलकुल बेबस हैं और किसी भी हल पर पहुंच पाना संभव ही नहीं है ओर हमारा भविष्य अब अंधकारमय हो ही जाएगा, या हमारा कोई बड़ा नुकसान हो जाएगा। मन चिंतित हो तो हमारी सोच कुंद हो जाती है और हम सचमुच बेबस हो जाते हैं। तब एकमात्र उपाय यही है कि कुछ समय के लिए, और हो सके तो कुछ दिनों के लिए उस समस्या से अपना मन पूरी तरह से हटा लें। जब भावनाओं का उद्वेगशांत हो जाए तो उस पर फिर से विचार करें, खुद से सवाल करें, सवाल करते चलें और अंततः हल तक पहुंच जाएं। कुछ समय के लिए समस्या से मन हटा लेने का लाभ यह भी होता है कि अक्सर कोई समाधान अचानक सूझ जाता है, कभी विचार के द्वारा, कभी किसी स्वप्न के द्वारा और कभी अचानक किसी बातचीत में। ध्यान यही रखना है कि समस्या आए तो चिंतित न हों, बस उसे टुकड़ों में बांटें और हर टुकड़े के हल का प्रयास करें। खुद से सवाल करने की प्रक्रिया को अपनाएंगे तो समस्याओं की चिंता से बचे रहेंगे।

## संतों-महात्माओं ने ही तपते हुए दिलों को प्रदान की ठंडक



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

सन्त समागम में अनेकों प्रान्तों, अनेकों मुल्कों से चल कर आए सन्तों-भक्तों द्वारा भिन्न -भिन्न फूलों की भांति महकदार वातावरण महसूस होता है। और यही प्रार्थना की जाती है कि ऐसा ही महकता हुआ वातावरण हिन्दुस्तान में क्या, विश्व भर में स्थापित हो जाए, क्योंकि दुर्गन्ध है जो केवल घुटन देती है। सुगन्धि तो भक्ति और प्यार से ही सम्भव है। ऐसा सुगन्धित वातावरण बनाने के लिए भक्तजनों ने हमेशा से ही यत्न किए हैं। ये सूखे को हरियाली में तब्दील करते आए हैं। ये आग को शान्त करके शीतलता प्रदान करते आये हैं क्योंकि वैर-ईर्ष्या-घृणा की आग में जलना और जलाना ही फितरत बनी हुई है।

सन्तों-महात्माओं ने ही तपते हुए दिलों को ठंडक प्रदान की, नाम की ठंडी बौछार करके, इस निर्मल परमसत्ता के साथ जोड़ कर, इसका बोध करा कर, इससे नाता जोड़ कर, इस जीवन के सफर को तय करने का सलीका प्रदान किया। जीवन जीने का यह सलीका था प्यार वाला, मिलवर्तन वाला। चाहे भगवान राम जी हों, चाहे भगवान कृष्ण जी या हज़रत ईसामसीह जी, हजरत मोहम्मद साहब ने, श्री गुरु नानक देव जी महाराज या अनेकों-अनेकों रुप इस धरती पर होते आए हैं और उन्होंने जीवन जीने का यही सलीका इन्सानों को प्रदान किया कि हमने इस जीवन के सफर को प्यार के साथ तय करना है। हमने हरगिज नफ़रतों में नहीं जीना है। हमने प्यार का जहान आबाद करना है। प्यार की कमी संसार में है, इस कमी को हमने पूरा करना है। तो यह जीवन जीने का ढंग, यह सलीका सन्तों-गुरु-पीर-पैग़म्बरों ने इन्सानों को प्रदान किया। आज भी उसकी महत्ता जानते हुए आप (निरंकारी भक्त) इसी प्रेम और भक्ति के मार्ग पर चल रहे हैं। इन्सानियत का दामन मजबूती से थामे हुए हैं, इस मानवता का दामन छोड़ा नहीं है। मानवता-इन्सानियत का दामन मज़बूती से पकड़ने कामतलब है कि सच्चे धर्म का दामन थामे हुए हैं। सच्चे धर्म की पहचान मानवता ही है, इससे हट कर सच्चे धर्म की कोई भी परिभाषा नहीं हैं, धर्म की आज हमने अनेकों पहचानें बना ली हैं।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने प्रमुख उत्पाद श्रेणियों में अपनी बाजार स्थिति की और मजबूत

चंडीगढ़। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड , जो प्रमुख घरेलू उपकरणों और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स में नंबर वन कंपनी है, ने आज वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही के नतीजे घोषित किए। वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही पर ठंडे मौसम, भू-राजनैतिक परिस्थितियों और विदेशी मुद्रा से जुड़ी चुनौतियों का प्रभाव पड़ा। इसके बावजूद, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने साल-दर-साल आधार पर राजस्व और बाजार हिस्सेदारी दोनों में वृद्धि दर्ज की। बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि- टीवी - 27 प्रतिशत (1.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी)। रेफ्रिजरेटर- 29.9 प्रतिशत (1प्रतिशत की बढ़ोतरी)। एसी- 17.3प्रतिशत (0.5प्रतिशत की बढ़ोतरी)। वॉशिंग मशीन- 33.4 प्रतिशत (स्थिर - न बढ़ोतरी, न कमी)। माइक्रोवेव ओवनः 45. प्रतिशत (स्थिर - न बढ़ोतरी, न कमी)। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री हांग जू जिओन ने कहा, 2026 की Hv में ठंडा मौसम, भू-राजनैतिक चुनौतियां, शुल्क और विदेशी मुद्रा में उतार-चढ़ाव जैसी कई व्यापक आर्थिक बाधाएं सामने आईं। इसके बावजूद, भारत में हमारी टीम ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए बिक्री में स्थिर वृद्धि हासिल की, बाजार हिस्सेदारी बढ़ाई और लाभप्रदता को बनाए रखा। यह प्रदर्शन हमारे संचालन की मजबूती और उपभोक्ताओं के हमारे ब्रांड पर गहरे भरोसे को दर्शाता है। यह हमारी मजबूत नींव का प्रमाण है और भारत की विकास यात्रा के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराता है।

## अमेजन ने हॉलिडे टॉय लिस्ट स्टोर किया लॉन्च

चंडीगढ़। अमेजन.इन ने 2025 हॉलीडे टॉय लिस्ट की घोषणा कर दी है, जिसे त्योहारों के दौरान खिलौने खरीदने के लिए प्रमुख डेस्टिनेशन के रूप में पेश किया गया है। इस बड़ी रेंज में 10 लाख से अधिक खिलौनों के कलेक्शन से चुनी गई 10,000 से ज़्यादा खास डील्स शामिल हैं. इसमें स्किलमैटिक्स, लेगो, बार्बी, हॉट व्हील्स, नर्फ़, फनस्कूल और मैटल गेम्स जैसे बड़े ब्रांडों के उत्पाद मौजूद हैं। हॉलीडे टॉय लिस्ट में बिल्डिंग सेट्स, बोर्ड गेम्स, एजुकेशनल टॉयज, रिमोट-कंट्रोल व्हीकल्स, डॉल्स, पजल्स और कई अन्य विकल्प शामिल हैं, जो टोडलर्स, जूनियर्स, टीन्स और बड़ों, सभी के लिए उपयुक्त हैं। प्राइम मेंबर्स को छुट्टियों के व्यस्त सीजन में भी सेम-डे और नेक्स्ट-डे डिलीवरी मुफ्त मिलती है, साथ ही नई लॉन्चिंग और लिमिटेड-एडिशन कलेक्टिबल्स पर विशेष शुरुआती एक्सेस भी मिलता है। हॉलीडे टॉय लिस्ट में रोमांचक नए कैरेक्टर कलेक्शंस को पेश किया गया है, जिनमें स्पंजबॉब, डोरेमॉन, हेलो किटी, स्मर्फ्स, लेगो वेडनेसडे और फॉर्मूला 1 कलेक्टिबल्स, इनसाइड आउट, लिलो एंड स्टिच शामिल हैं, साथ ही लंबे समय से पसंद किए जाने वाले फ्रेवरेट्स जैसे मार्वल, डिज़्नी फ्रोजन, स्टार वार्स, हैरी पॉटर, ट्रांसफॉर्मर्स, पोकेमॉन, पेप्पा पिग और पाव पेट्रोल भी शामिल हैं।

## अमेजन बाजार ने किया एक वर्ष पूरा, ट्रांजैक्टिंग ग्राहकों में 8 गुना वृद्धि

शिमला। अमेजन ने आज घोषणा की है कि उसके अल्ट्रा-अफोर्डेबिलिटी स्टोर अमेजन बाजार ने लॉन्च के एक साल के भीतर ट्रांजैक्टिंग ग्राहकों में आठ गुना वृद्धि हासिल कर ली है,जिसका प्रमुख कारण टियर 2 और टियर 3 शहरों में बढ़ती अपनाने की दर है।अमेजन बाजार फैशन, जूलरी, होम डेकोर, किचनवेयर और इलेक्ट्रॉनिक एक्सेसरीज़ जैसी कैटेगरी में 600 रुपये से कम कीमत वाले उत्पादों का बड़ा चयन प्रदान करता है।2 करोड़ से अधिक उत्पाद पहले से ही लाइव हैं,और बाजार लगातार ग्राहकों की विविध जरूरतों और पसंद को पूरा करने के लिए नए प्रोडक्ट जोड़ रहा है,जिससे भारत के सभी ग्राहकों को ट्रेंडी और बजट-फ्रेंडली उत्पादों तक आसान पहुंच मिल सके।

## टीएसपीएल के बायोफ्यूल सर्कुलर मॉडल से पंजाब के मानसा खेतों में पराली जलाने की दर हुई आधी

लुधियाना । पंजाब के मानसा में वेदांता पावर के 1,980 मेगावॉट सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) ने राज्य के अत्याधुनिक और वृहद सर्कुलर बायोफ्यूल इकोसिस्टम को सक्रिय कर दिया है। इससे हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है तथा पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है। पंजाब के इस क्षेत्र में खेतों में पराली जलाने की घटनाएं किसी समय बड़े पैमाने पर होती थी।जिला प्रशासन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार मानसा में फसल कटाई के मौसम में पराली जलाने की घटनाओं में काफी कमी आई है। वर्ष 2023 में 2,253 मामले दर्ज किए गए थे जो वर्ष 2024 में 618 हो गए। वर्ष 2025 में यह आंकड़ा कम होकर 306 हो गया। सिर्फ दो वर्षों में 87 फीसदी और एक वर्ष में 50.5 फीसदी की गिरावट आई। जिले के 244 गांवों में से 104 में वर्ष 2025 में खेतों में आग लगने की कोई घटना नहीं हुई। इन गांवों में हेरोन कलां और डोडरा जैसे क्षेत्र भी शामिल हैं जहां पूर्व में पराली जलने की अधिक घटनाएं दर्ज की गई थीं।

इन गांवों में वर्ष 2023 में क्रमशः 45 और 31 मामले दर्ज किए गए थे, जो वर्ष 2025 में शून्य हो गए। मानसा की डिप्टी कमिश्नर श्रीमती नवजोत कौर, आई .ए .एस . ने कहा, ''पराली जलाने पर स्थायी और दीर्घकालिक रोक की दिशा में जिला प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है।

## स्व. मुनिश्री अभय कुमार जी के 83वें जन्मोत्सव का विशाल कार्यक्रम आज

चंडीगढ़। मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक के सानिध्य में स्वर्गीय मुनिश्री अभय कुमार जी के 83वें जन्मोत्सव की पावन स्मृति मे आयोजित विशाल विचार गोष्ठी आज 7 दिसंबर रविवार सायं 7 बजे अणुव्रत भवन सैक्टर 24सी के तुलसीसभागार मे आयोजित होगी। जिसका विषय अणुव्रत और लोकतंत्र होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महामहिम गुलाब चंद कटारिया राज्यपाल पंजाब व प्रशासक चंडीगढ होगें। इसके अलावा विशिष्ट अतिथियों मे नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज, प्रो रेनु, कुलपति पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ होगें।

मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने कहा कि कभी यह सवाल आपने खुद से पूछकर देखा है कि आप नाखुश क्यों हैं? आखिर किस चीज के कारण आप नाखुश हैं? अक्सर लोग अपने आसपास की परिस्थितियों और वातावरण के कारण परेशान होते हैं। वे अपने इर्द-गिर्द के लोगों के कारण नाखुश रहते हैं। मगर आपने सोचा कि क्या ये लोग या परिस्थितियां हमेशा एक-सी ही रहने वाली हैं? हमारे आसपास के



लोग और स्थितियां लगातार बदल रही हैं और आगे बढ़ रही हैं। यह सबकुछ बिल्कुल एक बहती नदी की तरह है! आप किसी सुबह जागते हैं और देखते हैं कल आप जिस व्यक्ति से मिले थे अब उसका मिजाज कुछ-कुछ बदल गया है। चीजें बदलती हैं तो उनसे चिढना या गुस्सा होना छोड़ दीजिए। हमारी जिंदगी में आने वाली स्थितियां और लोग तो पानी के बुलबुलों की तरह हैं। ये लोग हमेशा नहीं रहने वाले हैं। ये सभी स्थितियों के अनुरूप थोड़ा-बहुत बदलेंगे। है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर 24 सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार में कहे।

मनीषीश्रीसंत ने आगे कहा फिर क्या आप अपने स्वास्थ्य के कारण नाखुश हैं? तो इसे भी जान लीजिए कि अगर आप बिल्कुल फिट भी हैं तो हमेशा शरीर इस अवस्था में नहीं रहने वाला है। क्या आप हमेशा अपने शरीर को इस अवस्था में रख सकते हैं? एक न एक दिन तो शरीर भी आपका साथ छोड़ेगा। कहना इतना है कि शरीर को लेकर भी बहुत ज्यादा चिंता मत कीजिए। उसे अच्छा रखने के लिए मेहनत जरूर कीजिए मगर उसके प्रति ज्यादा रूझान ठीक नहीं है। अपने शरीर और उसमें उठने वाले भावों को महसूस कीजिए। अगर आपके शरीर में दर्द है तो महसूस कीजिए कि दर्द हो रहा है। अगर दिमाग में किसी तरह का तनाव है तो उस पर भी नजर रखिए। बस इस बात को देखिए कि आपको चीजों में आनंद नहीं आ रहा है और आप पाएंगे कि सचमुच आसपास जितनी भी चीजें हो रही हैं उनमें वाकई आपको आनंद नहीं आ रहा है।

मनीषीश्रीसंत ने कहा मेरे शब्दों पर भरोसा कीजिए कि आप इस प्रकृति में कर्ता की भूमिका में नहीं हैं। जीवन को आप चला रहे हैं इस भाव को मन से निकाल दीजिए। जिंदगी तो हमारे आसपास घटित हो रही है। हर चीज बह रही है। बस तुम्हारा मस्तिष्क और मन उतार-चढ़ाव का सामना करता है।

## पंचांग

रविवार, 7 दिसम्बर, 2025, सूर्योदयः 07:01 ए एम, सूर्यास्तः 05:24 पी एम, चन्द्रोदयः 07:55 पी एम, चन्द्रास्तः 09:33 ए एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः मार्गशीर्ष, पूर्णिमान्त महीनाः पौष, वारः रविवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः तृतीया - 06:24 पी एम तक, नक्षत्रः पुनर्वसु - 04:11 ए एम, दिसम्बर 08 तक, योगः शुक्ल - 08:07 पी एम तक, करणः वणिज - 07:50 ए एम तक, द्वितीय करणः विष्टि - 06:24 पी एम तक, क्षय करणः बव - 05:08 ए एम, दिसम्बर 08 तक, सूर्य राशिः वृश्चिक, चन्द्र राशिः मिथुन - 10:38 पी एम तक, राहुकालः 04:06 पी एम से 05:24 पी एम, गुलिक कालः 02:48 पी एम से 04:06 पी एम, यमगण्डः 12:13 पी एम से 01:31 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:52 ए एम से 12:33 पी एम, दुर्मुहूर्तः 04:01 पी एम से 04:43 पी एम, अमृत कालः 01:59 ए एम, दिसम्बर 08 से 03:27 ए एम, दिसम्बर 08, वर्ज्यः 05:12 पी एम से 06:40 पी एम

## भविष्य फल



**मेषः** निवेश करने और अनुमान के आधार पर पैसे लगाने के लिहाज से अच्छा दिन नहीं है। नाती-पोतों से आज काफी खुशी मिल सकती है।

**वृषः** आज आप में से कुछ को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण निर्णय, सोच-विचार के बाद ही लिया जाना चाहिए।

**मिथुनः** आज आप बहस और तनाव से खुद को थका हुआ सा पाएंगे। आजीविका के साधनों में कमी आएगी।

**कर्कः** मजबूती और निडरता का गुण आपकी मानसिक क्षमताओं में इजाफा करेगा। किसी भी तरह के हालात को काबू में रखने के लिए इस रफ्तार को बरकरार रखिए।

**सिंहः** यदि आप सहयोग लेने के इच्छुक हैं तो आपके वरिष्ठ आपकी हर संभव सहायता करेंगे।

**कन्याः** आज आपको विरोधियों से धन प्राप्त होने की संभावना है। वित्तीय मामलों में लापरवाही बरतने से बचें।

**तुलाः** आपकी इच्छा-शक्ति को प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि आप बहुत पेचीदा हालात से निकलने में कामयाब रहेंगे।

**वृश्चिकः** आप अपने संपर्कों के कारण व्यावसायिक सदंर्भ में आज महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**धनुः** आज अतीत के गलत फैसले मानसिक अशांति और क्लेश की वजह बनेंगे। किसी की प्रेम में क़ामयाबी मिलने की कल्पना को सच में कराने में सहायता करें।

**मकरः** बहुत-कुछ आपके कंधों पर टिका हुआ है और ?सले लेने के लिए स्पष्ट सोच जरूरी है।

**कुंभः** नौकरीपेशा जातक आज काम का अधिक बोझ महसूस कर सकते हैं। व्यापारी वर्ग अपने कदम विश्वास के साथ आगे बढ़ाएंगे।

**मीनः** पारिवारिक मोर्चे पर हालात सामान्य रहेंगे लेकिन आपको माता-पिता के स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहने की आवश्यकता है।

### खेतों में चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

# दो आरोपी गिरफ्तार, पांच वारदातों का खुलासा

ट्यूबवेल से केबल व स्टार्टर चोरी करते थे, 30 किलो तांबा व 53 किलो केबल बरामद

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस के कुशल नेतृत्व में थाना बापौली पुलिस टीम ने खेतों से ट्यूबवेल की केबल व स्टार्टर चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर शुक्रवार शाम को गिरोह के दो आरोपियों को गांव खोजकीपुर कलां से गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों से खेतों में चोरी की 5 वारदातों को खुलासा हुआ है। आरोपियों की पहचान खोजकीपुर कलां गांव निवासी अजीत व रणवीर के रूप में हुई है। दोनों आरोपी संगे भाई है।

डीएसपी नवीन संधू ने शनिवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि थाना बापौली पुलिस टीम को शुक्रवार शाम को सूचना मिली थी की खोजकीपुर



कला गांव में एक घर में फराली जलाई जा रही है, जिससे काला घुआ निकल रहा है। सूचना पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जल रही पराली को कुरेद कर देखा नीचे केबल के निकली तांबा तार मिली। पुलिस ने आग जला रहे दोनों युवकों को हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान अजीत व रणवीर पुत्र शिवलाल निवासी खोजकीपुर के रूप में बताई।

केबल बारे पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने अपने दो अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर 4 दिसंबर की रात रायमाल (रमाल) गांव के खेतों में 12 टयूबवेल से उक्त केबल चोरी करने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना बापौली में रायमाल गांव निवासी सरिता पत्नी पिंकूराम की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

डीएसपी नवीन संधू ने बताया कि पुलिस टीम ने घर में साथ बने कमरे में जाकर देखा भारी मात्रा में केबल मिली। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपियों ने शहरमालपुर, मतरौली व बिहौली गांव खेतों से ट्यूबवेल की केबल व स्टार्टर चोरी की 4 अन्य वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदातों बारे थाना बापौली में अभियोग दर्ज है।

## एथर एनर्जी ने ''एथर इलेक्ट्रिक दिसंबर'' की घोषणा की

चंडीगढ़। भारत के प्रमुख इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता, एथर एनर्जी ने दिसंबर में अपने माह भर चलने वाले अभियान का तीसरा संस्करण शुरू किया है। इस अभियान के अंतर्गत दिसंबर में चुनिंदा एथर स्कूटर खरीदने वाले ग्राहकों को आकर्षक कैश डिस्काउंट, ईएमआई ऑफर और एक्सटेंडेड वॉरंटी प्रदान की जा रही है। यह इस अभियान का तीसरा साल है, जो ऑटो उद्योग में ग्राहकों की एक आम समस्या को हल करने पर केंद्रित है। यह समस्या है ग्राहकों द्वारा साल के अंत में वैल्यू लॉस के डर से इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदने के निर्णय को टालना। एथर ने इसके समाधान के लिए दिसंबर में स्कूटर खरीदने वालों को बेहतर मूल्य तथा हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर की निरंतर कंपैटिबिलिटी प्रदान करने का भरोसा दिलाया है। इस अभियान के अंतर्गत ग्राहकों को 20,000 रुपये मूल्य तक के बेनेफिट्स दिए जा रहे हैं, जिनमें क्रेडिट कार्ड ईएमआई पर 10,000 रुपये तक की छूट और 10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट शामिल है। ये ऑफर एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, वनकार्ड, फेडरल बैंक, बैंक ऑफ बड़ोदा, स्केपिया, केनरा बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यस बैंक और आरबीएल बैंक के कार्डधारकों को उपलब्ध हैं।एथर के मौजूदा पोर्टफोलियो में 450 सीरीज के इलेक्ट्रिक स्कूटर परफॉर्मेंस के लिए बनाए गए हैं।

## नशा-मुक्त हरियाणा मिशनः डीएलएसए सोनीपत की एंटी-ड्रग जागरूकता रैली में छात्रों की भागीदारी

पैनल अधिवक्ता अरुण कुमार शर्मा ने दिए महत्वपूर्ण संदेश

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के दिशा-निर्देशों के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) सोनीपत द्वारा नशा-मुक्त हरियाणा मिशन के अंतर्गत एंटी-ड्रग जागरूकता और रोकथाम रैली का आयोजन किया गया। यह रैली जिला एडीआर सेंटर, जिला न्यायालय परिसर सोनीपत से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए छोटू राम चौक तक निकाली गई।

रैली का संचालन डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल सोनीपत के सहयोग से किया गया, जिसमें स्कूल के 60 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने 'से नो टू ड्रग्स', 'नशा छोड़ो–जीवन जोड़ो', 'नशीले पदार्थों का उन्मूलन–हमारी जिम्मेदारी' एवं 'एक कदम नशा-मुक्ति की ओर' जैसे संदेशपूर्ण नारों से लोगों को जागरूक किया। रैली को मुख्य विधिक सहायता प्रतिरक्षा वकील (Chief Legal Aid Defence Counsel), डीएलएसए सोनीपत द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता अरुण कुमार शर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों और नागरिकों को संबोधित किया। उन्होंने नशे के दुष्परिणामों, परिवार पर इसके दुष्प्रभाव, तथा नशा-निवारण के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री शर्मा ने बच्चों को नशे से दूर रहने, सकारात्मक जीवनशैली अपनाने और समाज में नशा-रोधी संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया।

इसके साथ ही उन्होंने नालसा एवं हालसा की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों एवं आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों (जिनकी वार्षिक आय 3 लाख से कम है) को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। डीएलएसए का कार्यालय एडीआर सेंटर, जिला न्यायालय परिसर सोनीपत में स्थित है, जहाँ प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निःशुल्क कानूनी सलाह दी जाती है। इसके अतिरिक्त लोग हेल्पलाइन नंबर 0130-2220057 और नालसा हेल्पलाइन 15100 पर भी कानूनी परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अपील की कि समाज का प्रत्येक नागरिक नशे के खिलाफ इस अभियान में सहभागी बने और नशा-मुक्त, स्वस्थ एवं सुरक्षित हरियाणा के निर्माण में सहयोग दे।




# पंचकूला पुलिस ने लावारिस मोटरसाइकिलों की जांच की, 1 चोरी की मिली, दो संदिग्ध

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 6 दिसंबर।** पंचकूला पुलिस की सेक्टर-2 चौकी की टीम ने क्षेत्र में गश्त के दौरान एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। चौकी इंचार्ज अजय कुमार अपनी टीम सहित जब माजरी चौक स्थित पार्किंग क्षेत्र की जांच कर रहे थे, उसी दौरान पार्किंग में तीन धूल चढ़े लावारिश टू-व्हीलर खड़े पाए गए। वाहनों की संदिग्ध स्थिति को देखते हुए तुरंत उनकी जांच की गई। जांच में सामने आया कि तीन में से एक मोटरसाइकिल चोरी की है। बाइक के वास्तविक मालिक की पहचान की गई और उसे मामले की सूचना दे दी गई है। पुलिस के अनुसार आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी होते ही बाइक उसके मालिक को विधिवत सौंप दी जाएगी।

वहीं, बाकी दो टू-व्हीलरों के संबंध में पुलिस टीम जानकारी जुटा रही है। इनके मालिकों की पहचान, वाहन चोरी की श्रेणी में दर्ज हैं या नहीं, अथवा अन्य किसी मामले से जुड़ाव की जांच की जा रही है। पुलिस की अपील है कि अगर आपके क्षेत्र में भी कोई लावारिश व संदिग्ध वाहन खड़ा है तो तुरंत नकदीकी पुलिस थाना व चौकी को सूचित करे।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

होमगार्ड्स स्थापना दिवस पर सीएम योगी आदित्यनाथ का संबोधन

# होमगार्ड्स समाज की सुरक्षा का अटूट कवच, सरकार पूरी तरह समर्पित


अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होमगार्ड्स के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपका अनुशासन, निष्ठा व त्याग हमारे समाज को सुरक्षित तथा संरक्षित बनाने में बड़ी भूमिका का निर्वहन करता है। आप केवल एक बल के स्वयंसेवक नहीं, बल्कि समाज का विश्वास और प्रदेश सरकार की शक्ति हैं। आपकी सेवा ही सम्मान व अनुशासन पहचान है। राष्ट्रहित हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता में होना चाहिए। यही भावना प्रत्येक होमगार्ड्स जवान की सेवा को महान बनाएगी। प्रदेश सरकार होमगार्ड्स के जवानों के कल्याण के लिए पूरी तरह संकल्पित है।

मुख्यमंत्री आज यहां उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स संगठन के 63वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स विभाग के राष्ट्रपति पदक विजेता अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया तथा सलामी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि होमगार्ड्स स्थापना दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव का प्रतीक है। आज यहां होमगार्ड्स संगठन के ऊर्जावान जवानों द्वारा अत्यन्त उच्च कोटि की रैतिक परेड का प्रदर्शन किया गया है। यह होमगार्ड्स विभाग की अद्भुत कार्यक्षमता, उच्च कोटि के अनुशासन और अनवरत परिश्रम को दर्शाता है। इस भव्य रैतिक परेड में सम्मिलित होमगार्ड्स के सभी जवानों की सेरेमोनियल ड्रेस, परेड ग्राउण्ड की साज-सज्जा, हरियाली अत्यन्त आकर्षक व सम्मोहित करने वाली है। किसी भी वर्दीधारी फोर्स के लिए यह प्रशंसनीय और प्रेरणायी क्षण है। जब इस प्रकार का प्रदर्शन व परिसर बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध होंगे, तो प्रत्येक भारतीय के मन में श्रद्धा और सम्मान का भाव झलकता हुआ दिखाई देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज



भारत के संविधान शिल्पी बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस भी है। बाबा साहब ने प्रत्येक भारतीय को प्रेरणा देते हुए कहा कि हमारी पहचान परिवार, जाति, क्षेत्र, भाषा से नहीं, बल्कि एक भारतीय के रूप में होनी चाहिए। भारतीयता की इसी पहचान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रत्येक भारतवासी से कहा था कि वर्दीधारी फोर्स के प्रति सम्मान का भाव हम सबके मन में होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 06 दिसम्बर, 1963 को उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स की स्थापना हुई थी। तभी से यह संगठन अटूट सुरक्षा कवच की तरह उत्तर प्रदेश पुलिस बल का सम्बल बना हुआ है। यह प्रशंसनीय है कि इस बल के कठिन परिश्रम एवं सेवा के परिणामस्वरूप राष्ट्रपति के पदक से उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को वर्ष 2024 में विशिष्ट सेवाओं के लिए 03 पदक, सराहनीय सेवाओं के लिए 11 पदक एवं वर्ष 2025 में सराहनीय सेवाओं के लिए 03 पदक तथा भारत सरकार के 38 कमण्डेशन डिस्क से अलंकृत किया गया है। पहले अक्सर होमगार्ड्स के जवानों को उपेक्षित कर दिया जाता था, अब उन्हें राष्ट्पति व गृह मंत्रालय का सम्मान प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि होमगार्ड्स संगठन अब केवल पुलिस के सहायक के रूप में नहीं है। यह बल पुलिस के साथ कन्धे से कन्धा मिलाते हुए यातायात संचालन, डायल 112, चुनाव ड्यूटी, जेल सुरक्षा तथा कुम्भ जैसे आयोजनों में कानून व्यवस्था और शान्ति का वातावरण बनाने में अपना योगदान देता है। इनके सराहनीय योगदान के कारण चुनाव ड्यूटी के दौरान न केवल प्रदेश में बल्कि देश के विभिन्न राज्यों में इनकी मांग होती है। यह संगठन प्रदेश में परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराने में अभूतपूर्व कार्य कर रहा है। वर्तमान में प्रदेश में आपदा मित्रों की नियुक्ति हो रही है। होमगार्ड्स विभाग ने राज्य आपदा प्रबन्धन विभाग के साथ सामंजस्य बनाकर 04 हजार से अधिक जवानों को आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया है।

मुख्यमंत्री ने सनातन संस्कृति के महापर्व प्रयागराज महाकुम्भ-2025 का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि महाकुम्भ में होमगार्ड्स के 14,000 से अधिक जवानों को तैनात किया गया था। इनके द्वारा महाकुम्भ को सकुशल सम्पन्न कराने में उत्कृष्ट सेवाभाव का परिचय दिया गया। उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए सभी ने उनकी प्रशंसा की थी। होमगार्ड्स विभाग अपनी वेबसाइट एवं 'होमगार्ड मित्र' ऐप के माध्यम से पारदर्शी और डिजिटल व्यवस्था विकसित कर, जवानों की उपस्थिति, ड्यूटी व यूनिफॉर्म भत्ता तथा भुगतान की प्रत्येक जानकारी आसानी से उपलब्ध करा रहा है।

## पारदर्शी व्यवस्था से युवाओं के सपनों को मिल रही नई ऊंचाई

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में युवाओं को रोजगार प्रदान करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता लगातार साकार हो रही है। इसी कड़ी में लोक सेवा आयोग द्वारा दिसंबर और जनवरी माह में सहायक अध्यापक (प्रशिक्षित स्नातक) भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के माध्यम से 15 विषयों में कुल 7466 पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। यह परीक्षा, योगी सरकार के मिशन रोजगार के माध्यम से युवाओं के सपनों को नई ऊंचाई देने के साथ-साथ प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के तहत परीक्षा को पूरी तरह नकलविहीन, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने की व्यापक तैयारी की गई है। परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन जनपदों में परीक्षा केंद्र हैं, वहां के जिलाधिकारी स्वयं व्यक्तिगत रूप से व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे।

परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रवेश के समय बायोमेट्रिक सत्यापन, फ्रिस्किंग की कड़ाई, पूर्णत: क्रियाशील सीसीटीवी कैमरे, एलआईयू और एसटीएफ की निगरानी टीमों की सक्रिय उपस्थिति के साथ ही संवेदनशील जिलों में विशेष सतर्कता सुनिश्चित की जाएगी।प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनाए रखने हेतु कलर एवं कोड आधारित एसएमएस प्रणाली लागू होगी। ट्रेजरी से गोपनीय सामग्री की निकासी और परीक्षा केंद्रों तक सुरक्षित पहुंच सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा निर्धारित समय पर की जाएगी।

सभी परीक्षा केन्द्रों पर स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पर्याप्त प्रकाश, बैठने की समुचित व्यवस्था सहित अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी समय से पूर्ण कर लिया गया है।

योगी आदित्यनाथ सरकार ने पिछले साढ़े आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश में सरकारी सेवाओं में 8.5 लाख से अधिक नियुक्तियां प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पारदर्शी, त्वरित और तकनीक-आधारित भर्ती व्यवस्था से युवाओं को व्यापक अवसर मिल रहे हैं। साथ ही, राज्य में बढ़ते निवेश के परिणामस्वरूप निजी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में रोजगार सृजित हुए हैं।

उत्तर रेलवे जम्मू मंडल ने विज्ञापन नीलामी में रचा रिकॉर्ड

## तीन वर्ष में मिलेगी 44 लाख की अतिरिक्त आय



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

जम्मू। जम्मू मंडल द्वारा अपने राजस्व को बढ़ाने के साथ साथ गैर किराया आय के स्त्रोतों को विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जाते हैं। अगर, गैर किराया आय की बात करें, तो मंडल में पिछले कुछ समय से प्रत्येक रेलवे स्टेशनों पर बहुउद्देशीय स्टॉलों को ई नीलामी के जरिए, विभिन्न याचिकाकर्ताओं को आवंटित किए गए। जिन्होंने गैर राजस्व आय बढ़ाने के साथ साथ यात्री सुविधाओं में भी अपनी प्रमुख भूमिका निभाई हैं। इसी गैर राजस्व में वृद्धि दर्शातें हुए, आज 6 दिसंबर 2025, को जम्मू मंडल में पांच रेलवे अंडरब्रिज पर एडवर्टाइजमेंट राइड्स देने के लिए ई नीलामी आयोजित की गई। इस ई नीलामी के बाद सफल याचिकाकर्ता को तीन साल के एडवर्टाइजमेंट राइड्स दिए गए। जिसका तीन साल के लिए लगभग 44 लाख रुपये का गैर किराया राजस्व अर्जित होगा।

रेलवे अंडरब्रिज का विवरण इस प्रकार हैं।

1. शहीद कैप्टन तुषार महाजन से जम्मू की तरफ नरवाल रेलवे अंडरब्रिज संख्या -1
2. जम्मू से पठानकोट की तरफ छनी हिम्मत रेलवे अंडरब्रिज संख्या - 242
3. जम्मू से पठानकोट की तरफ कुंजवानी रेलवे अंडरब्रिज संख्या - 237
4. शहीद कैप्टन तुषार महाजन से जम्मू की तरफ बाघे बाहु रेलवे अंडरब्रिज संख्या -247
5. जम्मू से पठानकोट की तरफ सांबा रेलवे अंडरब्रिज संख्या - 173

इस सफल ई-नीलामी पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उचित सिंघल ने बताया कि रेलवे अंडरब्रिज पर एडवर्टाइजमेंट राइड्स के लिए यह पहली ई नीलामी आयोजित की गई हैं, जो सफल रही। इन रेलवे अंडरब्रिज से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं, जो विभिन्न उत्पादकों को उनके ब्रांड का प्रमोशन करने के लिए एक बड़ा बाजार प्रदान करते हैं, साथ ही रणनीतिक स्थानों पर स्थित अंडरब्रिज, विज्ञापन के लिए चौबीसों घंटे दृश्यता सुनिश्चित करते हैं।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश भी ठुकराए

## भवानीपुरम जोजी नगर क्षेत्र में 42 पक्के मकानों पर चला बुलडोज़र

वाईएसआरसीपी ने की कड़ी निंदा, बेघर परिवारों को इंसाफ दिलाने का संकल्प

अर्थ प्रकाश /बोम्मा रेड्डी

विजयवाड़ा। भवानीपुरम के जोजी नगर क्षेत्र में 42 पक्के मकानों को बिना किसी पूर्व नोटिस के अचानक तोड़े जाने की घटना से शहर में आक्रोश फैल गया है। कड़ाके की ठंड में जब कई परिवार खाना बना रहे थे या भोजन कर रहे थे, तभी प्रशासनिक टीम, पुलिस बल और कथित बाहरी लोगों के साथ पहुंचकर घरों को खाली करवाया गया और जेसीबी मशीनों से मिनटों में मकान ढहा दिए। प्रभावित लोग सुप्रीम कोर्ट का आदेश दिखाते रहे, जिसमें 31 दिसंबर तक किसी भी तरह की तोड़फोड़ पर रोक थी, लेकिन अधिकारियों और मौजूद टीम ने आदेश को नज़रअंदाज़ करते हुए कार्रवाई जारी रखी।



लोगों का कहना है कि महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों तक को घर से बाहर खींचते हुए भोजन और सामान को फेंक दिया गया। पूरे इलाके में यह दृश्य देखकर लोग भावुक हो उठे और कई शिक्षित तथा स्थानीय नागरिकों ने इसे अमानवीय और असंवैधानिक बताते हुए तीखी निंदा की।

घटना के तुरंत बाद पूर्व मंत्री वेलमपल्ली श्रीनिवास, पूर्व एमएलए मल्लाडी विष्णु, एनटीआर जिले के वाईएसआरसीपी प्रेसिडेंट देवीनेनी अविनाश, विजयवाड़ा की मेयर रायना भाग्यलक्ष्मी, सोशल मीडिया विंग के स्टेट प्रेसिडेंट डोड्डा अंजीरेड्डी सहित कई वाईएसआरसीपी नेता मौके पर पहुंचे। नेताओं ने आरोप लगाया कि कार्रवाई पूरी तरह टीडीपी-बीजेपी-जनसेना गठबंधन सरकार के निर्देश पर की गई है और एमपी केसिनेनी चिन्नी एवं स्थानीय एमएलए की जानकारी में ही यह बुलडोज़र ऑपरेशन किया गया।

नेताओं का कहना है कि 20 वर्षों से लोग हाउस टैक्स, वॉटर टैक्स और बिजली बिल जमा कर रहे हैं, कई बुजुर्गों को सरकारी पेंशन मिल रही है, फिर भी सभी दस्तावेज़ों और सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अनदेखी कर दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस के साथ आए कुछ लोगों ने महिलाओं से बदसलूकी भी की, लेकिन किसी शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी के निर्देश पर वाईएसआरसीपी ने घोषणा की कि वह 42 बेघर परिवारों के लिए कानूनी लड़ाई लड़ेगी, कोर्ट जाएगी और पीड़ितों को पूरा न्याय दिलाने तक संघर्ष जारी रहेगा। नेताओं ने मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, मंत्री नारा लोकेश और डिप्टी सीएम पवन कल्याण से तत्काल जवाबदेही तय करने की मांग की।

## मिठाई की दुकान व घर में घुसकर जानलेवा हमला करने का 13वां आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

समालखा। राक्सेडा गांव में मिठाई की दुकान व घर में घुसकर जानलेवा हमला व तोड़फोड़ करने की वारदात में फरार चल रहे 13वें आरोपी को सीआईए टू पुलिस टीम ने शुक्रवार शाम को मुरथल टोल प्लाजा के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सोनीपत के पीपली गांव निवासी विक्रम के रूप में हुई है।

सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके साथी आरोपियों के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक डंडा बरामद कर शनिवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित ने बताया कि मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके 9 आरोपियों रोहित, गौरव, अनुज, शक्ति, समीर, अनिल, मनीष, राहुल, उत्तम के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दो गंडासी, तीन डंडे व दो बाइक बरामद कर उक्त आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। इसके साथ ही मामले में तीन आरोपियों को शामिल जांच कर गिरफ्तार किया जा चुका है।

**यह है मामला:** थाना समालखा में राक्सेडा गांव निवासी भीम सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके दो बेटे है। उनकी गांव में मिठाई की दुकान है। एक साल पहले दुकान पर उसके पोते शिवम के साथ गांव निवासी रोहित की मामूली बात पर हाथापाई हुई थी। जिसकी उन्होंने चौकी में शिकायत दी थी। गांव के मौजिज व्यक्तियों ने राजीनामा करवा दिया था। इसके बाद रोहित उनके परिवार से रंजिश रखने लगा था। 25 जुलाई को शाम करीब 8 बजे उसका पोता शुभम व एक अन्य लड़का दुकान पर बैठे थे। तभी रोहित व अशोक अपने 20-30 अन्य साथियों के साथ लाठी, डंडे व डंडासी से लैस होकर आए और दुकान में घुसकर शुभम को पीटना शुरू कर दिया। आरोपियों ने दुकान के शीशे व अन्य सामान भी तोड़ दिया।

## उत्तरप्रदेश की महिला टीम ने पश्चिम बंगाल को 32-21 से हराया

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

**लखनऊ।** मेजबान उत्तर प्रदेश ने 37वीं फेडरेशन कप हैंडबॉल (पुरुष व महिला) चैंपियनशिप के महिला वर्ग में रोमांचक जीत से आगाज किया। अन्य मैचों में पुरुषों में राजस्थान, सीआईएसएफ जबकि महिलाओं में हिमाचल प्रदेश ने जीत दर्ज की। केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित चैंपियनशिप के महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश ने पश्चिम बंगाल के खिलाफ 32-21 से जीत दर्ज की। मेजबान शुरू में प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मैच में पिछड़ गया था लेकिन फिर यूपी ने चुस्त सर्विस व बेहतरीन रणनीति की बदौलत वापसी की और मध्यांतर तक 16-12 की बढ़त बना ली। यूपी की ओर से खुशबू ने सर्वाधिक 12 गोल दागकर जीत में अहम योगदान किया। उनका साथ देते हुए राजपति ने 6, नैना व रेशमा ने 4-4, प्रीति ने 3 व सुमन ने 2 गोल किए। पश्चिम बंगाल से बी.राभा व अनीशा ने 6- 6 जबकि श्वेता व मनीषा ने 3-3 गोल किए। पुरुष वर्ग में राजस्थान ने पंजाब के खिलाफ 35-25 से रोमांचक जीत दर्ज की। मध्यांतर तक राजस्थान 15-11 से आगे था। राजस्थान से रोहिताष ने सबसे ज्यादा 12 गोल किए।

## केंद्र ने रोके पैसे फिर भी जामताड़ा में बहा विकास का सैलाब : डॉ. इरफान

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रांची। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने जामताड़ा-कर्माटांड़- कंबाइंड बिल्डिंग पथ पर स्थित क्षतिग्रस्त पुराने पुल के स्थान पर बनाए जाने वाले डाइवर्जन निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया।

इस मौके पर भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे और मंत्री डॉ अंसारी का जोरदार स्वागत किया। डॉ अंसारी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लगातार उपेक्षा, आवश्यक राशि की रोक और सौतेले व्यवहार के बावजूद जामताड़ा में विकास कार्यों की रफ्तार रुकी नहीं है।

डॉ. अंसारी ने प्रदेश नेतृत्व और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आशीर्वाद से संघर्ष करते हुए पुल निर्माण की राशि स्वीकृत करवाई-और आज उसी का परिणाम जनता के सामने है। बीते वर्ष भारी बरसात के दौरान जामताड़ा शहर को कर्माटांड़ और अन्य क्षेत्रों से जोड़ने वाला यह महत्वपूर्ण पुल बह गया था। इसके कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया था, व्यापारिक गतिविधियाँ ठप पड़ गई थीं, स्कूली बच्चों, मरीजों, किसानों, बुजुर्गों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा,लोगों को कई किलोमीटर घूमकर आना-जाना पड़ रहा था।

केंद्र सरकार ने इस अत्यावश्यक कार्य के लिए एक भी पैसा उपलब्ध नहीं कराया, जिससे जन आक्रोश बढ़ता जा रहा था।

हालात की गंभीरता को समझते हुए डॉ. अंसारी ने मुख्यमंत्री से विशेष अनुरोध किया, लगातार फॉलो-अप और संघर्ष किया और अंततः सरकार से पुल निर्माण की राशि मंजूर करवाई।

आज उसी संघर्ष का परिणाम है कि बहा हुआ पुल फिर एक बार अपने नए रूप में खड़ा हो रहा है और डाइवर्जन निर्माण की शुरुआत हो चुकी है। केंद्र सरकार ने चाहे जितनी बाधाएँ डाली हों, जामताड़ा के विकास को कोई नहीं रोक सकता।जनता से मैंने वादा किया था।पुल हर हाल में बनेगा।

मजबूत इच्छाशक्ति हो तो कोई भी मुश्किल आसान है।

पुल के पुनर्निर्माण ने न केवल हजारों लोगों को राहत दी है बल्कि विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम और झूठे आरोपों को भी पूरी तरह खामोश कर दिया है।

पुल निर्माण से आवागमन फिर से सुचारु होगी। व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी।मरीजों, छात्रों और किसानों को बड़ी राहत मिली। क्षेत्र में विकास का विश्वास और मजबूत हुआ हुआ। स्वास्थ्य मंत्री के नेतृत्व में जामताड़ा तेजी से विकास की नई मिसाल बनता जा रहा है।

## नवनीत सिंह धर्म प्रचार सब-कमेटी के नए वाइस चेयरमैन नियुक्त : हरमीत सिंह कालका



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने बताया कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की कार्यकारी बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक में धर्म प्रचार सब-कमेटी के वाइस चेयरमैन के रूप में सरदार नवनीत सिंह का चयन सर्वसम्मति से किया गया है।

सरदार कालका ने कहा कि धर्म प्रचार कमेटी, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की सबसे महत्वपूर्ण सेवाओं में से एक है, जिसके माध्यम से गुरु साहिबान की बाणी, सिख सिद्धांत और गुरमत मूल्यों का व्यापक प्रसार एवं प्रचार किया जाता है। उन्होंने कहा कि कमेटी को पूर्ण विश्वास है कि सरदार नवनीत सिंह अपनी समर्पित सोच, विनम्रता और सुव्यवस्थित प्रबंधन अनुभव के साथ इस महत्वपूर्ण सेवा को अत्यंत उत्कृष्ट रूप से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की प्रबंधकीय टीम धार्मिक प्रचार परियोजनाओं, युवा पीढ़ी को गुरमत से जोड़ने के लिए शिविरों, सिख इतिहास व्याख्यान, नगर कीर्तन एवं आध्यात्मिक शिक्षा कार्यक्रमों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है। सरदार हरमीत सिंह कालका ने आशा व्यक्त की कि सरदार नवनीत सिंह के नेतृत्व में कमेटी के कार्य नई गति और ऊँचाइयाँ प्राप्त करेंगे।

बागवानी फसलों को रोजगार गारंटी से जोड़ने का निर्देश

## आदिवासी प्रोडक्ट्स की बड़ी मार्केटिंग योजना पर भी जोर : पवन कल्याण

अर्थ प्रकाश /बोम्मा रेड्डी

**अमरावती।** जंगल पर निर्भर आदिवासियों का जीवन स्तर बेहतर हो सके। उनकी आय के सोर्स बढ़ाए जाएं। उपमुख्यमंत्री और पंचायत राज और ग्रामीण विकास मंत्री पवन कल्याण ने अधिकारियों को साफ कर दिया कि इसी हिसाब से खास डेवलपमेंट प्रोग्राम बनाए जाएं।

उन्होंने कहा कि मैन्युफैक्चरिंग, मार्केटिंग, इको-टूरिज्म और टूरिज्म बढ़ाने जैसे खास पहलुओं को आधार बनाकर आदिवासी युवाओं में बेरोजगारी की समस्या खत्म की जानी चाहिए। शनिवार को उपमुख्यमंत्री ने मंगलगिरी कैंप ऑफिस से अल्लूरी सीताराम राजू जिले के कलेक्टर दिनेश कुमार और एसपी अमित बरदार के साथ टेलीकॉन्फ्रेंस की। सुमित कुमार, जो पहले अल्लूरी सीताराम राजू डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर थे और अभी चित्तूर कलेक्टर हैं, और सतीश कुमार, जो पहले अल्लूरी सीताराम राजू डिस्ट्रिक्ट एसपी थे और अभी श्री सत्यसाई डिस्ट्रिक्ट एसपी हैं, ने भी इस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया। इस मौके पर अल्लूरी डिस्ट्रिक्ट के जंगल वाले इलाके में मारिजुआना खत्म करने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। पवन कल्याण ने कहा, दुनिया तेज़ी से आगे बढ़ रही है। देश में भी बड़े बदलाव हो रहे हैं। इसे अपनाना चाहिए। खासकर आदिवासी इलाकों में, उनकी एनर्जी और मेहनत का इस्तेमाल उनके रहन-सहन को बेहतर बनाने के लिए किया जाना चाहिए। जंगल के प्रोडक्ट्स और ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स की बहुत डिमांड है। कॉफी के बागानों के साथ-साथ जंगल में आसानी से मिलने वाले प्रोडक्ट्स की खेती को बढ़ावा देना चाहिए। मार्केट की डिमांड के हिसाब से जंगल के प्रोडक्ट्स को बड़ी मात्रा में बढ़ाना चाहिए। आदिवासियों से लगातार बातचीत करना, उनके आइडिया सुनना और उनकी मदद करना न भूलें। हमें उनमें नया जोश भरने के लिए हमेशा नए प्रोग्राम के साथ आगे बढ़ना चाहिए। आदिवासियों की इनकम बढ़नी चाहिए। उन्हें सभी सुविधाएं और आराम मिलना चाहिए। हमें युवाओं को अलग-अलग तरीकों से इनकम कमाने के लिए प्रेरित करना चाहिए और उन्हें एंटरप्रेन्योर बनाना चाहिए। हमें उनका सेल्फ-कॉन्फिडेंस बढ़ाना चाहिए। हमें उन्हें दूसरे रोज़गार के मौके देने चाहिए।



एजेंसी का इलाका बागवानी फसलों के लिए सही है। इसे रोज़गार गारंटी से जोड़ने के अच्छे नतीजे मिल रहे हैं। अधिकारियों को इस पर ज़्यादा ध्यान देना चाहिए और रोज़गार गारंटी को अलग-अलग तरह के काम से जोड़ने पर विचार करना चाहिए। साथ ही एजेंसी में बागवानी फसलों का एरिया बढ़ाने से, रोज़गार के काम के तौर पर उससे जुड़े सही काम किए जा सकते हैं। इससे आदिवासियों के लिए रोज़गार पैदा करने में बहुत मदद मिलेगी और आदिवासी इलाकों में जंगल से मिलने वाले प्रोडक्ट भी बढ़ेंगे। कॉफी की फसलों के साथ-साथ एजेंसी के लिए सही फसलें उगाने की कोशिश की जानी चाहिए।

### आदिवासी संगठनों की चिंता

विदित हो पवन कल्याण की इस योजना पर कुछ आदिवासी समुदाय के लोग आदिवासी विकास से जुड़ी गोसंस्थाएं मानती है कि ग्रामीण इलाके में टूरिज्म को प्रमोट करना और फिल्मी और सिनेमा निकालना जैसी हरकतों से उनके संप्रदाय .और उनके नित्य जीवन यापन से दिक्कतें पैदा होगी और उनके संस्कार नष्ट होने की संभावना है इस पर हम मंथन कर रहे हैं तब कहीं हम इस पर एक विज्ञप्ति सरकार को देंगे कहा प्रकृति की रक्षा करते हुए टूरिज्म को बढ़ाना चाहिए। एजेंसी इलाकों में टूरिज्म बढ़ाना ज़रूरी आज टूरिज्म में सभी की दिलचस्पी बढ़ रही है।

# नगर परिषद की एनफोर्समेंट विंग की दबंगई! गाड़ी से जबरन चाबी निकालने पर हंगामा, टीम पर धक्केशाही के लगे आरोप

**एनफोर्समेंट विंग की सोशल मीडिया पोस्ट बनी मुसीबत, कहावत सच– शिकारी खुद ही फंस गया अपने जाल में**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 6 दिसंबर।** नगर परिषद की एनफोर्समेंट विंग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। टीम की ओर से सोशल मीडिया पर डाली गई अपनी ही कार्रवाई की पोस्ट अब उन्हीं पर भारी पड़ती दिखाई दे रही है। लोगों का कहना है कि जिस तरह नगर परिषद खुद अपनी 'दबंगई' का प्रचार कर रही है, वह कहावत को सच साबित करता है– 'शिकारी अपने ही जाल में फंस गया।'

ताज़ा मामला उस समय गरमा गया जब नगर परिषद की एनफोर्समेंट टीम ने एक वाहन चालक की गाड़ी रोककर उसकी चाबी जबरन निकाल ली। चालक के विरोध करने पर मौके पर हंगामा खड़ा हो गया। कुछ ही देर में स्थानीय व्यापारी, राहगीर और आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और टीम पर खुलेआम गुंडागर्दी का आरोप लगाने लगे।

मौके पर मौजूद लोगों ने नाराज़गी जताते हुए कहा कि नगर परिषद की टीम को अवैध कब्जों और अतिक्रमण हटाने का अधिकार तो है, लेकिन किसी निजी वाहन की चाबी निकालना पूरी तरह गैर-कानूनी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एनफोर्समेंट टीम के कुछ सदस्य कार्रवाई के दौरान लोगों से अभद्र भाषा में बात करते हैं और विरोध करने पर धमकाते भी हैं।

लोगों ने सवाल उठाया कि आखिर किस नियम के तहत नगर परिषद का कोई कर्मचारी किसी नागरिक के निजी वाहन में हाथ डालकर चाबी निकाल सकता है? यह अधिकार पुलिस का है, न कि किसी एनफोर्समेंट विंग का। राहगीरों ने कहा कि अगर किसी वाहन पर कार्रवाई करनी ही है, तो चालान किया जाए या नोटिस जारी किया जाए, लेकिन इस तरह जबरदस्ती करना जनता को डराने-धमकाने की मानसिकता दिखाता है।

रेहड़ी फड़ी वालों का आरोप है कि टीम के सदस्य अतिक्रमण हटाने के नाम पर आए दिन दुकानदारों को बेइज्जत करते हैं, कई बार बिना कारण सामान गिरा देते हैं और सवाल पूछने पर बदसलूकी करते हैं। लोगों का कहना है कि एनफोर्समेंट विंग का उद्देश्य शहर को व्यवस्थित करना है, लेकिन वर्तमान में यह टीम कानून का पालन करवाने के बजाय खुद मनमानी पर उतरी हुई है।

क्स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि ऐसी घटनाओं की जांच कराई जाए और टीम के उन सदस्यों पर कार्रवाई हो जो अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि शहर में अनुशासन जरूरी है, लेकिन कानून हाथ में लेकर नहीं, नियमों के अनुसार लागू होना चाहिए। घटना के बाद क्षेत्र में बहस छिड़ गई है कि क्या एनफोर्समेंट टीम जनता की सुविधा के लिए काम कर रही है या फिर लोगों पर धौंस जमाने का नया तरीका अपनाया जा रहा है।

> नगर परिषद की इंफोर्समेंट विंग की तरफ से गलत तरीके से लगाए गए वह रेहड़ी फड़ी को समय-समय पर जप्त किया जाता है। बाकी चाबी खींचने की घटना के बारे में एक बार चेक करवाने के बाद ही हम कुछ बता सकते हैं।
>
> **परविंदर सिंह भटी कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद जीरकपुर**

# कांग्रेस-अकाली दल का हिंसा और धांधली का इतिहास, बौखलाहट में झूठे आरोप लगाकर 'आप' को बदनाम करने की कर रहे कोशिश: धालीवाल

**कहा-अकाली-कांग्रेस की सरकारें सीधा लिस्टें जारी कर चाहतों को घोषित करती थी विजेता, आप ने सुनिश्चित कराए स्वतंत्र चुनाव**

**मान सरकार में पहली बार शांतिपूर्ण ढंग से हो रहे ज़िला परिषद-ब्लॉक समिति चुनाव**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 6 दिसंबर।** आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्य प्रवक्ता और विधायक कुलदीप धालीवाल ने अकाली दल और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि इन पार्टियों का इतिहास हिंसा और धांधली का रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार के नेतृत्व में इस बार पंजाब के इतिहास में पहली बार ज़िला परिषद और ब्लॉक समिति के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहे हैं।

शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए धालीवाल ने कहा कि 14 तारीख़ को होने वाले इन चुनावों के लिए तैयारियाँ पूरी हैं। आज शाम तक उम्मीदवारों के नामों की अंतिम सूची (स्क्रूटनी के बाद) जारी हो जाएगी, और कल से सभी पार्टियों के उम्मीदवार प्रचार में जुट जाएंगे।

धालीवाल ने अकाली-कांग्रेस सरकारों के दौरान इन चुनावों में हुई गुंडागर्दी और हुल्लड़बाज़ी के इतिहास को याद करते हुए कहा कि जार बार की तरह इस बार भी उनके नेताओं ने ऐसी ही कोशिशें की हैं।

उन्होंने बीते कल, विधानसभा हलका राजा सांसी के गाँव पिंडी सैदां में हुई शर्मनाक घटना का ज़िक्र करते गए कहा कि बीती रात, हमारे ज़िला परिषद उम्मीदवार लखविंदर सिंह लक्खा और कुछ आप कार्यकर्ताओं पर कांग्रेसी नेताओं ने गोलियाँ चलाई और हथियारों से हमला किया। यह अत्यंत निंदनीय है। सभी घायल कार्यकर्ता अस्पताल में उपचाराधीन हैं। उन्होंने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी धक्के से चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस गुंडागर्दी पर उतर आई है। यह कांग्रेस की 'निचले दर्जे की सोच' को उजागर करता है।

धालीवाल ने पूर्व विधायक दलबीर सिंह ज़ीरा के एक वीडियो का ज़िक्र किया, जिसमें वह कथित तौर पर कह रहे हैं कि हम तो फाइलें ही अपने घर पर मंगवा लेते थे। आप सरकार के नेतृत्व में पूरे पंजाब में कोई भी अप्रिय घटना नहीं हुई है, और न ही हमने अपने फ़ायदे के लिए किसी सरकारी फ़ाइल को दबाया है। सच्चाई यह है कि अकाली और कांग्रेस पार्टियों को उम्मीदवार ही नहीं मिले, इसलिए वे 'आप' को बदनाम करने के लिए झूठे आरोप लगा रहे हैं।

उन्होंने कांग्रेस और अकाली दल की सरकारों को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि वे अपनी सरकार के दौरान सरपंचों के चुनाव में सीधे अपने उम्मीदवारों को विजेता बनाकर लिस्टें लगा देते थे, चुनाव होने ही नहीं देते थे।

# दशमेश खालसा कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन

**केमिस्ट्री और पर्यावरण विज्ञान के माध्यम से सतत नवाचार पर हुआ मंथन, देश-विदेश के वैज्ञानिकों ने साझा किए शोध**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 6 दिसंबर।** दशमेश खालसा कॉलेज, जीरकपुर के विज्ञान विभाग ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी), श्री अमृतसर साहिब के तत्वावधान में एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन किया। इसका मुख्य विषय 'सस्टेनेबल इनोवेशन थ्रू केमिस्ट्री एंड एनवायरनमेंटल साइंस' (रसायन विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान के माध्यम से सतत नवाचार) रहा।

कॉलेज इंजीनियर सुखमिंदर सिंह के मार्गदर्शन और प्रिंसिपल डॉ. करमबीर सिंह की देखरेख में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत कॉलेज शबद गायन से हुई। प्रिंसिपल डॉ. करमबीर सिंह ने सभी देश-विदेश से पधारे प्रतिनिधियों का औपचारिक स्वागत करते हुए कहा कि यह मंच विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को नई सोच की दिशा में प्रेरित करने में अहम भूमिका निभाएगा।

समापन अवसर पर वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रभजीत सिंह ने सभी गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज भविष्य में भी इस तरह के अकादमिक समारोह आयोजित करके अनुसंधान को नई दिशा देने का प्रयास जारी रखेगा। पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. सिमर प्रीत कौर ने सुचारू रूप से किया। अंत में, प्रिंसिपल डॉ. करमबीर सिंह ने साइंस विभाग की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए पूरी टीम को कॉन्फ्रेंस की शानदार सफलता के लिए बधाई दी।

**पहले सत्र में विशेषज्ञों का संबोधन**

कॉन्फ्रेंस के पहले सत्र में संयुक्त राज्य अमेरिका पटियाला, बठिंडा, देहरादून और मस्तुआना साहिब से आए प्रसिद्ध वैज्ञानिकों ने अपने संबंधित क्षेत्रों से जुड़े महत्वपूर्ण शोध पत्र और सतत तकनीकों पर अपने विचार साझा किए। डॉ. अवतार सिंह ने रसायन विज्ञान में सतत नवाचार की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। डॉ. रतनपाल सिंह ने पर्यावरण संबंधी संकटों और उनके प्रभावी समाधानों पर गहन चर्चा की। अन्य विद्वानों ने भी ग्रीन साइंस, पर्यावरण संरक्षण और नई तकनीकों पर प्रेरणादायक भाषण दिए, जिससे उपस्थित लोगों का ज्ञानवर्धन हुआ।

**दूसरे सत्र में 70 शोध-पत्र प्रस्तुत**

कॉन्फ्रेंस का दूसरा सत्र विशेष रूप से शोध-पत्र प्रस्तुतियों के लिए समर्पित था। इसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों के विद्वानों ने कुल 70 शोध-पत्र प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों ने कॉन्फ्रेंस को ज्ञान-संवर्धन का एक महत्वपूर्ण मंच बना दिया। छात्रों और शिक्षकों ने इन प्रस्तुतियों से नवीनतम वैज्ञानिक जानकारी और अनुसंधान की दिशाओं को समझा।

# ब्लॉक समिति चुनाव: डेराबस्सी में 94 उम्मीदवार मैदान में

## आम आदमी पार्टी, अकाली दल और कांग्रेस-तीनों पार्टियाँ 22 की 22 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी

**भाजपा 22 में से 20 सीटों पर चुनाव लड़ेगी**

**बसपा के चार उम्मीदवार मैदान में**

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 6 दिसंबर।** डेराबस्सी हलके की ब्लॉक समिति को लेकर चुनावी माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है। आज नामांकन वापसी के अंतिम दिन 49 उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस ले लिए। इसके बाद अब सभी पार्टियों के कुल 94 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डेराबस्सी में सभी पार्टियों के 149 उम्मीदवारों ने नामांकन भरें थे। इनमें से 6 उम्मीदवारों के दस्तावेज़ों में कमी होने के कारण उनके नामांकन पत्र रद्द कर दिए गए। इसके बाद आज 49 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस ले लिया, जिसके बाद अब कुल 94 उम्मीदवार चुनावी मुकाबले में हैं।



डेराबस्सी में नामांकन पत्र वापस लेते हुए।

इनमें सत्ताधारी आप के 22 उम्मीदवार 22 सीटों पर, इसी तरह अकाली दल के 22 और कांग्रेस के 22 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। वहीं भाजपा ने भी 22 सीटों पर नामांकन दाखिल किए थे, परंतु दो सीटों पर दस्तावेज़ अधूरे होने के कारण नामांकन रद्द हो गया। इस प्रकार भाजपा अब 20 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

भाजपा के पंडवाला ज़ोन में भरे नामांकन पत्रों में दस्तावेज़ों की कमी थी, जबकि चंडियाला ज़ोन में उम्मीदवार का एस.पी. प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं होने के कारण पर्चा रद्द कर दिया गया। बसपा चार सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

एस.डी.एम. अमित गुप्ता ने बताया कि नामांकन वापसी से जुड़ी सभी अर्ज़ियों पर कार्रवाई राज्य चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार की गई है। पूरे प्रक्रिया में पारदर्शिता और चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया गया।

उन्होंने सभी उम्मीदवारों से अपील की कि चुनाव अवधि के दौरान सौहार्दपूर्ण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन को पूरा सहयोग दें।

# वीआईपी रोड पर जिम ट्रेनर पर जानलेवा हमला

**पुलिस ने आरोपियों पर किया केस दर्ज**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा




**जीरकपुर, 6 दिसंबर।** अवैध गतिविधियों और सड़क पर मारपीट की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आज जीरकपुर पुलिस ने एक बड़े हमले के मामले में कार्रवाई करते हुए 12-13 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सतिंदर सिंह निवासी ईसापुर रोनी, डेराबस्सी, उम्र लगभग 28 वर्ष, जो जीरकपुर में बॉडी बिल्डर ट्रेनर के रूप में कार्यरत हैं, दिनांक 3 दिसंबर 2025 की रात करीब 10-15 बजे वीआईपी रोड, जयपुरिया मार्केट के पास अपनी कार में जा रहे थे। तभी पीछे से बिना नंबर प्लेट की बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात युवक आए जो तेज आवाज में पटाखे बजाते हुए उनकी कार के अगला हिस्सा जोर से टकरा कर रुक गए। आपत्ति जताने पर मोटरसाइकिल सवारों ने शिकायतकर्ता से अभद्र भाषा में गाली-गलौज की और धमकी देते हुए कुछ ही समय में 10-12 अन्य अज्ञात लोगों को मौके पर बुला लिया, जो आई 20 और स्कोडा गाड़ियों में सवार थे। इन सभी ने मिलकर शिकायतकर्ता को सड़क पर घेरते हुए लोहे के छल्लों और लोहे की रॉड से सिर व शरीर पर हमला किया। हमले के दौरान उनके बाएँ हाथ की हड्डी टूट गई और गंभीर चोटें आई। इसके बाद हमलावर अपने वाहनों और हथियारों सहित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित को राहगीरों की मदद से सिविल अस्पताल, ढकोली में भर्ती कराया गया, जहाँ उपचार जारी है। मेडिकल अधिकारी द्वारा बयान के लिए फिट घोषित करने के उपरांत एएसआई सतिंदर सिंह थाना जीरकपुर ने अस्पताल में जाकर बयान दर्ज किया और मामले की पुष्टि की। मेडिकोक्लीगल रिपोर्ट मिलने के बाद घटना को गंभीर मानते हुए धारा 126(2), 115(2), 118(1), 351(2), 109 बीएनएस के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। जीरकपुर पुलिस की टीम आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारियों के लिए लगातार जांच में जुटी हुई है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि यदि आरोपी सामने आते हैं तो वह सभी को पहचान सकता है। पुलिस ने कहा कि शहर में अराजक तत्वों द्वारा सड़क पर डर और दहशत फैलाने वाले ऐसे किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**डेराबस्सी ब्लॉक समिति चुनाव में रोचक मुकाबला**

# कूड़ावाला ब्लॉक में तीन 'सीमा देवी' व एक 'मनजीत कौर' – मतदाताओं की सबसे बड़ी चुनौती: 'पहचान किसकी?'

अर्थ प्रकाश/चौहान



1 सीमा देवी पत्नी सुरेंद्र कुमार कूड़ा वाला आम आदमी पार्टी



2 सीमा देवी पत्नी कुलदीप सिंह कांग्रेस पार्टी



3 सीमा देवी पत्नी मेवाराम भारतीय जनता पार्टी



4 मनजीत कौर गांव भगवानपुर ब्लॉक कूड़ा वाला

**डेराबस्सी, 6 दिसंबर।** डेराबस्सी हलके में ब्लॉक समिति चुनाव के लिए नामांकन वापसी की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अब सभी 22 ब्लॉकों में चुनाव प्रचार जोर पकड़ चुका है। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चाओं में कूड़ावाला ब्लॉक है, जहां मुकाबला अपने आप में बेहद अनोखा बन गया है। इस ब्लॉक में चार महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं–जिनमें से तीन का नाम एक जैसा 'सीमा देवी' है, जबकि चौथी उम्मीदवार शिरोमणि अकाली दल की मनजीत कौर कंग हैं।

यह स्थिति मतदाताओं के बीच बड़ी चर्चा का विषय बनी हुई है, क्योंकि तीन अलग-अलग पार्टियों की उम्मीदवारों का नाम समान होने से चुनावी पहचान एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है।

कांग्रेस पार्टी ने सीमा देवी, पत्नी कुलदीप सिंह, को टिकट दिया है। आम आदमी पार्टी की तरफ से सीमा देवी, पत्नी सुरेंद्र कुमार, चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा की प्रत्याशी भी सीमा देवी ही हैं, जिनके पति का नाम मेवाराम है।

तीन समान नाम वाली उम्मीदवारों के बीच अलग पहचान के साथ अकाली दल ने मनजीत कौर कंग, पत्नी अमरजीत सिंह, को मैदान में उतारा है। मनजीत कौर का नाम अलग होने के कारण वे चुनावी चर्चाओं में विशेष रूप से उभरकर सामने आई हैं। मनजीत कौर पहले भी गांव भगवानपुर की सरपंच रह चुकी हैं। अकाली दल उनके अनुभव, पारिवारिक पृष्ठभूमि और सेवाभाव को लेकर प्रचार कर रहा है।

कूड़ावाला ब्लॉक में एक जैसी नाम वाली तीन प्रत्याशियों के उतरने से मतदाताओं के लिए चुनाव पहले से कहीं अधिक पेचीदा हो गया है। ग्रामीण अब उम्मीदवारों को नाम से नहीं, बल्कि पार्टी और उनके कार्यो के आधार पर पहचानने की कोशिश कर रहे हैं। विश्लेषकों का कहना है कि इस ब्लॉक में चुनाव का परिणाम काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन सा दल अपनी प्रत्याशी की छवि मतदाताओं तक सबसे स्पष्ट तरीके से पहुंचा पाता है। कूड़ावाला ब्लॉक का यह अनोखा मुकाबला अब पूरे क्षेत्र की चर्चा का केंद्र बन चुका है। गांवों में लोग कह रहे हैं–'इस बार चुनाव सिर्फ नाम का नहीं, पहचान और काम का है।' यह चुनाव निश्चित रूप से कूड़ावाला ब्लॉक में यादगार रहने वाला है।

# डीजे सामान चोरी मामले में पुलिस ने अज्ञात ऑटो रिक्शा चालक के खिलाफ किया केस दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 6 दिसंबर।** कुछ दिन पहले लक्की ढाबे के पास हुए डीजे के सामान चोरी के मामले में ज़ीरकपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता रिमांश सिंह निवासी एकेएस कॉलोनी, जीरकपुर द्वारा दी गई शिकायत में बताया गया कि वह डीजे का व्यवसाय करता है और उसकी दुकान न्यू डिफेंस कॉलोनी, लकी ढाबा के पास, जीरकपुर में स्थित है।

25 नवंबर 2025 को वह एक शादी कार्यक्रम में गया हुआ था और उसके बाद कुछ दिनों तक दुकान पर नहीं पहुँच सका। दिनांक 28 नवंबर 2025 सुबह लगभग 06.03 बजे पड़ोसी अशोक कुमार जैन ने फोन कर सूचित किया कि दुकान का शटर खुला हुआ है। शिकायतकर्ता के मौके पर पहुँचने पर पाया गया कि दुकान का शटर तोड़ा हुआ था और दुकान के अंदर से निम्न सामान चोरी किया जा चुका था। सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि एक हरे रंग की कार में आए व्यक्ति ने सामान चोरी कर पास में खड़े एक ऑटो रिक्शा में भरकर ले गया। जांच अधिकारी एएसआई राजेश चौहान द्वारा मौके पर जांच कर शिकायत में बताए गए तथ्य सही पाए गए। मामले में लगाए गए आरोप धारा 331(4), 305 बीएनएस के अंतर्गत दंडनीय पाए गए।

अज्ञात ऑटो रिक्शा चालक के खिलाफ जीरकपुर पुलिस स्टेशन में आपराधिक मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी की पहचान और चोरी हुए सामान की बरामदगी के लिए प्रयास जारी हैं।

# अपनी सातों कुण्डलिनी शक्तियां जागृत कर शिवलोक, विष्णुलोक, ब्रह्मलोक का अनुभव प्राप्त कर चुके सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुर्वानन्द स्वामी जी आज जीरकपुर में पधारेंगे

**शक्ति चेतना उत्सव में होगा दिव्य साधना की विराट चेतना का अनुभव**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चण्डीगढ़, 6 दिसंबर।** विश्वधर्म चेतना मंच, तिरुपति की चण्डीगढ़ शाखा के राष्ट्रीय संयोजक भूपेंद्र जैन, प्रधान सुरेश गुप्ता, संयोजक नरेश गर्ग मुकेश जैन, संजय जैन एवं भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि 7 दिसंबर, रविवार को जीरकपुर स्थित होटल पार्क प्लाजा में होने वाले शक्ति चेतना उत्सव में आध्यात्मिक चेतना के मूर्तिमान प्रकाशपुंज युगपुरुष सिद्धगुरु सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुर्वानन्द स्वामी जी गुरुदेव अपनी अमृतवाणी से श्रद्धालुओं को निहाल करेंगे।

अपनी सातों कुण्डलिनी शक्तियाँ जाग्रत कर शिवलोक, विष्णुलोक, ब्रह्मलोक का अनुभव प्राप्त कर चुके श्री गुरुदेव पूज्य गुरुदेवजी ने अपना सारा जीवन राष्ट्र विकास, विश्व एवं मानवता कल्याण को समर्पित कर चुके गुरुदेव 68 दिवस की महासाधना संपन्न कर दिव्य ऊर्जा एवं ईश्वरीय चेतना के अनुभव एवं मंगल दर्शन, अमृतवाणी व आशीर्वाद की वर्षा से निहाल करने 6 से ज्यादा वर्षों के अंतराल के पश्चात यहां उक्त कार्यक्रम में पधार रहे हैं।



उल्लेखनीय है कि आध्यात्मिक चेतना के मूर्तिमान प्रकाशपुंज युगपुरुष ब्रह्मर्षि गुरुदेव ज्ञान, भक्ति, कर्मयोग की साक्षात त्रिवेणी हैं। जिनसे करुणा, सरलता, दया, स्नेह, प्रेम, वैराग्य, तेजस्विता, मर्यादा, बुद्धत्व, साधना व शक्ति की धारा प्रवाहित होती है। श्री गुरुदेव ने अपनी सातों कुण्डलिनी शक्तियाँ जाग्रत कर शिवलोक, विष्णुलोक, ब्रह्मलोक का अनुभव प्राप्त किया है। पुरातन, सनातन ऋषि मुनियों की लुप्त हो रही मंत्रों की शक्तियों एवं तंत्रों की लब्धियों को अपने वैदुष्य व साधना से खोज कर सिद्ध किया है। गुरुदेव में जैसी लौकिक एवं पारलौकिक सिद्धियाँ हैं, उनका कोई विकल्प नहीं। श्री सद्गुरुदेव ने विश्व धर्म चेतना मंच के माध्यम से 193 देशों की यात्रा करते हुए धर्म के मूल स्वरूप एवं भारतीय ज्ञान दर्शन को विश्व भर में पहुंचाकर भारतीय संस्कृति की पताका को फ़हराया है।

22 से अधिक भाषाओं के ज्ञाता गुरुदेव कहते हैं कि खुशी के लिए नहीं, खुशी से जीओ। धर्म के लिए नहीं, धर्म से जीओ। सेवा और संयमित जीवन ही पूजा है। स्वयं ऊपर उठने और और औरों के जीवन को ऊपर उठाने में प्रेरक और सहयोगी बनो। जीवन आत्मदर्शन का होना चाहिए, प्रदर्शन का नहीं।

# जगराओं फायरिंग केस: मुख्य आरोपी सोनू दोधरिया गिरफ्तार, दो साथी अब भी फरार

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 6 दिसंबर।** जगराओं में बाबा रोडू शाह जी की दरगाह के पास युवक पर फायरिंग के मुख्य आरोपी को थाना सदर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। मामले में अभी भी दो आरोपी फरार हैं। आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया है, जहां उससे आगे की पूछताछ की जा रही है।

दो दिन पहले हुई फायरिंग में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। वारदात का मुख्य आरोपी सोनू दोधरिया उर्फ कीनिया जगराओं का निवासी है। इसका आपराधिक रिकॉर्ड है। इस मामले में शामिल दो अन्य आरोपी डिप्पी वारिश निवासी चुंगी नं. 5, जगराओं और रणजीता निवासी काउंके कलां, अभी भी फरार हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।



सितंबर महीने में भी उसका नाम गांव गालिब कलां में सुखविंदर सिंह कूचा के विवाह समारोह के दौरान धर्मशाला में हुई फायरिंग की घटना में सामने आया था। उस मामले में भी पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। लेकिन दो महीने में जमानत पर बाहर आ गया था। जेल से बाहर आने के बाद उसने कथित तौर पर फिर से फायरिंग कर गैंग का दबदबा बनाने की कोशिश की है

# पुरुषों में निर्भय, महिला वर्ग में दिव्यांका बने श्रेष्ठ एथलीट

## राजकीय महाविद्यालय में 64वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन द्वारा आज महाविद्यालय के ठेडो ग्राउंड में 64वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली रहीं। उन्होंने प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया तथा अपने प्रेरक संबोधन में छात्रङ्कछात्राओं से अधिक से अधिक खेलकूद में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, टीम भावना तथा चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित करते हैं। साथ ही युवाओं को नशे एवं अन्य कुप्रवृत्तियों से दूर रहने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए तथा उन्हें बधाई दी।

इस एथलेटिक मीट में कुल 27 ट्रैक एवं फील्ड इवेंट आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 300 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ के अतिरिक्त शॉटपुट, हाई जंप, लॉन्ग जंप, जैवलिन, रिले रेस आदि प्रतियोगिताएँ शामिल रहीं। आयोजन सचिव डॉ. रवि राम ने मुख्य अतिथि, समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राओं एवं खिलाड़ियों का धन्यवाद किया।

### प्रतियोगिताओं के प्रमुख परिणाम

**पुरुष वर्ग**

3000 मीटर दौड़- 1. अजय, 2. अंकित कुमार, 3. सुनील शर्मा
1500 मीटर दौड़- 1. सुशील, 2. अमन, 3. अजय
दौड़ (अन्य वर्ग)- 1. निर्भय, 2. अखिल, 3. आर्यन
जैवलिन थ्रो- 1. विशाल, 2. भूपेंद्र, 3. सक्षम
शॉटपुट- 1. निर्भय, 2. अनिल, 3. आयुष
200 मीटर दौड़- 1. मनीष, 2. आयुष, 3. दिव्यांशु
400 मीटर दौड़- 1. मनीष, 2. आयुष, 3. दिव्यांशु
लॉन्ग जंप- 1. निर्भय, 2. आयुष, 3. अखिल
डिस्कस थ्रो- 1. अनिल, 2. निर्भय, 3. दिव्यांशु

**महिला वर्ग**

3000 मीटर दौड़- 1. अंजली चौहान, 2. साक्षी, 3. ज्योति
1500 मीटर दौड़- 1. अंजली चौहान, 2. साक्षी, 3. मुस्कान
हाई जंप- 1. दिव्यांका, 2. विशालखा ठाकुर, 3. सिमरन
जैवलिन थ्रो- 1. सुमन लता, 2. रितु, 3. दिव्या शर्मा
शॉटपुट- 1. दिव्यांका, 2. इताशा, 3. शिल्पा
200 मीटर दौड़- 1. दिव्यांका, 2. मोनिका, 3. विशालखा
400 मीटर दौड़- 1. मोनिका, 2. साक्षी, 3. विशालखा
डिस्कस थ्रो- 1. दिव्यांका, 2. इताशा, 3. रितु



## देव धाम कुल्लू मे बेटियां फाउंडेशन द्वारा आयोजक आशीर्वाद अवार्ड के लिए बैठक का आयोजन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 6 दिसबर।** राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन जिला इकाई की बैठक कुल्लू के देव धाम बशिंग मे की गयी। जिसमे राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष व प्रबंधक निदेशक लाइट ऑ? नेशन प्रांजल जैन, राष्ट्रीय जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार, प्रदेश संयोजक महिला मीरा आचार्य, प्रदेश कार्यक्रम आयोजक प्रमुख दीप लाल भारद्वाज, प्रदेश, प्रदेश उप सचिव सुषमा ठाकुर, उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जम्मू के कटरा वैष्णों देवी में आयोजित राष्ट्रीय आशीर्वाद सम्मान समारोह के बारे चर्चा की गयी।

इस कार्यक्रम में पुरे भारत से सम्मानित विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा जिसमे जिन्होने अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किये है उन्हें राष्ट्रीय आशीर्वाद सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। प्रांजल जैन ने बताया कि बेटियां फाउंडेशन अगले वर्ष जिला कुल्लू में विधवा, अपंग व गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को गैस चूल्हे वितरित करें। बैठक के दौरान प्रदेश उप सचिव सुषमा ठाकुर ने सभी आये हुए पदाधिकारियों व सदस्यओं का बैठक में पधारने पर स्वागत किया।

## नशा उन्मूलन को पंचायत स्तरीय नशा निवारण निगरानी समिति गंभीरता से कार्य करें : डीसी राहुल कुमार

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर, 06 दिसम्बर।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि नशा विशेषकर चिट्टे के संपूर्ण उन्मूलन के लिए पंचायत स्तर पर गठित नशा निवारण निगरानी समिति को ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी गंभीरता के साथ कार्य करना सुनिश्चित बनाना चाहिए।

उन्होंने समिति सदस्यों से ग्रामीण स्तर पर नशे, विशेषकर चिट्टे, के दुष्प्रभावों के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर बल दिया, ताकि युवाओं और बच्चों के जीवन को नष्ट होने से बचाया जा सके। उपायुक्त ग्राम पंचायत कोठीपुरा में पंचायत स्तरीय नशा निवारण निगरानी समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ आयोजित बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर, एसडीएम सदर डॉ. राजदीप सिंह और पीओ डीआरडीए यशपाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने नशा निवारण निगरानी समिति को ग्रामीण स्तर पर महिला एवं युवक मंडलों, स्कूलों, मनरेगा कामगारों सहित पंचायत के सभी सार्वजनिक स्थानों जैसे दुकानों आदि में लोगों को चिट्टे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि चिट्टे के सेवन से न केवल जिला के अनेक युवाओं का जीवन असमय समाप्त हुआ है, बल्कि कई क्षेत्र रेड जोन श्रेणी में शामिल हो गए हैं, जो अत्यंत चिंतनीय है। ऐसे में समाज में व्याप्त इस गंभीर समस्या के उन्मूलन के लिए सामूहिक भागीदारी अत्यावश्यक है।

उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार चिट्टा उन्मूलन के लिए प्रदेश स्तरीय व्यापक जन-जागरूकता अभियान चला रही है, ऐसे में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने समिति सदस्यों से ऐसे संदिग्ध लोगों पर क?ी नजर बनाए रखने और सूचना पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन को देने का भी आग्रह किया, जो चिट्टे के अवैध कारोबार में संलिप्त हो सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चिट्टा नशे के बारे में सूचना देने वाले व्यक्तियों की पहचान गुप्त रखी जाती है तथा प्रदेश सरकार ने ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए ईनाम राशि भी घोषित की है। राहुल कुमार ने समिति से नशा उन्मूलन के दृष्टिगत व्यापक जन-जागरूकता पर कार्य ब?ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या का सबसे ब?ा समाधान जन-जागरूकता ही है। उन्होंने समिति से पंचायत स्तर पर प्रत्येक घर और प्रत्येक गांव को फोकस करते हुए कार्य करने का आग्रह किया, ताकि कोई भी व्यक्ति चिट्टा नशे की समस्या की चपेट में न आए।



## लारजी में वन बूथ टेन यूथ को लेकर होगा सम्मेलन कल

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**बंजार (कुल्लू)6 दिसबर।** सोमवार को बंजार विधानसभा क्षेत्र के लारजी में ÷वन बूथङ्कटेन यूथ÷ अभियान को लेकर भव्य सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस महत्त्वपूर्ण आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज बंजार मुख्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रभारी खेम चंद ने अभियान की प्रगति, बूथ स्तर पर युवाओं की भागीदारी तथा संगठनात्मक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान यह तय किया गया कि अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा।

विधायक सुरेंद्र शौरी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि ÷वन बूथङ्कटेन यूथ÷ अभियान संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में एक प्रभावी कदम है और लारजी में होने वाला महासम्मेलन युवाओं को नई ऊर्जा और दिशा देने का कार्य करेगा। लारजी में बंजार विजनसभा क्षेत्र के चारों मंडलों का संयुक्त कार्यक्रम होगा। समीक्षा बैठक में देवेंद्र ठाकुर, हरीश ठाकुर, चिराग, मोहन पालसरा, यज्ञ चंद, हेमंत,लाल सिंह, दिनेश राजपूत, संजू, संजय ठाकुर, होशियार सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संविधान और बाबा साहेब के नाम पर कांग्रेस का दोगलापन उजागर : सुरेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** हिमाचल भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं लोक सभा सांसद सुरेश कश्यप ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कांग्रेस नेताओं के हालिया बयानों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और संविधान की चिंता दिखाना सरासर राजनीतिक पाखंड है। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस ने दशकों तक संविधान का दुरुपयोग किया, उसे कुचलने का काम किया, आज वही पार्टी संविधान के रक्षक होने का ढोंग कर रही है।

सुरेश कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा भाजपा पर संविधान को कमजोर करने का आरोप पूरी तरह निराधार और तथ्यहीन है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर किसी पार्टी ने संविधान की मूल भावना को सबसे अधिक चोट पहुँचाई है, तो वह कांग्रेस है। देश में सबसे अधिक बार अनुच्छेद 356 लगाकर निर्वाचित सरकारों को गिराने का काम कांग्रेस ने किया। आपातकाल थोपकर नागरिकों के मौलिक अधिकार छीनने वाली भी कांग्रेस ही थी।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को संविधान का रक्षक बताना कांग्रेस की हताशा और राजनीतिक दिवालियापन का प्रमाण है। जिस कांग्रेस के शासन में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्गों को केवल वोट बैंक समझा गया, आज वही बाबा साहेब के नाम पर सहानुभूति बटोरने की कोशिश कर रही है।

सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों को धरातल पर उतारने का ऐतिहासिक कार्य किया है। पंचतीर्थ निर्माण हो, संविधान दिवस का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन हो, एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम को और मजबूत करना हो या गरीब, शोषित, वंचित वर्गों को सीधा लाभ देने वाली योजनाएं—यह सब भाजपा सरकार की अंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धा का प्रमाण हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा कमजोर वर्गों को केवल अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिए इस्तेमाल किया, जबकि भाजपा ने उन्हें सम्मान, अधिकार और मुख्यधारा में स्थान देने का कार्य किया। सुरेश कश्यप ने विनय कुमार द्वारा दिए गए बयान को भी खोखला बताते हुए कहा कि कांग्रेस केवल प्रतीकात्मक राजनीति करने में माहिर है, जबकि वास्तविक सामाजिक सशक्तिकरण भाजपा के शासन में हुआ है। सुरेश कश्यप ने कहा कि बाबा साहेब के संविधान को आज सबसे मजबूत हाथ भाजपा के हैं। भाजपा ने हमेशा राष्ट्रहित, सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा की है और आगे भी करती रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### परियोजना प्रबंधक डॉ. जयंत रतना ने विधायक कुल्लू सुंदर ठाकुर को भेंट किए प्राकृतिक खेती से तैयार उत्पाद

**कुल्लू 6 दिसबर।** हिमाचल प्रदेश में चल रहे फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण द्धद्ध) जायका के तहत खण्ड परियोजना प्रबंधन इकाई



कुल्लू जिला कुल्लू से खण्ड परियोजना प्रबंधक डॉ0 जयंत रतना ने कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती से तैयार की गई हिम हल्दी, हिम दलिया व हिम आटा विधायक कुल्लू सुन्दर ठाकुर को भेंट किया तथा जायका परियोजना कि गतिविधियों के बारे में भी अवगत करवाया। हिमाचल सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को ब?वा देने हेतु किसानों द्वारा प्राकृतिक रूप से तैयार की गई गेहूं, हल्दी एवं मक्की कि फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद कर तैयार किए गए उत्पादों के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही विधायक से ग्राहक जागरूकता को ब?ाने और प्राकृतिक खेती से तैयार किए गए उत्पादों जैसे हिम हल्दी, हिम दलिया व हिम आटा के प्रचार के लिए भी आग्रह किया। इसके उपरांत उन्हे विधानसभा क्षेत्र कुल्लू के अंतर्गत आने वाली उपपरियोजनाओं के बारे में अवगत करवाते हुए बताया कि राज्य की कुल 15 खंड परियोजना प्रवंधन इकाइयों में से एक खण्ड परियोजना प्रबंधन इकाई, कुल्लू के अंतर्गत कुल्लू विधानसभा में कुल 5 उप-परियोजनाओं का चयन किया गया है। इन सभी उप-परियोजनाओं के माध्यम से कुल पाँच गाँव की 140.63 हेक्टेयर भूमि में बहाव सिंचाई योजनाओं का निर्माण व जीर्णोद्धार किया जा रहा है जिससे कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के कुल 769 कृषि परिवार लाभान्वित होंगे।

## बाबा साहेब के विचारों से प्रेरित होकर मोदी सरकार कर रही है समावेशी भारत का निर्माण : डॉ. सिकंदर कुमार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने संसद भवन परिसर, नई दिल्ली में भारत रत्न, श्रद्धेय बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक उत्थान, समानता, श्रमिक कल्याण और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित रहा, जो आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है।

डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि बाबा साहेब केवल भारत के संविधान के शिल्पकार ही नहीं, बल्कि एक महान विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, दार्शनिक, समाज सुधारक और राष्ट्र निर्माता भी थे। उनके अथक प्रयासों से आधुनिक लोकतांत्रिक भारत की मजबूत नींव पड़ी। उन्होंने ऐसे समावेशी और सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना की, जहां प्रत्येक नागरिक की गरिमा सुरक्षित रहे और सभी को समान अवसर प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि इन्हीं मूलभूत आदर्शों से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जन कल्याण, सामाजिक न्याय और सुशासन को मजबूती से आगे बढ़ा रही है। डॉ. सिकंदर कुमार ने बताया कि 27 नवंबर 2025 को पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण होना सम्पूर्ण विश्व के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि यह प्रतिमा केवल एक महान भारतीय नेता को श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि न्याय, समानता और मानव गरिमा के सार्वभौमिक प्रतीक के रूप में स्थापित हुई है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने अपने जीवनकाल में श्रमिकों, किसानों, दलितों और शोषितों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया। गोलमेज सम्मेलनों से लेकर बंबई विधानसभा तक उन्होंने जीवन निर्वाह मजदूरी, उचित कार्य परिस्थितियों, किसानों की मुक्ति और सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन की प्रबल आवाज उठाई।

## ग्रामीण बैंक गोहर शाखा प्रबंधक पर बेवजह उपभोक्ताओं को परेशान करने का आरोप

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर 6 दिसंबर।** बैंकों द्वारा उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है ताकि आम आदमी को आम उपभोक्ताओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। लोग अपनी जरूरत के अनुसार बैंकों से ऋण लेकर अपना जीवन यापन आसान कर सकें। मगर कई बार कुछ बैंक कर्मचारियों के व्यवहार के कारण आम उपभोक्ताओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कुछ ऐसा ही मामला हिमाचल ग्रामीण बैंक शाखा गोहर में देखने को मिला है। सचिव व्यापार मंडल गोहर राजीव शर्मा ने हिमाचल ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक के खिलाफ जनरल मैनेजर को एक शिकायत पत्र भेजा है जिसमें उन्होंने कहा है कि उनकी केसीसी खाता संख्या 87248600000057 बिमला देवी राजीव कुमार के नाम जिसे उन्होंने बंद करवाया है। उनका लेनदेन बैंक के साथ बहुत ही अच्छा रहा है किसी प्रकार की कोई परेशानी या लेनदेन में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं थी। मगर उन्होंने केसीसी बंद करवाई अपना पूरा लोन चुका दिया उसके बाद उन्होंने बैंक से इस बारे में नो ड्यू सर्टिफिकेट की मांग की। मगर शाखा प्रबंधक ने उन्हें जगह की नकल लाने के लिए कहा जबकि यह मैंडेटरी नहीं है। राजीव शर्मा ने बताया आरबीआई के आदेश अनुसार केसीसी बंद करने पर जगह की नकल की मांग नही की जा सकती उसके लिए नकल की आवश्यकता नहीं है। जबकि केसीसी बनती बार नकल दी जाती है मगर शाखा प्रबंधक ने उन्हें नो ड्यू सर्टिफिकेट देने के लिए पहले जगह की नकल लाने की मांग की। जब उपभोक्ता ने नकल लाकर उन्हें दी तो उन्होंने कहा अभी मैं थोड़ा बिजी हूं मेरे सिर पर मत खडो एक-दो दिन बाद जाना तब आपको एनओसी दी जाएगी। दै दिन बाद हिमाचल ग्रामीण बैंक शाखा गोहर में पहुंचे तो उन्होंने नो ड्यूज़ सर्टिफिकेट की मांग की तो उन्होंने कहा अभी मैं बिजी हूं अभी मैं कहीं जा रहा हूं इस वक्त मेरे पास टाइम नहीं है। जब मैं फ्री होंगे तो आपको दे दूंगा। राजीव शर्मा ने एक बताया यह मेरी अकेले की शिकायत नहीं है इसी प्रकार गोहर के बहुत बड़े व्यापारी के साथ भी शाखा प्रबंधक द्वारा इसी प्रकार का व्यवहार किया गया। जिस वजह से उन्होंने अपना लाखों रुपए कर लेनदेन चलने वाला अकाउंट क्लोज करवा दिया है ।राजीव शर्मा ने बताया कि अगर शाखा प्रबंधक इसी प्रकार से बड़े व्यापारियों के साथ इस तरह का व्यवहार करते हैं तो आम जनता के साथ उनका व्यवहार किस प्रकार का रहा होगा यह सोचनीय बात है।

इस बारे में जब शाखा प्रबंधक अनिल कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा मैं फिल्ड में हूं मैं फिल्ड में जा रहा था जब उन्होंने नो ड्यू सर्टिफिकेट मांगा। मैं सड़क पर नो ड्यूज नहीं दे सकता जब मैं फ्री होकर आऊंगा तभी नो ड्यूज दे पाऊंगा हमने उनके साथ कोई बदतमीजी नहीं की न ही हो हल्ला नहीं किया है। जब बैंक अच्छा काम करता है तो कोई हमारे प्रशंसा नहीं करता कोई ऐसी बात हो तो सब इसका हो अल्लाह करते हैं।

## धर्मशाला में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत बेटियों को दी आत्मरक्षा की ट्रेनिंग

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**धर्मशाला।** धर्मशाला की खूबसूरत वादियों के बीच रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम 2025-26 पूरे हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना में उत्साहपूर्वक संचालित हो रहा है। यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश, शिमला के मार्गदर्शन में शस्त्रांग इंडियन मॉडर्न मार्शल आर्ट द्वारा समन्वित किया जा रहा है। आज पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल फॉर गर्ल्स धर्मशाला का परिसर ऊर्जा और जोश से भर उठा, जब शस्त्रांग इंडियन मॉडर्न मार्शल आर्ट के विज़नरी जनरल सेक्रेटरी व सीईओ ग्रैंडमास्टर बिक्रम एस. थापा ने अपने कुशल दल के साथ प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व किया। उनके साथ दूसरी डिग्री ब्लैक बेल्ट सुश्री सुष्मिता और जिला परियोजना समन्वयक परषोत्तम सिंह भी उपस्थित थे, जिन्होंने कांगड़ा जिले में इस प्रेरणादायक शस्त्रांग परियोजना को मजबूती से आगे बढ़ाया।

कार्यक्रम में अनेक विशेष अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से उत्साह बढ़ाया, जिनमें राकेश शर्मा, प्रिंसीपल डाइट कांगड़ा, नीलम ठाकुर, आत्मरक्षा समन्वयक, समग्र शिक्षा जिला कांगड़ा, और स्कूल की प्रिंसीपल एवं खंड शिक्षा अधिकारी ममता ठाकुर शामिल रहीं। सत्र की शुरुआत में ग्रैंडमास्टर थापा ने छात्राओं को यह सिखाते हुए रोमांचित कर दिया कि कैसे पेन, चाबी जैसी साधारण दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी आत्मरक्षा के प्रभावी हथियार बन सकती है।

## पल्स पोलियो अभियान की सभी तैयारियां कर ली गई पूरी : कल्याणी

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 6 दिसबर।** लाहौल-स्पीति जिले में 21 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस (एनआईडी) एवं इंटेंसिफाइड पल्स पोलियो इम्यूनाइजेशन (आईपीपीआई) अभियान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज जिला मुख्यालय केलांग स्थित डीसी कार्यालय में सहायक आयुक्त कल्याणी तिवाणा की अध्यक्षता में अभियान के माइक्रोप्लान की अंतिम समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में चिकित्सा अधिकारी डॉ. पारस , उप निदेशक उच्च शिक्षा रमेश लाल,ज़िला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास संजय डोगरा,ज़िला पंचायत अधिकारी सचिन ठाकुर उपस्थित रहे।

जिले की विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं भारी ठंड के बावजूद एक भी बच्चा पोलियो की दो बूंदों से वंचित न रहे, इसके लिए 200 स्वास्थ्यकर्मियों एवं स्वयंसेवकों की मजबूत टीम तैयार की गई है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के 300 गांवों-बस्तियों एवं 4,144 घरों में रहने वाले 0 से 5 वर्ष तक के कुल 1,169 बच्चों (गोंदला ब्लॉक 562, काज़ा ब्लॉक 607) को पोलियो से पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाएगी। अभियान में 35 स्थायी एवं 15 मोबाइल सहित कुल 50 बूथ स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए 2,400 ओपीवी खुराक, 120 वायल (20 डोज़ वाली), 100 वैक्सीन कैरियर तथा 15 वैक्सीन वितरण केंद्रों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। क्षेत्रीय स्तर पर 15 पर्यवेक्षक तैनात रहेंगे।

बैठक में भारी हिमपात वाले अत्यंत दुर्गम क्षेत्रों जैसे ताबो, लोसर, हिक्किम, कोमिक, उदयपुर, त्रिलोकीनाथ आदि के लिए 4म4 वाहनों की अग्रिम बुकिंग, 18 दिसंबर तक सभी कोल्ड चेन पॉइंट्स पर वैक्सीन पहुंचाने तथा 19-20 दिसंबर को बूथ स्तर तक वितरण का स्पष्ट समय-सारिणी निर्धारित की गई। आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं एएनएम 10 दिसंबर से घर-घर सर्वे कर सूची को अंतिम रूप देंगी। सहायक आयुक्त कल्याणी तिवाणा ने निर्देश दिए कि 21 दिसंबर को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक सभी बूथों पर पूर्ण सक्रियता रहे। जो बच्चे किसी कारणवश बूथ तक नहीं आ पाएं, उन्हें 22 एवं 23 दिसंबर को आशा कार्यकर्ताओं की टीम घर-घर जाकर अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक पिलाएगी। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने सभी माता-पिता से अपील की है कि 21 दिसंबर को अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को निकटतम बूथ पर अवश्य लाएं। यदि कोई बच्चा छूट जाए तो चिंता न करें ङ्क हमारी आशा कार्यकर्ता 22-23 दिसंबर को स्वयं आपके घर आएंगी और दो बूंद जिंदगी की पिलाकर जाएंगी। आइए, हम सब मिलकर पोलियो मुक्त भारत-पोलियो मुक्त हिमाचल के संकल्प को साकार करें।

# वर्ष 2029-30 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनेगा उत्तर प्रदेश : योगी आदित्यनाथ

प्रदेश में विजन 2047 को साकार करने के लिए 98 लाख सुझावों पर आधारित 12 सेक्टरों वाला विजन डॉक्यूमेंट हो रहा तैयार : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा : 2047 तक भारत को 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प तभी पूरा होगा जब राज्य समान गति व संकल्प से बढ़ेगा आगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत विकसित भारत के विजन 2047 को साकार करने में उत्तर प्रदेश की भूमिका सबसे अहम है। शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित एक निजी समाचार पत्र के कॉन्क्लेव में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत को वर्ष 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प तभी पूरा हो सकता है जब देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य समान गति और संकल्प के साथ आगे बढ़े। मुख्यमंत्री योगी के अनुसार, इसी उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार ने व्यापक विमर्श और जनभागीदारी के आधार पर राज्य का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है जिसमें जनप्रतिनिधियों तथा जनता दोनों के सुझाव शामिल किए गए हैं।

**जनता की भागीदारी का भी किया जिक्र**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अनुसार विकसित भारत के निर्माण में उत्तर प्रदेश को अपनी भूमिका मजबूत करनी होगी। इसके लिए विधानसभा में 27 घंटे तक लगातार चर्चा कराई गई, जिसमें सभी दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही जनता से भी व्यापक स्तर पर सुझाव मांगे गए और अब तक 98 लाख विचार प्राप्त हुए। इन सुझावों को आधार बनाकर राज्य के 12 प्रमुख सेक्टरों के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश का लक्ष्य वर्ष 2029-30 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का है और राज्य की वर्तमान प्रगति इस दिशा में उत्साहजनक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश 'विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश' और 'आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के संकल्प को पूरा करेगा।

**उत्तर प्रदेश ने नकारात्मक धारणा को पीछे छोड़ा**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निवेश के क्षेत्र में हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रारंभिक दौर में कई उद्यमी उत्तर प्रदेश लौटने से




हिचकिचाते थे और राज्य के प्रति नकारात्मक धारणा रखते थे। योगी ने कहा कि उन्होंने उद्योग जगत को भरोसा दिलाया कि नया उत्तर प्रदेश उन्हें अवश्य दिखाई देगा। इसी प्रयास के परिणामस्वरूप रोड शो में ढाई लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव प्राप्त हुए और पहले इन्वेस्टर समिट में यह आंकड़ा बढ़कर लगभग चार लाख पचहत्तर हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2023 के तीसरे इन्वेस्टर समिट में उत्तर प्रदेश को कुल 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इस प्रकार राज्य को अब तक कुल 45 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव मिले हैं जिनमें से 15 लाख करोड़ की परियोजनाएं जमीन पर उतर चुकी हैं और उनमें उत्पादन शुरू हो चुका है।

**अगली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का भी किया जिक्र**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के अगले संस्करण का उल्लेख करते हुए कहा कि करीब 5 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अभी ग्राउंड ब्रेकिंग के अगले संस्करण के आयोजन की तिथि तय की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि निवेश के क्षेत्र में यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश के लिए एक नया मील का पत्थर है और डबल इंजन सरकार ने राज्य में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है जो अब सभी को प्रत्यक्ष दिख रहा है।

## 26वां रयान मिनीथॉन 2025: चंडीगढ़ ने जीती टीम चैंपियनशिप ट्रॉफी!




अर्थ प्रकाश/ चंडीगढ़। रयान इंटरनेशनल स्कूल, चंडीगढ़ ने हाल ही में स्कूल परिसर के पास रयान इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में 26वें रयान मिनीथॉन का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जो कि चेयरमैन डॉ. ए. एफ. पिंटो के 'स्पोर्ट्स' (खेल) के विज़न के अनुरूप रयान ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की एक वार्षिक विशेषता है। इस विशाल आयोजन में ट्राइसिटी और पंजाब क्षेत्र के 29 विभिन्न स्कूलों से लगभग 2730 छात्रों ने भाग लिया। इस इवेंट में कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने रेस को हरी झंडी दिखाई और पुरस्कार वितरित किए, जिनमें मुख्य अतिथि अनुराग ठाकुर (केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री) और श्री अंगद बीर सिंह (भारतीय हॉकी खिलाड़ी) प्रमुख थे।

टीम चैंपियनशिप ट्रॉफी में रयान इंटरनेशनल स्कूल, चंडीगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि रयान इंटरनेशनल स्कूल, अमृतसर दूसरे और सेंट एन'स कॉन्वेंट स्कूल, सेक्टर 32, चंडीगढ़ तीसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में, U-12 वर्ग में लड़कों में प्रज्जवल रावत (आर.आई.एस. चंडीगढ़) और लड़कियों में अर्पणप्रीत कौर (आर.आई.एस.-अमृतसर) विजयी रहे। U-14 वर्ग में अंगदप्रीत सिंह (शिशु निकेतन पब्लिक स्कूल, बहलोलपुर) और काव्या गुप्ता (आर.आई.एस. मोहाली) ने जीत हासिल की। U-16 वर्ग में प्रिंस बघेल (सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 54, चंडीगढ़) और हितांक्षी (सेंट एन' 'स कॉन्वेंट स्कूल, सेक्टर 32, चंडीगढ़) ने पहला स्थान प्राप्त किया। U-18 वर्ग में लड़कों की श्रेणी में सानिध्य तिवारी (आर.आई.एस. चंडीगढ़) ने जीत दर्ज की।

## बाल कल्याण समिति ने बालकुंज छछरौली में व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



अर्थ प्रकाश/ अवतार सिंह चुग/ यमुनानगर, 6 दिसम्बर। सर्दियों की दस्तक के साथ ही जिले में तापमान गिरने लगा है। बाल कल्याण समिति ने बढ़ती ठंड के चलते बाल देखरेख संस्थान बालकुंज छछरौली में आश्रित बच्चों के लिए व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संस्थान को आवश्यक निर्देश दिए। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा मौसम में परिवर्तन के साथ बच्चों के लिए उनके पोषण गर्म कपड़ो और अन्य व्यवस्थाओं से बच्चों का बढ़ती ठंड से बचाव रहेगा। ठंड के मौसम में बच्चों को गर्म कपड़े पहनाएं। एक लेयर ज्यादा कपड़ा रखें, सही पोषण, गर्म कपड़े, स्वच्छता व सतर्कता ही बचाव का आधार होता है। बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर विशेष सावधानी रखने की जरूरत है। ठंड के मौसम में शरीर की ऊर्जा खपत बढ़ जाती है। सदस्य अधिवक्ता मोनिका रानी और पूनम अग्रवाल ने बताया कि ठंड से बचाव के लिए बच्चों को सिर से पैर तक ढककर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे बाजू के कपड़ों के ऊपर स्वेटर, टोपी, दस्ताने और गर्म मोजे पहनाना जरूरी है। ऐसे मौसम में सर्दी-जुकाम, वायरल फ्लू, निमोनिया, जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, ऐसे में बच्चों की देखभाल में अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है, ताकि मौसम के प्रभाव से होने वाली संभावित बीमारियों को रोका जा सके। नियमित व्यायाम और योग का अभ्यास कराया जाए इससे बच्चों की रोगप्रतिरोधक क्षमता बनी रहेगी। सांसद खेल महोत्सव में विजेता रहे बालकुंज के दो बच्चों को बाल कल्याण समिति की ओर से सम्मानित किया गया। मौके पर संरक्षण अधिकारी आँचल त्यागी, गौरव शर्मा मौजूद रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यमुनानगर ने सरकारी स्कूल में बच्चों को किया जागरूक

अर्थ प्रकाश/ अवतार सिंह चुग / यमुनानगर,6 दिसम्बर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सेवा प्राधिकरण यमुनानगर के द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भटौली में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नवनियुक्त न्यायिक अधिकारी कनूप्रिया, पारस आहूजा व मनजीन्द्र कौर ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता वीपीएस सिद्धू ने बच्चों को मानव अधिकार, छुआछूत, ड्रग्स व नालसा की चाइल्ड फ्रेंडली लीगल सर्विस स्कीम 2024 के विषय में अवगत कराया। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता वीपीएस सिद्धू ने विद्यार्थियों को



चरित्रवान बनने तथा अपने उद्देश्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस विशेष शिविर का उद्देश्य नवनियुक्त न्यायिक अधिकारियों व स्कूली बच्चों के बीच संवाद स्थापित करना था। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य व अध्यापक भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ




अर्थ प्रकाश/ आज इंस्टिट्यूट फॉर थे ब्लाइंड की तरफ़ से ऐनुअल स्पोर्ट्स मिट 2025 सैक्टर 7 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पार्षद दलीप शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जिसमें ब्लाइंड बच्चों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिस्पर्धा में भाग लिया फस्ट सेकेंड थर्ड पोजीशन में आए बच्चों और स्टाफ को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया

जिसमें चेयरमैन दिनेश कुमार कपिला सचिव सुपर्णा सचदेव प्रिंसिपल राकेश कुमार व भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आदित्य शर्मा आदि गण मान्य व्यक्तिओ ने भाग लिया।

## नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने एनडीसीसी कन्वेन्शन सेंटर में शिकायत निवारण सुविधा शिविर का आयोजन किया



अर्थ प्रकाश/ नई दिल्ली, 06 दिसम्बर, नई दिल्ली नगरपालिका परिष ने अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं को सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए एनडीसीसी कन्वेन्शन सेंटर, जयसिंह रोड, नई दिल्ली में एक सुविधा शिविर का आयोजन किया.

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के संबंधित अधिकारियों ने शिविर में जनता से 64 शिकायतें प्राप्त की। निवासियों की अधिकांश शिकायतें कार्मिक, सिविल इंजीनियरिंग, बागवानी, सार्वजनिक स्वास्थ्य, प्रवर्तन, वाणिज्यिक, कर और संपदा विभागों से संबंधित हैं। इसके अलावा सैकड़ों स्थानीय निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं ने नागरिक सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए सुविधा शिविर का दौरा किया। पालिका परिषद द्वारा शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए विभिन्न विभागों से संबंधित अधिकारियों ने जनता से उनकी जन शिकायतों पर आमने-सामने चर्चा की और उनका समाधान किया गया । नीति स्तर के निर्णयों की आवश्यकता वाली शिकायतों को उनके निवारण की संभावित समय-सीमा के साथ समझाया गया। पालिका परिषद के 30 विभागों के सौ से अधिक अधिकारी/कर्मचारी शिकायतों के मौके पर निवारण के लिए शिविर में मौके पर मौजूद रहे। विभिन्न विभागों के हेल्प डेस्क की निगरानी उनके विभागाध्यक्ष करते रहे । इन सुविधा शिविरों के आयोजन के अलावा पालिका परिषद क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं के लिए संपर्क रहित शिकायत निवारण तंत्र के रूप में एक 'जन सुविधा पोर्टल' भी लॉन्च किया हुआ है। इस जन सुविधा पोर्टल का लिंक एनडीएमसी की वेबसाइट (https://www.ndmc.gov.in/complaints.aspx) पर उपलब्ध है। जन सुविधा पोर्टल का उपयोग शिकायत दर्ज करने, उनकी शिकायत की स्थिति पर नज़र रखने और शिकायत निवारण तंत्र पर प्रतिक्रिया देने के लिए किया जा सकता है।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद सोशल मीडिया प्लैटफ़ार्म जैसे ट्विटर (https://twitter.com/tweetndmc), फ़ेसबूक (https://www.facebook.com/ndmcgov) और इंस्टाग्राम) https:// www. instagram. com/ newdelhimunicipalcouncil) के माध्यम से जनता से शिकायतें प्राप्त कर रही है। इन शिकायतों की निगरानी पालिका परिषद के विभिन्न विभागाध्यक्षों द्वारा निगरानी की जा रही है और इनका यथासंभव जल्द से जल्द समाधान किया जा रहा है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यमुनानगर ने एड्स व ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों को लेकर जागरुकता शिविर का किया आयोजन



अर्थ प्रकाश/अवतार सिंह चुग / यमुनानगर, 6 दिसम्बर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यमुनानगर के द्वारा एडीआर सेंटर यमुनानगर में पैनल अधिवक्ताओं के लिए एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविर का उद्देश्य पैनल अधिवक्ताओं को एड्स व ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर डॉ. अभिनव अग्रवाल ने पैनल अधिवक्ताओं को एड्स के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर रेडक्रॉस यमुनानगर की टीम के सदस्य भी मौजूद रहे। शिविर के दौरान ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के द्वारा जिन कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। उनके बारे में भी विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान जिला विधिक प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान के द्वारा ट्रांसजेंडर पर्सन (प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स) एक्ट 2019 के प्रावधानों से अवगत कराया गया। पैनल अधिवक्ताओं ने भी किन्नर समुदाय की तरफ से की जाने वाली मांगों के बारे में भी बताया।

# बाराबंकी की शहद उत्पादक मधुमक्खीवाला फर्म को मिली ग्लोबल पहचान, न्यूज़ीलैंड के प्रतिनिधि दल ने किया निरीक्षण

मधुमक्खीवाला फर्म के प्राकृतिक शहद का होगा वैश्विक बाजार में निर्यात, न्यूज़ीलैंड के प्रतिनिधि दल ने दिया आश्वासन

सीएम योगी आदित्यनाथ की स्टार्ट-अप प्रोत्साहन नीतियों ने दिलाई बाराबंकी की मधुमक्खीवाला फर्म को वैश्विक पहचान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 06 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के मुताबिक उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास में युवा उद्यमियों और स्वरोजगार को जिस तरह से बढ़ावा दिया जा रहा है, इसकी बानगी हमें बाराबंकी जिले के निमित सिंह द्वारा चलाए जा रहे मधुमक्खीवाला स्टार्ट-अप के तौर पर देखने को मिल रही है। इसी क्रम में आज न्यूज़ीलैंड के प्राइमरी इंडस्ट्रीज मिनिस्ट्री के प्रतिनिधि ईशन जयवर्धने तथा एपीईडीए के रीजनल हेड संदीप साहा ने बाराबंकी जिले में चलाए जा रहे 'मधुमक्खीवाला' स्टार्ट-अप की फार्म का दौरा किया। प्रतिनिधि दल ने स्टार्ट-अप की मधुमक्खी पालन की पद्धति और शहद उत्पादन के तकनीकी की सराहना की और उनके उत्पाद की ग्लोबल ब्रांडिंग और बिक्री में सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

न्यूज़ीलैंड की प्राइमरी इंडस्ट्री और कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) की ओर से आए प्रतिनिधि दल ने मधुमक्खीवाला की फार्म का गहन निरीक्षण किया एवं उनके द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक पद्धतियों, जैसे- बिना गर्मी, मिलावट और रसायन प्रयोग के बिना प्राकृतिक शहद के उत्पादन की खुलकर सराहना की। जयवर्धने ने कहा कि यह फार्म न केवल तकनीकी रूप से उन्नत है, बल्कि पर्यावरण-संरक्षण और सामुदायिक विकास का जीवंत उदाहरण है। दल ने विविध प्राकृतिक स्रोतों सरसों, मल्टीफ्लोर, यूकेलिप्टस, अजवाइन, नीम और जामुन से तैयार उच्च गुणवत्ता वाले शहद को न्यूजीलैंड के जीआई टैग वाले मनुका हनी की तरह ग्लोबल स्तर पर ब्रांडिंग करने का आश्वासन भी प्रदान किया। इस अवसर पर यूपी उद्यान विभाग के उप निदेशक सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने मधुमक्खीवाला के साथ जुड़े हुए सामुदायिक शहद उत्पादकों और जिले के अन्य बी-कीपर्स को भी अपने प्रोडक्ट की गुणवत्ता बढ़ाने



और उसकी निर्यात संभावनाओं का विस्तार करने के सुझाव भी प्रदान किये। 'मधुमक्खीवाला' के संस्थापक निमित सिंह ने उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के राजौली से निकलकर मधुमक्खी पालन को एक स्थायी आजीविका के साथ सामुदायिक विकास का माध्यम बना दिया है। निमित सिंह ने बातचीत में बताया कि उन्होंने वर्ष 2014 में मधुमक्खीवाला स्टार्ट-अप की शुरुआत की थी। वर्ष 2017 से यूपी में स्टार्ट-अप के लिए बने सकारात्मक वातावरण और प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई सीएम स्वरोजगार योजना और सीएम युवा उद्यमी योजना के साथ प्रदेश उद्यान विभाग और पीएमईएमई योजना से मिले सहयोग ने उनके उत्पाद को ग्लोबल पहचान दिलवाई है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी उनके प्रयास को राजभवन में गवर्नर अवॉर्ड और प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम में शामिल कर सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि एपीईडीए और न्यूज़ीलैंड के साथ प्रस्तावित एफटीए के तहत निरीक्षण के लिए उनकी फर्म का चयन करना प्रदेश में शहद और स्थानीय उत्पादों को ग्लोबल स्तर पर ब्रांडिंग और बिक्री में सहयोग प्रदान करेगा। यह निरीक्षण कार्यक्रम भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच कृषि एवं शहद उत्पादन में सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## दिल्ली कॉमिक कॉन धमाकेदार शुरुआत : कॉमिक्स, कॉसप्ले और फैनडम के रंग जबरदस्त अंदाज़ में नजर आए

अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े पॉप कल्चर फेस्टिवलों में से एक है दिल्ली कॉमिक कॉन शुरू हो चुका है और वीकेंड के लिए शहर को एक पूरे पॉप-कल्चर ज़ोन में बदल रहा है। मारुति सुज़ुकी एरीना द्वारा प्रस्तुत, क्रंचीरोल द्वारा पावर्ड और एन्ड्रॉयड के साथ एसोसिएशन में आयोजित इस दिल्ली एडिशन की शुरुआत 5 दिसंबर से एनएसआईसी एग्ज़ीबिशन ग्राउंड्स, ओखला में हुई, जहां कॉमिक्स, एनीमे, मंगा, गेमिंग, स्टोरीटेलिंग और इनके बीच की हर दुनिया के लिए तीन दिनों का यादगार उत्सव वादा करता है।

दिल्ली कॉमिक कॉन के पहले दिन की ऊर्जा सुबह से लगातार बढ़ती गई, क्योंकि फैंस दोस्तों और परिवार के साथ पहुंचते गए और माहौल में डूबते चले



गए। ग्राउंड उत्साहित बातचीतों से गूंजता रहा, जहां दर्शक मशहूर कॉमिक राइटर्स और इलस्ट्रेटर्स से मिलते दिखे, बुक स्टेशनों पर अपनी पसंदीदा एनीमे और मंगा सीरीज तलाशते नजर आए और नई कहानियों के पन्नों में खोने लगे।

अंतरराष्ट्रीय गेस्ट लाइन-अप में क्लो होलिंग्स, जिन्हें ओवरवॉच में विडोमेकर की आवाज के लिए जाना जाता है, अपनी मौजूदगी से दर्शकों का ध्यान खींचती रहीं। फ़िल्म, थिएटर और वैलेरियन, वॉल्वरीन तथा वोल्फ़ेनस्टाइनः यंगब्लड जैसे बड़े गेमिंग टाइटलों में उनके काम ने फैंस को खासा प्रभावित किया। प्रकाशन जगत और भारतीय कलाकारों की विविध टीम भी दर्शकों से रूबरू होती दिखी, जिनमें टिंकल के हीरो-मेकर और अमर चित्र कथा के ग्रुप आर्ट डायरेक्टर सैवियो मास्कारन्हास, इन्डसवर्स के आलोक शर्मा, याली ड्रीम्स क्रिएशन्स के अश्विन श्रीवत्संगम, ग्राफ़ीकरी के प्रसाद भट, होली काउ एंटरटेनमेंट के विवेक गोयल सहित कई अन्य क्रिएटिव इंडस्ट्री से जुड़े नाम शामिल रहे। दिल्ली कॉमिक कॉन ने उभरती युवा प्रतिभाओं पर भी खास रोशनी डाली। 19 वर्षीय वैष्णवी फोगाट, जो दो वेबटून सीरीज़ और कई मैगा प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं, पाठकों से सीधा संवाद करती नजर आईं। मार्वल क्रिएटर तादाम ग्याडू ने अपनी भारत-प्रेरित स्टोरीटेलिंग से दर्शकों को प्रभावित किया, वहीं इलस्ट्रेटर अलैना विनायक, जिन्हें एक्सिस विलियम्स के नाम से जाना जाता है, ने अपनी बोल्ड और स्टाइलाइज़्ड आर्ट से सबका ध्यान खींचा। इन सभी ने मिलकर दिखाया कि युवा क्रिएटर्स भारतीय पॉप कल्चर की नई लहर कैसे तैयार कर रहे हैं।

## शंखनाद, आतिशबाजी व ढोल-नगाड़ों के साथ साईं बाबा की शिरडी से पधारी चरण पादुकाओं के स्वागत को उमड़ पड़े साईं भक्त

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह

**चण्डीगढ़।** आज का दिन साईं भक्तों के लिए बेहद अविस्मरणीय बन गया जब साई बाबा के परम धाम शिरडी से चरण पादुकाएं चण्डीगढ़ पधारी। श्री साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था ट्रस्ट, शिरडी के सीईओ गोरक्ष गाडिलकर (आईएएस) स्वयं अपनी देखरेख में चरण पादुकाओं को लेकर आए। सेंट्रा लाइट पॉइंट पर मंदिर के पुजारियों ने शंखनाद तथा भक्तों ने आतिशबाजी व ढोल-नगाड़ों के साथ साई बाबा की शिरडी से पधारी चरण पादुकाओं का भव्य स्वागत किया। चरण पादुकाओं को गाजे-बाजे एवं धूमधाम के साथ मंदिर परिसर में लाया गया व विधिवत मंत्रोचारण के साथ बाबा के स्वरुप के समक्ष स्थापित किया गया जहाँ चरण पादुकाओं के दर्शनों को बड़ी संख्या में साईं भक्त उमड़ पड़े।

गोरक्ष गाडिलकर (आईएएस) ने इस अवसर पर मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि भक्तों के अभूतपूर्व उत्साह से वे निहाल हैं। उन्होंने मंदिर कमेटी के प्रबंधों को देख कर भी संतोष व्यक्त किया व बताया कि वे दिल्ली से चरण पादुकाओं को लेकर चण्डीगढ़ आए हैं व रास्ते भर भी भक्तजन बड़ी संख्या में उमड़ते रहे। परसों सुबह वे इन चरण पादुकाओं को लेकर जालंधर को प्रस्थान करेंगे।

**बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के उमड़ने से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए मंदिर प्रबंधन तैयार : रमेश कालिया**

श्री साईं धाम, सेक्टर 29 में शिरडी से पधारी साईं बाबा की चरण पादुकाओं के दर्शनों के लिए लगभग एक लाख श्रद्धालुगण ट्राई सिटी के साथ साथ आसपास के अन्य शहरों से भी आ रहे है। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने तथा उनके लिए बड़ी मात्रा में अटूट लंगर तैयार करने की सुचारू एवं समुचित व्यवस्था की गई है। ये कहना था साईं मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रमेश कालिया का। वे आज मंदिर परिसर में कार्यक्रम की तैयारियों बारे मीडिया से एक प्रेस वार्ता में बात कर रहे थे। उनके साथ अन्य पदाधिकारी मनोज गोयल, मुनीष गुप्ता, असित मनचंदा व विमल आदि भी मौजूद थे। रमेश कालिया ने बताया कि इतने विशाल स्तर का कार्यक्रम पहली बार मंदिर में किया जा रहा है, जिसके लिए सुचारू प्रबंध करना एक बड़ी चुनौती थी, परन्तु बड़ी संख्या में समर्पित भक्तों की अथक मेहनत से सब काम सरलता से होता गया।

उन्होंने बताया कि हर वर्ष 6 दिसम्बर को सेक्टर 29 स्थित श्री साईं धाम में बाबा का स्वरूप स्थापना समारोह धूमधाम से आयोजित किया जाता है परन्तु इस वर्ष का आयोजन बेहद खास हो गया है क्योंकि इस बार साईं बाबा के परम धाम शिरडी से साईं बाबा की चरण पादुकाएं चण्डीगढ़ पधारी हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तों में भरी जोश का संचार देखने को मिल रहा है।

तत्पश्चात सांय चरण पादुकाओं की शोभा यात्रा मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में निकाली गई। कल 6 दिसंबर को बाबा के 30वें स्वरूप स्थापना दिवस पर पूरे दिन चरण पादुकाएं भक्तों के दर्शनार्थ मंदिर परिसर में सुबह 9 बजे स्थापित की जाएंगी।

इस दौरान अनेक सुप्रसिद्ध गायक गायिकाओं द्वारा पूरे दिन भजन गायन करके बाबा का गुणगान किया जाएगा। इनमें सबसे पहले नूरां सिस्टर्स से सुल्ताना नूरां दोपहर 12.30 बजे भजन गायन के कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। बाद में पद्मश्री हंसराज हंस व मास्टर सलीम के साथ साथ कई अन्य जाने माने भजन गायक भी मंच संभालेंगे। इस बीच दोपहर 3 बजे से श्री सुंदर कांड पाठ भी रखा गया है।

सुबह से लेकर देर रात्रि तक बाबा का अटूट लंगर सारा दिन बरताया जायेगा।

**6 दिसंबर को सुबह बाबा के स्वरूप का मंगल स्नान भक्तों द्वारा करवाया जाएगा**

शिरडी साईं समाज, चण्डीगढ़ द्वारा सेक्टर 29 स्थित साईं धाम मंदिर में साईं बाबा का 30वां स्वरूप स्थापना दिवस मनाने के लिए तैयारी पूरी हो गई है। मंदिर में बाबा का स्वरूप 30 वर्ष पूर्व 6 दिसम्बर 1995 को स्थापित किया गया था। मंदिर प्रबंधन ने इस दिन को धूमधाम से मनाने की तैयारी की है। 6 दिसंबर की प्रातः 5 बजे मंदिर खुलने से लेकर रात तक के कार्यक्रम होगा। प्रातः 5.00 बजे बाबा की कांकड़ आरती होगी व 5.45 बजे बाबा के स्वरूप का मंगल स्नान होगा जो बाबा के पुरुष भक्तों द्वारा करवाया जाएगा। इसके बाद 7 बजे बाबा का श्रृंगार होगा व 7.15 बजे बाबा को नाश्ता-भोग अर्पण के बाद महिला भक्तों द्वारा बाबा को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। तत्पश्चात 8 बजे से बाबा का 8 घंटे का लगातार साईं सच्चरित्र का पाठ होगा। दोपहर 12 बजे बाबा की मध्याह्न







आरती होगी व शाम 6 बजे की धूप आरती होगी तथा देर रात्रि बाबा के शेज आरती के साथ समारोह का समापन होगा। इसी बीच मंदिर परिसर को फूलों एवं लाइटों से बेहद अद्भुत एवं आकर्षक तरीके से सुसज्जित किया गया है।




## बच्चों को साइबर सुरक्षा व नशा-मुक्ति के प्रति जागरूक किया



अर्थ प्रकाश/आत्म राम

**फतेहाबाद, 06 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशों में साइबर अपराधों की रोकथाम और बच्चों में नशा-मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत थाना साइबर फतेहाबाद द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

थाना साइबर फतेहाबाद की महिला सहायक उपनिरीक्षक सुनीता रानी ने बताया कि आज पुलिस टीम ने त्व.॥.स्. दौलतपुर, फतेहाबाद में छात्रों को साइबर क्राइम से बचाव, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग, मजबूत पासवर्ड रखने, ह्र्ञक्क/बैंक विवरण साझा न करने, फर्जी लिंक से सावधान रहने तथा साइबर बुलिंग जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। बच्चों को यह भी बताया गया कि किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की तुरंत सूचना अपने अभिभावकों या पुलिस को दें।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया। उन्हें नशे के दुष्प्रभाव, शारीरिक और मानसिक नुकसान तथा अपराध की ओर ले जाने वाले खतरों के बारे में सरल और प्रभावी ढंग से समझाया गया। बच्चों को पढ़ाई, खेलकूद और सकारात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और साइबर सुरक्षा व नशा-मुक्ति के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।

# कांग्रेस में फूट जगजाहिर, विपक्ष की भूमिका नहीं भाजपा की बनी सहयोगी : मंजीत कन्हेली

## इनेलो प्रदेश सचिव बोले- 28 दिसंबर को रोहतक में होगा ऐतिहासिक सम्मेलन

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 6 दिसंबर।** इनेलो के प्रदेश सचिव मंजीत कन्हेली ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस विपक्ष की नहीं बल्कि भाजपा की सहयोगी पार्टी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं की फूट भी जगजाहिर है और जिसका जीता जागता उदाहरण पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह द्वारा निकाली जा रही सदभावना यात्रा है, क्योकि इस यात्रा के दौरान कोई भी स्थानीय कांग्रेस नेता शामिल नहीं हो रहे है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सीएम हुड्डा जेल जाने के डर के कारण भाजपा की बी टीम बनकर काम कर रहे है।

मंजीत कन्हेली ने कहा कि 28 दिसंबर को रोहतक में होने वाला महासम्मेलन ऐतिहासिक होगा और इनेलो सुप्रीमों अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में भाजपा व कांग्रेस छोड़कर कई बड़े दिगज नेता अपने सैकडों समर्थकों के साथ इनेलो पार्टी में शामिल होगे।



इनेलो प्रदेश सचिव मंजीत कन्हेली शनिवार को पार्टी कार्यालय में कार्यकर्त्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्त्ताओं का आह्वान किया कि वह पार्टी की नीतियों को घर घर तक पहुंचाए और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी के साथ जोड़े। साथ ही उन्होंने भाजपा सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण लगातार शिक्षा व खेल का स्तर गिरता जा रहा है।

स्टेडियों की हालत जर्जर बनी हुई है और खिलाड़ी लगातार हादसों का शिकार हो रहे है, लेकिन सरकार के कानो पर जूं तक नहीं रेग रही। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी सबसे ज्यादा मैडल जीतकर देश का नाम रोशन करते है, लेकिन जब उन खिलाडियों के साथ कोई घटना घटती है तो सरकार मदद करने की बजाए अपना पल्ला झाड लेती है। उन्होंने इंटर नेशनल पैरा वेट लिफ्टिंग खिलाड़ी रोहित धनखड़ हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने को लेकर भी कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए और कहा कि दिनदिहाडे इंटर नेशनल खिलाडी की हमलावरों द्वारा हत्या कर दी जाती है और पीडित परिवार न्याय के लिए दर दर की ठोखरे खाने पर मजबूर है। उन्होंने कहा कि इनेलो पार्टी खिलाडि?ों के साथ है और अगर सरकार ने जल्द खिलाडी रोहित के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया तो इनेलो सरकार के खिलाफ सड? पर उतरेगी। इस अवसर पर कुलदीप सिंह, विशाल, संजू, मोनू, अजय, मास्टर जयसिंह, भोम सिंह, प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



## शांति निकेतन स्कूल में विज्ञान क्विज प्रतियोगिता आयोजित

अर्थ प्रकाश/आत्म राम

**फतेहाबाद, 6 दिसंबर।** शिक्षा व्यक्ति के मानसिक और बौद्धिक विकास को ब?ाती है और शिक्षा समाज व राष्ट्र की प्रगति में अहम भूमिका निभाती है। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति ज्ञान, मूल्य और कौशल प्राप्त करता है, जिससे वह आत्मनिर्भर और समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनता है। यह बात शांति निकेतन स्कूल, ढिंगसरा के प्रधानाचार्य श्री रणसिंह जी रेपस्वाल व डायरेक्टर श्री विजय सिंह बाघेला ने कक्षा तीसरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों के आयोजित विज्ञान क्विज प्रतियोगिता के दौरान कही।

उन्होंने बताया हमारे स्कूल का इतिहास रहा है कि वह बच्चों में छुपी प्रतिभा को पहचानकर उन्हें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। आज इसी क?ी को दोहराते हुए शांति निकेतन स्कूल एक नई सोच के साथ विद्यालय में विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन करवा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में ज्ञान के साथ-साथ आत्मविश्वास को ब?ावा देना है। उन्होंने बताया कि सबसे पहले कक्षा छठी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों की उनके पूरे विज्ञान विषय की लिखित परीक्षा ली गई, जिसमें से प्रत्येक कक्षा में टॉप 2 बच्चों का प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया।

प्रतियोगिता के लिए 6-6 बच्चों की अब्दुल कलाम, विलियम्स गिलवर्ट, रोबर्ट हुक व अल्वर्ट आईसटीन नाम से 4 टीमें बनाई गई। यह प्रतियोगिता डिजिटल बोर्ड के माध्यम से 10 राउंड में सम्पन्न करवाई गई, जिसमें कक्षा छठी से कक्षा 8वीं तक की विज्ञान प्रतियोगिता में रोबर्ट हुक टीम ने प्रथम, अल्वर्ट आईसटीन टीम ने द्वितीय व विलियम्स गिलवर्ट टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर में शनि शिला पर तेलाभिषेक के उपरांत हुआ पूजन

**कुरुक्षेत्र, 6 दिसम्बर (राजकुमार वालिया)।** मारकंडा नदी के तट पर श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर ठसका मीरां जी में शनिवार को श्रद्धालुओं ने शनि शिला पर अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी एवं अन्य संतों के सान्निध्य में विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ तेलाभिषेक किया। इस के उपरांत महंत जगन्नाथ पुरी ने पौष कृष्ण पक्ष की द्वितीया पर सर्वकल्याण की भावना से शिव मंदिर में पूजन एवं अभिषेक भी किया। महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि इस पूजन का विशेष महत्व है। इससे आध्यात्मिक एवं सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। इसके उपरांत उन्होंने सत्संग में बताया कि मानव जीवन में कर्म का बहुत महत्व है। मनुष्य की पहचान उसके कर्मों से होती है। वहीं मनुष्य को कर्मों के अनुसार ही फल मिलता है। मनुष्य को अच्छे कर्म करने चाहिएं। अच्छे कर्मों से मनुष्य समाज में सम्मान प्राप्त कर सकता है। महंत जगन्नाथ पुरी ने कहा कि मनुष्य के कर्म उसके जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं।

## आईएमटी एक्सपो 2025 का भव्य शुभारंभ उद्योग, नवाचार व सामाजिक सेवा का संगम

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** आईएमटी फरीदाबाद में आज आईएमटी एक्सपो 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रसिद्ध उद्योगपति एवं विक्टोरिया ग्रुप के सीएमडी एच एस बांगा, रेमको स्टील के सीएमडी प्रवेश मित्तल तथा इडको ऑटोटेक के सीएमडी एस के जैन ने रिबन काटकर और गणेश वंदना के साथ एक्सपो का विधिवत उद्घाटन किया।



मुख्य अतिथियों ने पूरे एक्ज़ीबिशन का भ्रमण कर प्रत्येक स्टॉल पर उत्पादों का अवलोकन किया और एक्ज़ीबिटर्स का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने एक्ज़ीबिटर्स को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

इस वर्ष का 5ह्लद्ध श्वस्रद्बह्लद्बश्ठ्ठ अब तक का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक एक्सपो माना जा रहा है। इसमें देश-विदेश की अग्रणी कंपनियों ने भाग लिया है। मशीनरी, ऑटो पार्ट्स, स्टील, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंडस्ट्रियल इनोवेशन और स्टार्टअप सेक्टर से जुड़े उन्नत उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। एक्ज़ीबिशन में उद्योग के साथ-साथ सामाजिक सेवा पर भी विशेष ज़ोर दिया गया है। इस अवसर पर ब्लड डोनेशन कैंप, हेल्थ चेकअप एवं मेडिकल कैंप, युवाओं के लिए रोजगार एवं करियर अवसरों के स्टॉल, इंडस्ट्रियल मेला और आकर्षक प्रदर्शनी क्षेत्र, दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम जैसी महत्वपूर्ण सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं, जो इस आयोजन को समाज के हर वर्ग के लिए उपयोगी बनाती हैं।

टीम द्धद्भह्स ने इंफ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षा, पार्किंग, फूड कोर्ट, विज़िटर सुविधाओं और ट्रैफिक मैनेजमेंट को पहले से कहीं बेहतर बनाकर इस आयोजन को वर्ल्ड-क्लास स्तर पर प्रस्तुत किया है।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर भाजपा नेताओं ने प्रदेश कार्यालय 'मंगलकमल' में दी विनम्र श्रद्धांजलि

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 6 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई द्वारा शनिवार को भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर प्रदेश कार्यालय 'मंगलकमल' में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका ने की, कार्यक्रम के संयोजक भाजपा नेता डॉ अशोक कुमार रंगा रहे।

मुख्य वक्ता मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर का संघर्ष, चिंतन और दूरदृष्टि भारत के लोकतांत्रिक ढांचे, सामाजिक न्याय और समान अधिकारों की मजबूत आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी डॉ. अंबेडकर के सपनों को साकार करने के संकल्प के लिए लगातार कार्यरत हैं। उन्होंने आगे कहा कि सामाजिक न्याय, दलित उत्थान, सबका साथङ्कसबका विकास तथा संविधानिक मूल्यों की रक्षा–इन सभी में बाबा साहेब की प्रेरणा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। कार्यक्रम संयोजकडॉ अशोक कुमार रंगा ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. अंबेडकर के पंच तीर्थो का विकास कर उन्हें वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाया है, जो भाजपा की विचारधारा और बाबा साहेब के प्रति गहरे सम्मान का सशक्त प्रतीक है तथा महापरिनिर्वाण दिवस यह संकल्प पुनः दोहराने का अवसर है कि सामाजिक समरसता, समान अधिकार और लोकतांत्रिक आदर्शो को और सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने कहा, ÷डॉ. आंबेडकर के विचार राष्ट निर्माण की मजबूत प्रेरणा हैं, और भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके मार्ग पर दृढ़ता से आगे बढ़ने के लिए संकल्पबद्ध है।÷अध्यक्षीय भाषण देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका ने कहा कि डॉ अम्बेडकर ने वोट का अधिकार सभी नागरिकों को देकर एक मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी जिस पर माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में चलकर आज भारत एक सशक्त राष्ट के रूप में विकसित हो रहा है। कार्यक्रम के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, हरिओम मितल भाली,जिला उपाध्यक्ष चैयरमैन उदयभान मलिक, सुखवीर चंदेलिया, गीता औहलयाण, कुलदीप रुड़की, जगदीश सैनी, अशोक वर्मा,रिंकू नागर, महासिंह दलाल,शिशपाल चौहान, डॉ दिनेश शास्त्री,अजय शर्मा, नरेश गौड़, कप्तान जसिया, फूल सिंह मोर, राकेश कलसन,नरेश खुंडिया, वीणा सिक्का, मनीष रतवाया ,अंकुश बिड्डू सांसी,सूबेदार धर्मवीर सिंह, एसडीओ रणबीर सिंह, मोहन आर्य,राजसिंह अंबेडकर, आजाद सिंह,विनय जालवाल,महताब सिंह, अमित कुमार, रिंकू कपूर,नवीन मेहरा,राज सिंह अम्बेडकर , अमित चौहान सहित सैक?ों भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।



# व्यापारियों के हक में गैंगस्टर भगाओ व्यापारी बचाओ निकालेंगे संकल्प रैली : निशांत शर्मा

### गैंगस्टर राज के खिलाफ शिव सेना हिंद की बड़ी हुंकार

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना

**होशियारपुर, 6 दिसंबर।** शिव सेना हिंद की एक विशेष बैठक शिव सागर महाकाली मंदिर में आयोजित की गई। इस अवसर पर बैठक में विशेष रूप से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निशांत शर्मा उपस्थित हुए। इस मोके निशांत शर्मा ने हिंदूवादी नेता रमन पूरी को शिव सेना हिंद का उत्तर भारत उपाध्यक्ष नियुक्त किया। इस मोके पंजाब समेत देश में बढ़ते आपराधिक तत्वों और संगठित गिरोहों (गैंगस्टर्स) के कारण व्यापारी समुदाय की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं व्यक्त करते हुए शिव सेना हिन्द ने आज 'गैंगस्टर भगाओ व्यापारी बचाओ संकल्प रैली' करने का ऐलान किया।



निशांत शर्मा ने कहा कि यह रैली पंजाब से शुरू होगी और पुरे पंजाब भर के साथ साथ हरियाणा और हिमाचल में भी निकाली जाएगी। शर्मा ने कहा कि इसका मुख्य यात्रा का उद्देश्य सरकार और प्रशासन का ध्यान राज्य के साथ साथ देश में सुरक्षा के बिगड़ते माहौल की ओर आकर्षित करना रहेगा, जिसने व्यापार और उद्योग पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव डाला है। शर्मा ने कहा कि इस यात्रा में शामिल व्यापारियों और उद्योगपतियों द्वारा राज्य सरकार और केंद्र सरकार से मांग की जाएगी कि व्यापारी वर्ग को धमकी और जान-माल के खतरे से मुक्ति दिलाई जा सके। साथ ही गैंगस्टर नेटवर्क का पूरी तरह से खात्मा किया जाए। प्रत्येक व्यापारिक क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए और व्यापारियों को सुरक्षा की लिखित गारंटी प्रदान की जाए। व्यापारियों से रंगदारी और धमकी के मामलों में फास्ट-ट्रैक अदालतों का गठन किया जाए ताकि अपराधियों को जल्द से जल्द सजा मिल सके और एक कड़ा संदेश जाए। राज्य में ईमानदार और सुरक्षित निवेश का माहौल सुनिश्चित किया जाए, ताकि व्यापारी बिना किसी डर के अपना व्यवसाय चला सकें और राज्य के आर्थिक विकास में योगदान दे सकें। निशांत शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ÷आज का व्यापारी डर के साये में जी रहा है। फिरौती भरे फोन कॉल और धमकी भरी चिट्ठियां हमारे रोज़मर्रा के जीवन का हिस्सा बन गई हैं। अगर सरकार ने तुरंत इस चुनौती का सामना नहीं किया, तो व्यापारी देश छोड़ने को मजबूर हो जाएंगे, जिसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमारी रैली का एक यही 'संकल्प' है या तो गैंगस्टर भागेंगे, या हम अपना कारोबार बंद कर देंगे। उन्होंने बताया कि इस रैली की शुरुआत करते हुए पंजाब, हरियाणा, हिमाचल के जिलों में शिव सेना हिन्द की कोर कमेटी के सभी सदस्यों का जत्था जिले के उच्च अधिकारियों को मिल कर यह सारी बातें उन के ध्यान में लाते हुए मांग पत्र सौपेंगा।

